CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, रविवार 25 जनवरी 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 81 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 14°C
न्यूनतम: 06°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 5 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



धर्म में राजनीति का बढ़ता हस्तक्षेप सही नहीं: मायावती पेज 2



बांग्लादेश टी-20 विश्वकप से बाहर, उनकी जगह खेलेगा स्कॉटलैंड: आईसीसी खेल टाइम्स



भारत से एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत टैरिफ हटाएगा अमेरिका! पेज 11




तापसी पन्नू की फिल्म 'अस्सी' का मोशन पोस्टर रिलीज पेज 11



लखनऊ: राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर उत्तर प्रदेश दिवस समारोह के दौरान प्रदर्शन करते कलाकार।

# 2047 तक उप्र बनेगा देश को दिशा देने वाला राज्य: शाह

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश दिवस के मौके पर शनिवार को कहा कि आज यह संकल्प लेने का दिन है कि वर्ष 2047 तक घनी आबादी वाला यह प्रदेश एक विकसित राज्य बनकर देश को नई दिशा देगा।

उन्होंने कहा कि वह देश, दुनिया और प्रदेश में रहने वाले प्रत्येक उत्तर प्रदेशवासी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। श्री शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश वह पावन भूमि है, जहां भगवान श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण, बाबा विश्वनाथ सहित अनेक युग-प्रवर्तकों की भूमि है। उन्होंने राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल का भ्रमण कर प्रसन्नता व्यक्त की और इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार

**केंद्रीय गृह मंत्री ने उत्तर प्रदेश दिवस के मौके पर कहा: आज यह संकल्प लेने का दिन**



जताया। गृह मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल राष्ट्र की चेतना और जागृति का केंद्र बनेगा। श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में निर्मित यह पार्क आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगा। उन्होंने बताया कि जिस स्थान पर कभी 65 एकड़ क्षेत्र में कूड़े का ढेर हुआ करता था, वहां आज एक भव्य और प्रेरणादायक स्थल तैयार किया गया है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' योजना को भाजपा के घोषणा पत्र में शामिल किया गया था, जो आज पूरे देश में लागू हो चुकी है। यहां प्रदेश के सभी जिलों के व्यंजनों का मेला लगा है और उत्तर प्रदेश के व्यंजन विश्वभर में अपनी पहचान बना चुके हैं। प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में डकैती और लूट की घटनाओं में बड़ी कमी आई है। साथ ही कनेक्टिविटी में भी व्यापक सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने हर कालखंड में देश को सुरक्षित और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आगामी चुनावों का उल्लेख करते हुए गृह मंत्री ने प्रदेश की जनता से भाजपा को प्रचंड बहुमत देने की अपील की। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियां विकास नहीं कर सकतीं। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासन में प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। उन्होंने दावा किया कि योगी सरकार ने भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण किया है और गरीबों के कल्याण के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गणतंत्र दिवस रिहर्सल के लिए मध्य दिल्ली में यातायात प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** दिल्ली यातायात पुलिस ने शनिवार को होने वाली गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल से पहले एक यातायात सलाह जारी की, जिसमें मध्य दिल्ली के कुछ हिस्सों में यातायात प्रतिबंधों की जानकारी दी गई है। सलाह के अनुसार, रिहर्सल सुबह 10:15 बजे विजय चौक से शुरू होगी और कर्तव्य पथ से होते हुए इंडिया गेट की ओर बढ़ेगी। पुलिस ने बताया कि समारोह के सुचारू संचालन के लिए, कर्तव्य पथ विजय चौक और इंडिया गेट के बीच सुबह 10:15 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक सभी प्रकार के यातायात के लिए बंद रहेगा। प्रतिबंधित समय के दौरान रफी मार्ग, जनपथ और मान सिंह रोड सहित प्रमुख चौराहों पर कर्तव्य पथ पर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। सलाह में आगे कहा गया है कि इंडिया गेट के आसपास सुबह 10:15 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

### नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने दिया कांग्रेस से इस्तीफा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सियासी जमीन मजबूत करने में जुटी कांग्रेस को शनिवार को बड़ा झटका लगा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, उप्र प्रभारी अविनाश पांडेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को अपना इस्तीफा प्रेषित किया है। इस्तीफे को उप्र जैसे महत्वपूर्ण राज्य में कांग्रेस के लिए एक बड़े सियासी झटके के रूप में देखा जा रहा है।

### तिरुवनंतपुरम नगर-निगम ने भाजपा पर लगाया जुर्माना

**तिरुवनंतपुरम।** तिरुवनंतपुरम नगर निगम ने भाजपा पर 19.7 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। ये जुर्माना पीएम मोदी के केरल दौरे के दौरान शहर में फुटपाथों पर फ्लेक्स बोर्ड लगाने पर लगाया गया है। बोर्ड लगाने से क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा था। तिरुवनंतपुरम नगर निगम के सचिव की शिकायत के बाद कैंटोनमेंट पुलिस ने शुक्रवार देर रात भाजपा जिला अध्यक्ष करमना जयन के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# युवाओं को नए अवसर मिलें, ये हमारा प्रयास: पीएम मोदी

## 18वें रोजगार मेले में प्रधानमंत्री ने 61 हजार से अधिक युवओं को नियुक्ति पत्र सौंपे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक बताते हुए कहा है कि सरकार देश की युवाशक्ति के लिए देश-दुनिया में नए-नए अवसर पैदा करने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है।

श्री मोदी ने शनिवार को यहां वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 18वें रोजगार मेले को संबोधित किया और 61 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी विभागों में नियुक्ति पत्र सौंपे। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2026 की शुरुआत लोगों के जीवन में नई खुशियां लेकर आई और साथ ही नागरिकों को उनके संवैधानिक कर्तव्यों से भी जोड़ा है। उन्होंने 23 जनवरी को पराक्रम दिवस, 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का उल्लेख करते हुए कहा कि आज का दिन इसलिए भी विशेष है क्योंकि इसी दिन संविधान ने 'जन गण मन' को राष्ट्रगान और 'वंदे मातरम' को राष्ट्रगीत के रूप में अपनाया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस महत्वपूर्ण दिन पर 61 हजार से अधिक युवा सरकारी सेवाओं के लिए नियुक्ति पत्र प्राप्त कर जीवन का नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। श्री मोदी ने इन नियुक्ति पत्रों को राष्ट्र निर्माण का निमंत्रण और विकसित भारत के निर्माण में तेजी लाने का संकल्प बताया। उन्होंने कहा कि अनेक युवा राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करेंगे, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था को सशक्त बनाएंगे, वित्तीय सेवाओं और ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करेंगे और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि युवाओं को कौशल से जोड़ना और उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता रही है।

**प्रधानमंत्री ने कहा: आज कई स्टार्टअप में महिला डायरेक्टर**

आज बड़ी संख्या में महिलाएं स्टार्टअप के साथ-साथ लघु एवं मध्यम उद्यमों में निदेशक और संस्थापक हैं, जबकि कई महिलाएं गांवों में सहकारी क्षेत्रों और स्वयं सहायता समूहों का नेतृत्व कर रही हैं, आज देश ने जीवन और व्यापार दोनों को आसान बनाने के उद्देश्य से सुधार की रफ्तार पकड़ ली है, जीएसटी में किए गए अगली पीढ़ी के सुधारों से युवा उद्यमियों और लघु एवं मध्यम उद्यमों को लाभ हुआ है, वहीं ऐतिहासिक श्रम सुधारों ने श्रमिकों और कर्मचारियों के लिए सामाजिक सुरक्षा को मजबूत किया है...

**- नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**



# चुनौतियों का सामना करने को युवाओं का सशक्त रहना जरूरी: राजनाथ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि अनिश्चितता के दौर से गुजर रही दुनिया में देश के युवाओं का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से सशक्त रहना तथा हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने युवाओं से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देशभर में आयोजित मॉक ड्रिल्स में जन-जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले साहसी और समर्पित राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेटों से प्रेरणा लेने का भी आह्वान किया। श्री सिंह ने शनिवार को यहां दिल्ली छावनी में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर में कैडेटों को संबोधित करते हुए एनसीसी को देश की 'दूसरी रक्षा पंक्ति' बताया, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में अपनी भूमिका असाधारण रूप से निभाई जब पूरा देश इस अभियान के दौरान अपनी सशस्त्र सेनाओं के साथ खड़ा था। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में स्थित आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट किया, जो पहलगाम में हुए दुर्भाग्यपूर्ण और कायराना आतंकी हमले का करारा जवाब था। हमारे सैनिकों ने साहस और संयम के साथ कार्रवाई की। हमने केवल उन्हीं को निशाना बनाया जिन्होंने हमें चोट पहुंचाई, किसी और को नहीं। यह इसलिए संभव हो पाया क्योंकि हमारे सैनिक शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूत हैं। रक्षा मंत्री ने युवाओं की तुलना महाभारत के अभिमन्यु से की जो किसी भी प्रकार के चक्रव्यूह में प्रवेश करना और उससे विजई होकर बाहर निकलना जानते हैं। उन्होंने युवाओं से सरकार के 'विकसित भारत 2047' के विजन को साकार करने में योगदान देने का आह्वान किया।



**रक्षा मंत्री ने एनसीसी के कैडेटों से प्रेरणा लेने का भी किया आह्वान**

# सीएम धामी ने दिए DIG के निलंबन के आदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा विभाग में वर्दीसामग्री खरीद से जुड़े घोटाले में संलिप्त पाए जाने पर निदेशक होमगार्ड (डिप्टी कमांडेंट) अमिताभ श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मामले की जांच के लिए संयुक्त जांच समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं।

प्रकरण वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान होमगार्ड्स के लिए वर्दीसामग्री की खरीद प्रक्रिया से जुड़ा है, जिसमें टेंडर प्रक्रिया में वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आए थे। महानिदेशक, होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा, देहरादून की ओर से शासन को भेजी गई रिपोर्ट में टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता के अभाव और नियमों के उल्लंघन की बात सामने आई। महादिनदेशक की संतुति पर सीएम धामी ने डिप्टी कमांडेंट को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए संयुक्त जांच समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री धामी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और किसी भी स्तर पर अनियमितता या भ्रष्ट आचरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा विभाग में वर्दी सामग्री खरीद से जुड़े घोटाले में कार्रवाई**



जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले के बनिहाल के पास भारी बर्फबारी के बाद बर्फ से ढके जम्मू- श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहन फंस गए। अधिक बर्फबारी होने के कारण राजमार्ग लगातार दूसरे दिन भी बंद रहा।

### बारिश के बावजूद दिल्ली की हवा 'खराब' श्रेणी में बरकरार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को हुई बारिश और तापमान में गिरावट के बावजूद शनिवार को एक्यूआई 'खराब' श्रेणी में बनी रही। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, शहर के कुछ इलाकों में प्रदूषण का स्तर अब भी 'बेहद खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया है। आंकड़ों के मुताबिक शनिवार सुबह दिल्ली का औसत एक्यूआई 'खराब' श्रेणी में रहा, जिसमें सूक्ष्म कणों (पीएम 2.5) की अधिकता देखी गई।

# कर्तव्य पथ पर पहली बार दिखेगी सेना की रणभूमि व्यहू रचना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस परेड में इस बार ऐतिहासिक कर्तव्य पथ पर पहली बार सेना की रणभूमि व्यूह रचना यानी 'बैटल एरे' की दुर्लभ झलक दिखाई देगी, जिसमें सेना अपने सशक्त और भविष के किसी भी तरह के युद्ध के लिए तैयार स्वरूप का प्रदर्शन करेगी। यह ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को श्रद्धांजलि होगी।

इसके अंतर्गत सेना के जवान पहली बार एक विशिष्ट और अनोखी रणभूमि व्यूह रचना बैटल एरे फॉर्मेशन में दिखाई देंगे। इसमें दर्शकों को आधुनिक युद्धक्षेत्र में एकीकृत,नेटवर्क-सक्षम और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस बल के रूप में सेना की तैनाती और युद्ध प्रणाली की दुर्लभ झलक देखने को मिलेगी। सेना की झांकी में एक एकीकृत संचालन केंद्र को प्रदर्शित किया जाएगा, जो सुदर्शन चक्र के सुरक्षा कवच के अंतर्गत संयुक्त योजना, सटीक लक्ष्य निर्धारण और वायु रक्षा को दर्शाएगा, तथा यह बताएगा कि आधुनिक युद्धों की योजना और क्रियान्वयन वास्तविक समय में कैसे किया जाता है। परेड के इतिहास में पहली बार भारतीय सेना के मार्चिंग और यांत्रिक कॉलम को युद्ध-केंद्रित आक्रामक फार्मेशन में संगठित किया जाएगा, जिसमें यह दिखाया जाएगा कि सैन्य अभियानों के दौरान बलों का उपयोग किस क्रम में किया जाता है। 'बैटल एरे' एक तैयार, सक्षम और त्वरित जवाबी कार्रवाई वाली भारतीय सेना को प्रतिबिंबित करता है, जिसमें खुफिया, निगरानी और टोही तत्व, यांत्रिक बल, विमानन संसाधन, स्पेशन फोर्स, तोपखाना, वायु रक्षा और लॉजिस्टिक्स को एक सुसंगठित संचालन ढांचे में एकीकृत किया गया है। यह व्यूह रचना डेटा-केंद्रित अभियानों, लंबी दूरी की सटीक मारक प्रणालियों और स्वदेशी प्लेटफॉर्मों के माध्यम से शत्रु क्षेत्र में गहराई तक निगरानी, निर्णय लेने और प्रहार करने की भारतीय सेना की क्षमता को दर्शाती है।



**सेना अपने सशक्त और भविष के किसी भी तरह के युद्ध के लिए तैयार स्वरूप का प्रदर्शन करेगी**

# यूपी समेत पांच राज्यों में बारिश

**नई दिल्ली।** देश के सबसे उत्तरी 3 राज्यों जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में गुरुवार-शुक्रवार से शुरू हुई बर्फबारी देर शाम तक चली। शिमला, मनाली, मसूरी, कटरा में चारों तरफ बर्फ ही बर्फ नजर आ रही है।

उधर, उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली और जम्मू के डोडा में पिछले 24 घंटे से रुक-रुककर बर्फबारी हो रही है। मैदानी इलाकों में लगभग एक फुट और ऊपरी पहाड़ी क्षेत्रों में 2-3 फीट बर्फ जम गई है। श्रीनगर एयरपोर्ट शनिवार को भी नहीं खुल सका। एनएच-44 लगातार दूसरे दिन बंद है। मौसम विभाग ने तीनों राज्यों में ऊंचे इलाकों में एवलांच (हिमस्खलन) की चेतावनी जारी की है। इधर वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से राजस्थान में ओले-बारिश के बाद तापमान 10 डिग्री तक गिर गया है। राज्य के इकलौते हिल स्टेशन माउंट आबू में पारा माइनस 7 डिग्री तक पहुंच गया। सीकर में ओस जम गई।

**उत्तरकाशी-चमोली में 24 घंटे से रुक-रुककर बर्फबारी**

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य की जनता को बधाई दी और कहा कि बीते नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने बीमारू श्रेणी से बाहर निकलकर बेमिसाल प्रदेश बनने का गौरवपूर्ण सफर तय किया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच पर जारी अपने संदेश में कहा कि भारतीय संस्कृति और विरासत की समृद्धि में उत्तर प्रदेश का अमूल्य योगदान रहा है। उन्होंने लिखा कि भारतीय संस्कृति और विरासत की समृद्धि में अमूल्य योगदान देने वाले उत्तर प्रदेश के अपने सभी परिवारजनों को राज्य के स्थापना दिवस की बहुत-बहुत बधाई।

### श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना किन्नर अखाड़ा

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम की रेती पर आयोजित माघ मेले में किन्नर अखाड़ा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। माघ मेले के सेक्टर छह में स्थित किन्नर अखाड़े के शिविर में आए किन्नर संत न केवल कल्पवास कर रहे हैं, बल्कि प्रमुख स्नान पर्वों पर धूमधाम से पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी भी लगा रहे हैं। इसके साथ ही किन्नर अखाड़े में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान अघोर तंत्र साधना भी की जा रही है। किन्नर अखाड़े में हर दिन शाम को आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जमकर भीड़ उमड़ रही है। माघ मेले में किन्नर संतों द्वारा हर दिन कृष्ण की लीलाओं का मंचन किया जा रहा है। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी पहुंच रहे हैं। किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर और यूपी की प्रदेश अध्यक्ष स्वामी कल्याणी नंद गिरी उर्फ छोटी मां ने देर शाम भगवान श्री कृष्ण की रास लीला का मंचन किया।

# उप्र दिवस पर पांच जिलाधिकारी सम्मानित

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में बेहतर प्रदर्शन पर मिला सम्मान

शाह टाइम्स ब्यूरो




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले पांच जिलों के जिलाधिकारियों को सम्मानित किया।

राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में श्री शाह ने एक जनपद-एक व्यंजन (ओडीओसी) का शुभारंभ किया। मुख्य समारोह में इस पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई। विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश थीम पर आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाली पांच प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। पुरस्कार स्वरूप उन्हें 11 लाख रुपये, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले पांच जनपदों के जिलाधिकारी भी सम्मानित किए गए। केंद्रीय गृह मंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन योजना का भी शुभारंभ किया। गृह मंत्री के हाथों विग कमांडर शुभांशु शुक्ल को अंतरिक्ष यात्रा,अलख पांडेय को शिक्षा, उद्यमिता व स्वावलंबन के क्षेत्र में, सुश्री रश्मि आर्य को शिक्षा एवं नवाचार के लिए, डा. हरिओम पंवार को साहित्य तथा डा. सुधांशु सिंह को कृषि क्षेत्र में उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। इसके अलावा सीएम युवा योजना के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले डीएम जौनपुर डा. दिनेश चंद्र,डीएम आजमगढ़ रवींद्र कुमार, डीएम हरदोई अनुनय झा, डीएम अंबेडकरनगर अनुपम शुक्ल और डीएम झांसी मृदुल चौधरी को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान थीम सांग 'उत्तर प्रदेश-उत्तम प्रदेश' ने उत्तर प्रदेश की महिमा का वर्णन किया। इसके पश्चात राष्ट्र प्रेरणा स्थल के मंच पर 'संपूर्ण उत्तर प्रदेश' उतर पड़ा, जब ब्रज, बुंदेली, अवधी, भोजपुरी बोलियों के सांस्कृतिक संगम में अतिथियां ने आनंद की डुबकी लगाई।

# भारत की विकास यात्रा में एक मजबूत आधार स्तंभ रही है उप्र की धरती :मुर्मू

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं हैं। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को मेरी शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि गौरवशाली इतिहास और समृद्ध संस्कृति की यह धरती भारत की विकास यात्रा में एक मजबूत आधार स्तंभ रही है।

उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि उत्तर प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा। मैं इस राज्य के मेहनती और प्रतिभाशाली लोगों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने प्रदेश के निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहने की कामना भी की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मेरे प्रिय प्रवासी बहनों और भाइयों, विदेश में रहकर अपने परिश्रम, प्रतिभा और मूल्यों के माध्यम से आपने उत्तर प्रदेश और भारत का मान वैश्विक मंच पर बढ़ाया है। हमारी सरकार आपके अनुभव और ज्ञान को प्रदेश की विकास यात्रा से जोड़ने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आप सभी को उत्तर प्रदेश दिवस की हृदय से बधाई और मंगलमय शुभकामनाएं। उन्होंने युवाओं से विचार, तकनीक और चरित्र में आत्मनिर्भर बनने तथा राष्ट्रीय सुरक्षा, नवाचार और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इसके लिए उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में सेना शाखा और भारतीय सेना इंटर्नशिप कार्यक्रम 2025-26 जैसी पहलों का उल्लेख किया।

# जातिगत जनगणना केवल भाजपा का जुमला: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जातिगत जनगणना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का केवल जुमला है। केंद्र सरकार द्वारा जारी जनगणना की अधिसूचना में जाति का कोई कॉलम ही नहीं है, ऐसे में गिनती किस बात की होगी।

श्री यादव ने शनिवार को फेसबुक पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि भाजपा का सीधा फार्मूला है, गिनती होगी और न ही आनुपातिक आरक्षण व अधिकार देने के लिए कोई जनसांख्यिकीय आधार तैयार होगा।ष उन्होंने इसे पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समाज के खलिाफ एक सुनियोजित साजशि बताया। सपा अध्यक्ष ने कहा कि आज भाजपा पर भरोसा करने वाले लोग खुद को ठगा हुआ और अपमानित महसूस कर रहे हैं। उनका दावा है कि जो भाजपा कार्यकर्ता और नेता अब तक जातिगत जनगणना कराने का दावा कर रहे थे, वे अब अपने समाज में जवाब देने की स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे लोग अब भाजपा के झंडे और प्रतीक हटाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए समाज को अपने मान-सम्मान, आरक्षण और अधिकारों की लड़ाई खुद लड़नी होगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जब इस मुद्दे पर विरोध तेज होगा तो भाजपा इसे टाइपिंग मिस्टेक बताकर बचने की को. शिश करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा अब पूरी तरह से बेनकाब हो चुकी है और जनता उसके इरादों को समझ चुकी है। अखिलेश यादव ने भाजपा पर वचन से मुकरने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब वचन-विमुखी शब्द का अर्थ ही भाजपा बन चुका है। उल्लेखनीय है कि संभल में एक हिन्दू महंत की याचिका पर सिविल अदालत ने शाही जामा मस्जिद का 'कमिश्नर एडवोकेट सर्वे' का आदेश पारित किया था।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद विवाद पर इशारा करते हुए बोलीं मायावती

# धर्म में राजनीति का बढ़ता हस्तक्षेप सही नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो



राजनीतिक स्वार्थ के लिए धर्म को राजनीति और राजनी. ति को धर्म से जोड़ने का खतरा हमेशा से बना रहा है: पूर्व सीएम

**लखनऊ।** माघ मेला में शंक. राचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद विवाद की ओर इशारा करते हुए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने कहा कि धर्म,पर्व आदि में राजनीतिक लोगों को बढ़ता हस्तक्षेप सही नहीं है और इसे लेकर आमजन में दुख और चिंता लाजिमी है।

सुश्री मायावती ने शनिवार को कहा कि राजनीतिक स्वार्थ के लिए धर्म को राजनीति और राजनीति को धर्म से जोड़ने का खतरा हमेशा से बना रहा है जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण माघ मेला में स्नान को लेकर उपजा विवाद है जिसमें एक दूसरे का अनादर और आरोप प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। देश का संविधान और कानून जनहित के कार्य को ही राष्ट्रीय धर्म मानता है और धर्म को राजनीति से दूर रहने की नसीहत देता है ताकि जनप्रतिनिधि अपने कर्तव्य का सही ढंग से इस्तेमाल कर सकें।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि उत्तर प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश के अन्य राज्यों में भी किसी भी धर्म के पर्व, त्योहार, पूजापाठ, स्नान आदि में राजनीतिक लोगों का हस्तक्षेप एवं प्रभाव पिछले कुछ वर्षो से काफी बढ़ गया है, जो नए-नए विवाद, तनाव व संघर्ष आदि का कारण बन रहा है, यह सही नहीं है तथा इन सबको लेकर लोगों में दुख एवं चिन्ता की लहर स्वाभाविक है। वास्तव में संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ के लिए धर्म को राजनीति तथा राजनीति को धर्म से जोड़ने के कई खतरे हमेशा बने रहते हैं तथा प्रयागराज में स्नान आदि को लेकर चल रहा विवाद, एक-दूसरे का अनादर व आरोप-प्रत्यारोप इसका ताजा उदाहरण है। इससे हर हाल में जरूर बचा जाना ही बेहतर। बसपा सुप्रीमो ने लिखा कि वैसे भी देश का संविधान व कानून ईमानदारी से जनहित व जनकल्याणकारी कर्म को ही वास्तविक राष्ट्रीय धर्म मानकर राजनीति को धर्म से तथा धर्म को राजनीति से दूर रखता है, जिस पर सही नीयत व नीति से अमल हो, ताकि राजनेतागण अपना सही संवैधानिक दायित्व, बिना किसी द्वेष व पक्षपात के, सर्वसमाज के सामाजिक, राजनी. तिक व आर्थिक हित में ईमानदारी व निष्ठापूर्वक निभा सकें, वर्तमान हालात में भी लोगों की यही अपेक्षा। सुश्री मायावती ने उत्तर प्रदेश दिवस की सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। ये फसल उत्सव नई शुरुआत, आशा, खुशियां लेकर आएं और आपके जीवन को आनंद और समृद्धि से भर दें।

### केशव मौर्य जैसे समझदार को होना चाहिए मुख्यमंत्री: स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

**प्रयागराज।** ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने शनिवार को कहा कि प्रदेश का मुख्यमंत्री किसी अहंकारी के बजाय केशव प्रसाद मौर्य जैसे समझदार व्यक्ति को होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पद पर ऐसा व्यक्ति नहीं होना चाहिए, जो जिद्दी हो और बदले की भावना से काम करता हो। शंकराचार्य ने श्री मौर्य के उस बयान का स्वागत किया जिसमें उन्होंने शंकराचार्य से जुड़ी घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया था। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि श्री मौर्य समझते हैं कि इस मामले को और नहीं बढ़ाया जाना चाहिए, क्योंकि वह जानते हैं कि इससे पार्टी को नुकसान हो रहा है। इससे पहले उपमुख्यमंत्री मौर्य ने शंकराचार्य से अपना विरोध प्रदर्शन समाप्त करने की अपील की थी।



सेंसेक्स 83382.71
निफ्टी 25665.60



सोना रु. 138450
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 254620
प्रति किलो



# प. बंगाल में बेटियों को जीवन के हर पड़ाव पर सशक्त किया जा रहा : ममता

नई दिल्ली, वार्ता



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि बंगाल में बेटियों को सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि उनके जीवन के हर चरण में सहयोग दिया जाता है।

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सुश्री बनर्जी ने बालि. काओं को ष्हमारे समाज की भावी शिल्पकार बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस पर मैं बंगाल और पूरे भारत की हर बेटी को अपना स्नेह और आशीर्वाद देती हूं। बंगाल में हम बालिका को केवल एक दिन नहीं मनाते, बल्कि वर्ष के हर दिन और उसके जीवन के हर मोड़ पर उसे सशक्त बनाते हैं।ष सुश्री बनर्जी ने कहा कि राज्य में बालिकाओं के सशक्तिकरण की यात्रा जन्म से शुरू होकर शिक्षा और वयस्कता तक निरंतर चलती है। उन्होंने सामाजिक और आर्थिक बाधाओं को दूर करने के लिए चलाई जा रही कई प्रमुख योजनाओं का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने 'कन्याश्री' योजना को वैश्विक स्तर पर सराही गई पहल बताते हुए कहा कि इस योजना के तहत अब तक एक करोड़ से अधिक बालि. काओं को आर्थिक सहायता दी जा चुकी है, ताकि वे शिक्षा से जुड़ी रहें और बाल विवाह को रोका जा सके। विद्यालय तक पहुंच आसान बनाने के लिए उन्होंने 'सबूज साथी' योजना का जिक्र किया, जिसके तहत छात्रों को साइकिल प्रदान की जाती है, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में। इसके अलावा उन्होंने शिक्षा क्षेत्र की अन्य योजनाओं-शिक्षाश्री, ऐक्यश्री, मेधाश्री और तरुणेर स्वप्न के साथ-साथ निष्शुल्क पाठ्य पुस्तकें, स्कूल यूनिफॉर्म, जूते और मध्यान्ह भोजन का भी उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन प्रयासों से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि गरीबी या संसाधनों की कमी के कारण कोई भी लड़की पढ़ाई बीच में न छोड़ें।

# नोएडा प्राधिकरण के नए सीईओ बने कृष्णा करुणेश

**लखनऊ।** नोएडा प्राधिकरण में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा बदलाव करते हुए 2011 बैच के आईएएस अधिकारी कृष्णा करुणेश को नया मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। उन्होंने लोकेश एम की जगह यह जिम्मेदारी संभाली है। इससे पहले कृष्णा करुणेश नोएडा प्राधिकरण में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ) के पद पर कार्यरत थे। कृष्णा करुणेश इससे पूर्व गोरखपुर के जिलाधिकारी के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं। जिलाधिकारी रहते हुए उन्होंने प्रशासनिक सख्ती, कानून-व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने और विकास कार्यों की सख्त निगरानी के जरिए अपनी अलग पहचान बनाई थी। उनके कार्यकाल के दौरान अनुशासन, त्वरित निर्णय और जवाबदेही पर विशेष जोर दिया गया था।

बताया जा रहा है कि यह नियुक्ति ऐसे समय पर की गई है, जब नोएडा के सेक्टर-150 में इंजीनियर युवराज मेहता की मौत का मामला लगातार सुर्खियों में रहा है। इस प्रकरण को लेकर सिस्टम की लापरवाही, अधिकारियों की जवाबदेही और प्रशासनिक भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं संज्ञान लिया था और जांच के लिए विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन भी किया गया था। सूत्रों के मुताबिक, नए सीईओ के रूप में कृष्णा करुणेश से नोएडा प्राधिकरण में प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ाने, जवाबदेही तय करने और विकास कार्यों में सख्ती लाने की अपेक्षा की जा रही है। खासतौर पर बिल्डर प्रोजेक्ट्स, निर्माण स्थलों की सुरक्षा, अधिकारियों की जिम्मेदारी और नागरिक सुविधाओं से जुड़े मामलों पर उनकी प्राथमिकता रहने की संभावना है।

# चावल , गेहूं, दालें नरम ,चीनी के दाम बढ़े , खाद्य तेलों में घट-बढ़ दर्ज हुई

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गए। गेहूं और दालों में भी गिरावट देखी गई। चीनी महंगी हुई जबकि खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 51 रुपये टूटकर 3,818 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं नौ रुपये सस्ता हुआ और 2,839 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा नौ रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में भी गिरावट का रुख रहा। तुअर दाल की औसत कीमत 77 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। चना दाल 53 रुपये और उड़द दाल 35 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल में सात रुपये और मूंग दाल में चार रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 132 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल की कीमत भी 33 रुपये बढ़ गई। वहीं, मूंगफली तेल 293 रुपये और वनस्पति 37 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 36 रुपये और सोया तेल की 25 रुपये प्रति क्विंटल घटी। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 35 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए जबकि चीनी सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे-दाल-दलहन : दाल चना 7732.66 रुपये, मसूर काली 8094.61 रुपये, मूंग दाल 10101.26 रुपये, उड़द दाल 10413.24 रुपये, तुअर दाल 10564.92 रुपये प्रति क्विंटल।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2839.01 रुपये और चावल 3818.48 रुपये प्रति क्विंटल। आटा द्धगेहूंऋ 3298.87 रुपये प्रति क्विंटल।

चीनी.गुड़ : चीनी एस 4288. 20 रुपये और गुड़ 4981.68 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।खाद्य तेल : सरसों तेल 17563.37 रुपये, मूंगफली तेल 17764.72 रुपये, सूरजमुखी तेल 16059.25 रुपये, सोया तेल 13839.77 रुपये, पाम ऑयल 12545.23 रुपये और वनस्पति 14479.92 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# बर्फबारी के चलते दूसरे दिन भी कश्मीर का संपर्क कटा , हवाई सेवा बहाल हुई

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश और बर्फबारी के एक दिन बाद शनिवार को पूरी कश्मीर घाटी कड़ाके की ठंड की चपेट में रही और दूसरे दिन लगातार इस क्षेत्र का संपर्क देश के बाकी हिस्सों से कटा रहा। गुरुवार रात शुरू हुई हिमपात और बारिश शुक्रवार रात रुक गई थी लेकिन इसका सामान्य जनजीवन पर गहरा असर पड़ा। सामरिक रूप से महत्वपूर्ण श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कई प्रमुख मार्ग अब भी बंद हैं, लेकिन श्रीनगर एयरपोर्ट पर मौसम के कारण अस्थाई रूप से बाधित हुई उडान सेवा आंशिक रूप से दोबारा से शुरू हो गई है।

हवाईअड्डा निदेशक जावेद अंजुम ने कहा कि श्रीनगर एयरपोर्ट पर ऑपरेशन फिर से शुरू हो गए हैं और दो विमान यहां उतरे हैं। उन्होंने कहा कि स्थिति में सुधार होते ही परिचालन पूरी तरह बहाल कर दिया जाएगा। इससे पहले दिल्ली हवाई अड्डे पर और खराब मौसम के कारण आज सुबह श्रीनगर एयरपोर्ट पर कई उड़ानें रद्द भी करनीं पड़ीं थीं।ष हिमपात के आंकड़ों पर नजर डालें, तो प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में सबसे अधिक 1.7 फुट बर्फ दर्ज की गई। इसके अलावा कोक. रनाग और पहलगाम में डेढ़-डेढ़ फुट, बटोत में 1.4 फुट, भद्रवाह में एक फुट, बनिहाल में 0.7 फुट और काजीगुंड में 0.3 फुट हिमपात हुआ। गुरुवार शाम को शक्तिशाली पश्चिमी विक्षोभ ने महज दो दिनों में लगभग महीने भर की बारिश के बराबर पानी बरसाया है, जिससे घाटी में लंबे समय से चल रहा सूखे जैसे हालात खत्म हो गए। हिमपात के बाद पूरी घाटी में न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 1.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि काजीगुंड में यह शून्य से नीचे 4.2 डिग्री रहा। पहलगाम में तापमान गिरकर शून्य से नीचे 7.6 डिग्री, कुपवाड़ा में शून्य से नीचे 4.0 डिग्री और कोकरनाग में शून्य से नीचे 6.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। गुलमर्ग घाटी का सबसे ठंडा स्थान रहा जहां न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 12.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं सोनमर्ग में शून्य से नीचे 10-5 डिग्री रहा। दक्षिण और मध्य कश्मीर के पुलवामा में शून्य से नीचे 3.4 डिग्री और शोपियां में न्यनूतम तापमान शून्य से नीचे 7.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ अब कमजोर पड़ गया है लेकिन अगले कुछ दिनों तक कड़ाके की ठंड जारी रहने के आसार हैं। 26 और 27 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और हिमपात हो सकता है।

## एमएसएमई के लिए ज्यादा ऋण, जीएसटी छूट की सीमा बढ़ाने की मांग

**नई दिल्ली।** भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट ने लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यमों को ज्यादा ऋण देने और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत छूट की सीमा 40 लाख रुपये सालाना से बढ़ाकर 1.5 करोड़ रुपये करने की मांग की है। ट्रस्ट के संस्थापक एवं प्रबंध न्यासी लक्ष्मी वेंकटरमन वेंकटेशन ने बजट से अपेक्षाओं पर एक प्रेस नोट साझा करते हुए कहा कि पिछले 10-11 साल में काफी प्रगति हुई है। इसके बावजूद, लगभग 30 लाख करोड़ रुपये के ऋण की कमी है। वर्तमान समय में केवल 16.19 प्रतिशत एमएसएमई तक ही औपचारिक ऋण की पहुंच है, जिसे 2028 तक कम से कम 25 प्रतिशत तक बढ़ाना आवश्यक है ताकि षविकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार किया जा सके। उन्होंने मुद्रा योजना के अंतर्गत विशेषकर शिशु श्रेणी में औसत ऋण 37,000 रुपये से बढ़ाने, चार प्रतिशत तक ब्याज सब्सिडी तथा शून्य या न्यूनतम प्रसंस्करण शुल्क लगाने की मांग की। उन्होंने 15 दिन के भीतर जीएसटी रिफंड चक्र लागू करने और विलंबित भुगतान पर 12 प्रतिशत वैधानिक ब्याज सुनिश्चित करने की भी मांग की है।

# जब गणतंत्र दिवस परेड देखने पहुंचे महान मुक्केबाज मोहम्मद अली

नई दिल्ली, वार्ता

अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा से लेकर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तक दुनिया के कई बड़े नेता भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बन चुके हैं, लेकिन कर्तव्य पथ पर किसी विदेशी मेहमान को वैसा गर्मजोशी भरा स्वागत शायद ही मिला हो जैसा दक्षिण अफ्रीका के स्वतंत्रता सेनानी नेल्सन मंडेला और महान मुक्केबाज मोहम्मद अली को मिला था।

दक्षिण अफ्रीका के गांधीवादी नेता नेल्सन मंडेला 1995 की गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि थे। जब तक मंडेला वहां मौजूद रहे, दर्शक लगातार उनका नाम दोहराते रहे। उस दृश्य के गवाह रहे लोग कहते हैं कि राजपथ पर किसी विद. शी राष्ट्राध्यक्ष का ऐसा उत्साहपूर्ण स्वागत पहले कभी नहीं देखा गया था। मंडेला की तरह ही कर्तव्य पथ पर मौजूद विशाल



जनसमूह ने मुक्केबाज मोहम्मद अली का भी तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया था। वह 1976 की परेड में विशेष अतिथि थे, जब वे अपने करियर के शिखर पर और एक वैश्विक आइकन थे। तब कर्तव्य पथ को ही राजपथ कहा जाता था। साल 2022 में केंद्र सरकार ने राजपथ का नया नाम कर्तव्य पथ कर दिया था। इससे पहले यह मार्ग किंग्सवे नाम से जाना जाता था। बॉक्सर मोहम्मद अली परेड शुरू होने से कुछ मिनट पहले ही अपनी सीट पर बैठे थे। जैसे ही लाउडस्पीकर पर उनके आगमन की घोषणा हुई, हजारों लोगों ने शोर मचाकर उनका अभिवादन किया। उस वर्ष मशहूर कमेंटेटर जसदेव सिंह आंखों देखा हाल सुना रहे थे। उन्होंने बताया था कि कैसे मोहम्मद अली हवा में मुक्का लहराकर अपने प्रशंसकों का जवाब दे रहे थे। जब भी वे ऐसा करते, भीड़ उत्साह से भर जाती। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी मोहम्मद अली को देखते हुए बार-बार मुस्कुराती नजर आई थीं। उस समय की परेड की तुलना में आज सुरक्षा कारणों से परेड के स्वरूप में भी बदलाव आए हैं। संसद पर 13 दिसम्बर 2001 को हुए आतंकी हमले के बाद 2002 में पहली बार परेड का मार्ग छोटा किया गया। तब से परेड इंडिया गेट, आईटीओ और दरियागंज होते हुए लाल किले पर समाप्त होती है। इससे परेड का कनॉट प्लेस से गुजरना बंद हो गया, जिससे दिल्लीवासी शहर के दिल कहे जाने वाले इस हिस्से से परेड देखने के आनंद से वंचित हो गए।

# स्थापना दिवस पर 101 अभियंताओं को किया सम्मानित

## डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ का अटल विश्वास का 104वां स्थापना दिवस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** लोनिवि डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ का शताब्दी स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि प्रमुख अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष इं. ए.के.द्विवेदी, प्रमुख अभियंता परिकल्प एवं नियोजन इं. विजय कनौजिया ने समारोह का उद्‌घाटन दीप प्रज्जवलित कर किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि वास्तविकता यह है कि अटल विश्वास का 104 वां स्थापना दिवस वाकई संघ एवं विभाग के लिए गर्व का विषय होना चाहिए। किसी संघ का निर्विवाद रूप से सौ का आंकडा वह भी विशेष उपलब्धियों के साथ पूरा करना इस बात का प्रमाण है कि संघ के प्रति सदस्यों का विश्वास अटल है। उन्होंने डि।लोमा इंजी. नियर से कहा कि देश के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है इसलिए उनका फर्ज है कि वे सरकार की प्राथमिकता को ध्यान में रखकर विकास कार्यो में अपनी भागीदारी दर्ज कराये।

सबसे खास बात यह कि डिप्लोमा इंजीनियर्स की संख्या विभाग में सर्वाधिक है। हमने संघ के साथ ही बैठकर अधिकत्तर समस्याओं का निराकरण किया और कराया है। संघ के 104 स्थापना दिवस समारोह में संघ द्वारा 61 से 93 वर्ष के 101 सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस दौरान संघ द्वारा इं. भरतजी गु।ता और इं. रामकिशन प्रसाद को संघ रत्न से सम्मानित किया गया।

स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष इं. एन.डी . द्विवेदी ने कहा कि आज संघ एक वटवृक्ष की तरह अपने सदस्यों की रक्षा के लिए खड़ा है। हमारे अग्रजों ने इसके लिए बड़ी कुर्बानिया दी है। संघ ने काफी कुछ हासिल किया है। संघ को आईएसओ अवार्ड से भी नवाजा जा चुका है। हमारा पूरा प्रयास है कि हम संघ की गरिमा को बनाए रखकर अपने सदस्यों के हितार्थ प्रयासों को जारी रखेगें। हमारा एवं संघ के प्रत्येक पदाधिकारी का एक महत्वपूर्ण दायित्व यही है कि किसी भी प्रकार से किसी सदस्य का कोई अहित न हो इसके लिए संघ एवं संघ के पदाधिकारी हमेशा सजग और सर्तक रहते है। स्थापना दिवस के अवसर पर इ. दिवाकर राय, इं. एल.एन. सचान, इं. अमरनाथ, इं. भार्गेवेन्दु मिश्रा, इं. संतोष श्रीवास्तव, इं. संतोष मिश्रा, इं. मिनाजुल हक, इं. ए.के.पाण्डेय, इं. संजय कुमार पाण्डेय, इं. आर.पी. यादव, इं. ए.के.मिश्रा, इं. हेमेन्द्र प्रताप सहित 101 सेवानिवृत्त अभियंताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन इं. राजर्षि त्रिपाठी ने किया। स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अभियंता विद्युत यांत्रिक इ. यू.के. सिंह, ,ड।लोंमा इंजीनियर्स महासंघ के अध्यक्ष इं. एच.एन. मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष एस.पी. मिश्रा, शिवशंकर दुबे, विद्युत जूनियर इंजीनियर्स संघ के अध्यक्ष इं. जे.बी. पटेल, इं.ओ. पी. यादव, इं. वी.के. पाण्डेय, इ. राघवेन्द्र गु।ता, संघ के पूर्व महामंत्री इं. वी.के. कुशवाहा एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष इं. श्रवण कुमार, एस.के. त्रिपाठी, इं. राजेश वर्मा, इं. विनोद कुमार, इं. राजेश श्रीवास्तव, इं मस्त राम वर्मा, इं. मोहित कटियार, विभागीग संघ के पद्‌भनाभ त्रिपाठी, मनीष मिश्रा,अली मक्की, भारत सिंह यादव,शिव कुमार यादव,लेखपाल संघ से सुजीत कुमार पदाधिकारियों के साथ विभागीय संगठनों के पदाधिकारी उपस्थिति रहे।

# प्राथमिक शिक्षक संघ का त्रिवार्षिक अधिवेशन समारोह काकोरी में सम्पन्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, विकास खंड काकोरी, जनपद लखनऊ का त्रिवार्षिक अधिवेशन समारोह एवं शैक्षिक संगोष्ठी सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक कंपोजिट विद्यालय सलेमपुर पतौरा में सम्पन्न हुआ।

अधिवेशन के दौरान विकास खंड काकोरी की नवीन कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया, जिसमें ब्लाक अध्यक्ष मुकेश अवस्थी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजूलिका गु।ता, मंत्री अंकुर कश्यप, संयुक्त मंत्री प्रफुल्ल सिंह तथा कोषाध्यक्ष सौरभ भारती निर्वाचित किए गए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उनके पद एवं दायित्वों के प्रति विधिवत शपथ दिलाई गई। अधिवेशन उपरांत आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए संघ के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह ने नवनिर्वाचित पदा. धिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि संघ में पद सम्मान नहीं, बल्कि सेवा की जिम्मेदारी है। उन्होंने लखनऊ जनपद के परिषदीय शिक्षकों की समस्याओं शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्यता को समा।त करने,चयन वेतनमान, प्रोन्नत वेतनमान, पदोन्नति, वेतन विसंगतियाँ, एरियर भुगतान में देरी, कैशलेस चिकित्सा योजना तथा प्रभारी प्रधानाध्यापकों को प्रधानाध्यापक के समकक्ष वेतन के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि इनका समाधान संगठित संघर्ष से ही संभव है।

संघ इन सभी मुद्दों पर जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक निर्णायक लड़ाई लड़ेगा। इस अवसर पर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज सोनी, जिला संयुक्त मंत्री मोहम्मद रियाज, जिला संगठन मंत्री भीम सिंह, राजेश कुमार यादव, गरिमा, रजनी, ब्लाक मंत्री मलिहाबाद संजय मौर्य, सुशील कुमार, कपिल देव, अरुण कुमार, मनीष श्रीवास्तव सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

## बंग नागरिक समाज नें नेता जी की जयंती मनाई

**लखनऊ ।** सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के अवसर पर पी. के. दत्त, अध्यक्ष कृ बंग नागरिक समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में रोहित अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष कृ व्यापार, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर रों. हत अग्रवाल ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के जीवन, संघर्ष, त्याग और राष्ट्रभक्ति पर अपने विचार रखते हुए कहा कि नेताजी का संपूर्ण जीवन साहस, स्वाभिमान और देशप्रेम की जीवंत मिसाल है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नेताजी के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवा वर्ग उपस्थित रहा। सभी ने नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## संग्रामपुर पुलिस ने एक वांछित को किया गिरफ्तार

**अमेठी ।** संग्रामपुर पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है बताया जाता है कि एसपी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक शनिवार को क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 09/26 धारा 80, 85 बीएनएस व = डीपी एक्ट थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी में वांछित 01 अभियुक्त गुलाबचन्द्र पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम सरैया कनू थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 32 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## बसन्त पंचमी पर मां सरस्वती का पूजन

**सीतापुर।** विजय लक्ष्मी नगर स्थित अग्रवाल पब्लिक इंटर कालेज में बसंत पंचमी का पर्व अत्यंत श्रद्धा, उल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्या की देवी माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाचार्य जावेद कमर ने किया। उन्होंने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व ज्ञान, कला एवं संस्कारों के विकास का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन और सदाचार के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

# यूपी दिवस 2026: सम्मानित किए गए 'यूपी के गौरव'

## उत्तर प्रदेश दिवस पर केंद्रीय गृह मंत्री व मुख्यमंत्री ने किया 'एक जनपद-एक व्यंजन' (ओडीओसी) का शुभारंभ'

मुहम्मद जान तुर्की

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के हर जनपद के विशिष्ट व्यंजन को अलग पहचान दिला दी। यूपी के जनपदों की पहचान अब इन व्यंजनों से भी होगी। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश दिवस पर शनिवार को 'एक जनपद-एक व्यंजन' (ओडीओसी) का शुभारंभ किया। मुख्य समारोह में इस पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई। 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' थीम पर आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाली पांच प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। पुरस्कार स्वरूप उन्हें 11 लाख रुपये, अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले पांच जनपदों के जिलाधिकारी भी सम्मानित किए गए। केंद्रीय गृह मंत्री ने 'सरदार वल्लभभाई पटेल एम।लायमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन' योजना का भी शुभारंभ किया।



**सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लायमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन' योजना का भी किया शुभारंभ'**

**मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान ( सीएम युवा ) के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले पांच जनपदों के जिलाधिकारियों को गृह मंत्री ने किया सम्मानित'**

गृह मंत्री के हाथों इन विभूतियों को मिला उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान

विंग कमांडर शुभांशु शुक्ल - अंतरिक्ष यात्रा अलख पांडेय - शिक्षा, उद्यमिता व स्वावलंबन के क्षेत्र में

सुश्री रश्मि आर्य - शिक्षा एवं नवाचारडा. हरिओम पंवार - साहित्य

डा. सुधांशु सिंह - कृषि क्षेत्र

सीएम युवा योजना के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले इन जिला. धिकारियों का हुआ सम्मान

डा. दिनेश चंद्र - डीएम जौनपुर, रवींद्र कुमार - डीएम आजमगढ़, अनुनय झा - डीएम हरदोई, अनुपम शुक्ल - डीएम अंबेडकरनगर, मृदुल चौधरी - डीएम झांसी

राष्ट्र प्रेरणा स्थल के मंच पर उतरा 'संपूर्ण उत्तर प्रदेश'

यूपी दिवस पर सबसे पहले वंदे मातरम् का गान हुआ। इसके उपरांत अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान थीम सांग 'उत्तर प्रदेश-उत्तम प्रदेश' ने उत्तर प्रदेश की महिमा का वर्णन किया। इसके पश्चात राष्ट्र प्रेरणा स्थल के मंच पर 'संपूर्ण उत्तर प्रदेश' उतर पड़ा, जब ब्रज, बुंदेली, अवधी, भोजपुरी बोलियों के 'सांस्कृतिक संगम' में अतिथियों व दर्शकों ने आनंद की डुबकी लगाई। विभिन्न अंचलों से आए कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से हर किसी का दिल जीत लिया, दर्शकों ने भी तालियां बजाकर इन कलाक. ारों का उत्साहवर्धन करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' पर आधारित प्रदर्शनियों का उद्‌घाटन किया।

गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर तीनों महापुरुषों (श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय व अटल बिहारी वाजपेयी) की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने शिल्प मेला, ओडीओसी व्यंजन मेला व 'विकसित भारत- विकसित उत्तर प्रदेश' पर आधारित प्रदर्शनी का भी उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

'सरदार वल्लभभाई पटेल एम।लायमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन' योजना का किया शुभारंभ

गृह मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश दिवस के मंच पर 'सरदार वल्लभभाई पटेल एम।लायमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन' योजना का भी शुभारंभ किया। युवाओं के लिए रोजगार व उद्योग को बढ़ावा देने वाली इस योजना पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई।

### मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट पर किया गृह मंत्री का स्वागत

उत्तर प्रदेश दिवस कार्यक्रम में शामिल होने शनिवार सुबह राजधानी पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने लखनऊ एयरपोर्ट पर गृह मंत्री को पुष्पगुच्छ देकर प्रदेश की राजधानी में उनका स्वागत किया। वहीं यूपी दिवस के मुख्य मंच पर सीएम ने गृह मंत्री को स्मृति चिह्न प्रदान किया।

## अजीत अध्यक्ष शशांक दूसरी बार सचिव बने

**लखनऊ।** उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रीरियल एसोसिएशन लखनऊ शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन/चुनाव प्रेरणा सदन में संरक्षक सुरेन्द्र लाल श्रीवास्तव, प्रान्तीय अध्यक्ष पदमनाभ् त्रिवेदी, प्रान्तीय महामंत्री जेपी पाण्डेय की मौजूदगी में प्रान्तीय पर्यवेक्षक सुनील कुमार भसीन, चुनाव अधिकारी इन्द्रपाल राजवंशी, जितेन्द्र सैनी की देख-रेख में सम्पन्न हुआ। जिसमें अजीत कुमार रावत जनपद अध्यक्ष, दूसरी बार शशांक शुक्ला जनपद सचिव निर्वाचित हुए इसके अतिरिक्त कार्यकारी अध्यक्ष मो. हसिन खांन (निर्विरोध), वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष प्रीति मौर्या, संयुक्त सचिव सुमित शुक्ला (निर्वाचित), संगठन सचिव विनय कुमार, वित्त सचिव चंदन श्रीवास्तव, संगठन सचिव (महिला) काजल शुक्ला सम्प्रेक्षक अभिषेक यादव (निर्विरोध) चुने गए। एसो0 के क्षेत्रीय महामंत्री पवन द्विवेदी ने बताया कि प्रान्तीय अध्यक्ष पद्मनाभ् त्रिवेदी ने निर्वाचित कार्यकारिणी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# नवयुग विद्यालय में मतदाता जागरूकता दिवस मनाया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश इस थीम के साथ आज नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग द्वारा प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय की अध्यक्षता एवं एनसीसी अधिकारी मेजर (डा.) मनमीत कौर सोढ़ी के कुशल संयोजन एवं संचालन में उत्तर प्रदेश दिवस-2026 एवं मतदाता जागरूकता दिवस का उत्साह पूर्वक आयोजन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश के प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सभ्यता और संस्कृति, साहित्य, कला, नृत्य, संगीत, अभिनय, खेल, पहनावा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के योगदान को कैडेट बुशरा हामिद, लक्षिका, खुशी निषाद, जानवी दुबे, प्रीति कुमारी, अलीशा, अंजली बाजपेई, गरिमा, तान्या, प्रिया तिवारी, खुशी सिंह, दीे।ित, आस्था, साक्षी, जिया, प्रिया रावत, सौम्या, शुभी, मुस्कान, प्रियांशी, दिव्यांशी, सिद्धी, निकिता तथा आराधना ने बेगम हजरत महल, रानी लक्ष्मीबाई, मंगल पांडे, चंद्रशेखर आजाद, हरिवंश राय बच्चन, महादेवी वर्मा, कबीर दास, तुलसीदास, पंडित बिरजू महाराज, गोविंद बल्लभ पंत, अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर आदि का रूप लेकर प्रभावशाली नाटकीय मंचन के माध्यम से उत्तर प्रदेश की गौरवशाली पहचान, समृद्ध विरासत से परिचित कराया।

सूत्रधार की भूमिका में मेजर (डा.)मनमीत कौर सोढ़ी ने कहा कि वर्तमान उत्तर प्रदेश केवल अतीत पर गर्व करने वाला राज्य नहीं, बल्कि विकास, नवाचार और आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर अग्रसर है । उत्तर प्रदेश हमारी पहचान, हमारा गौरव और हमारी जिम्मेदारी भी है ।

प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने सभी को उत्तर प्रदेश दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उत्तर प्रदेश को विकास की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए अपनी भूमिका निभाने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया । इसी के साथ मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें अंडर आफिसर सिद्धी यादव, कशिश गौतम तथा अंजलि वाजपेई ने मतदाता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला, इसी के साथ प्राचार्या द्वारा सभी को इस बात की शपथ दिलाई गई कि लोकतांत्रिक परंपराओं का निर्वाह करेंगे तथा प्रत्येक निर्वाचन में बिना किसी लोभ और भय के अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे क्योंकि मतदान हमारा अधिकार है और कर्तव्य भी और प्रत्येक वोट की कीमत होती है और लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है । कार्यक्रम में 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन से हवलदार ताशी, महाविद्यालय की प्रवक्ताएं समेत बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स छात्राएं एवं गैर शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे । राष्ट्रगान और भारत माता की जय के उद्‌घोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ।

## विकलांग साथी ट्रस्ट ने मनाई सुभाष चंद्र बोस जयंती

**सीतापुर।** विकलांग साथी ट्रस्ट ने सुभाष चंद्र बोस जयंती का आयोजन विकलांग साथी ट्रस्ट के जिला कार्यालय उत्सव कुंज में किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिन्हा ने सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुभाष चंद्र बोस एक नाम ही नहीं बल्कि एक सकारात्मक सोच के व्यक्ति थे। सुभाष चंद्र बोस के जीवन में बहुत सी दिक्कतें आई जिसे उन्होंने बड़ी आसानी से निपटाया। विकलांग साथी ट्रस्ट के जिला उपाध्यक्ष अतुल दीक्षित ने कहा कि दिव्यांग हर क्षेत्र में अहम भूमिका निभाई है इसी कड़ी में विकलांग साथी ट्रस्ट के राष्ट्रीय संयुक्त सचिवद्ध मोटिवेशनल स्पीकरत्रृ एमआर मंसूरी ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा जिस प्रकार दिव्यांगों ने अपनी पहचान बनाई है वह काबिले तारीफ है। आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि आज के दिन सुभाष चंद्र बोस का जन्मदिन मनाया जाता है। उनसे संघर्षशील जीवन से प्रेरणा लेते हुए अपने को कम नहीं समझना चाहिए।

# रिच स्काई फाउंडेशन ने किया सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित

**लखनऊ।** रिच स्काई फाउंडेशन ने आयोजित किया सामूहिक विवाह फाउंडेशन की चेयरमैन तनु यादव ने सफलतापूर्वक कार्यक्रम का संच. ालन किया। युवा जोड़ों ने अपने परिवारों की मौजूदगी में विवाह संपन्न किया। नवविवाहितों को सोफा, कुर्सी, मेज और वस्त्र जैसी वैवाहिक उपहार सामग्री प्रदान की गई। विवाह पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि फिरोजाबाद सांसद अक्षय यादव ने कार्यक्रम में भाग लिया।




सांसद ने फाउंडेशन द्वारा महिला सशक्तिकरण के प्रयासों की सराहना की।तनु यादव ने कहा, देश को मजबूत बनाने के लिए महिलाओं को सशक्त और आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाना जरूरी है। फाउंडेशन उन लड़कियों के लिए भी काम करता है जिनके परिवार में कोई सदस्य नहीं है। कार्यक्रम में वालंटियर्स, सांसद और फाउंडेशन की अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## बाल श्रम के विरुद्ध सघन छापेमारी, सात नाबालिग कराए मुक्त

**तिलोई अमेठी।** शासन के निर्देशानुसार बच्चों के दुर्व्यापार एवं बाल श्रम से संबंधित अपराधों की रोकथाम हेतु आपरेशन रक्षा अभियान जनपद अमेठी में दिनांक 16 जनवरी 2026 से 30 जनवरी 2026 तक संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 24 जनवरी 2026 को जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशानुसार तथा उपजिलाधिकारी/प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस विभाग, बाल कल्याण समिति एवं चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सघन छापेमारी एवं निरीक्षण किया गया। संयुक्त टीम द्वारा जायस, मो. हनगंज एवं तिलोई बाजार/कस्बा क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ प्रतिष्ठानों/दुकानों पर नाबालिग बालक एवं बालिकाओं से कार्य कराए जाने का मामला सामने आया। कार्रवाई के दौरान 03 बालि. काएं एवं 04 बालक, कुल 07 नाबालिग, बाल श्रम में लि।त पाए गए, जिन्हें तत्काल बाल श्रम से मुक्त कराया गया।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना सं. 2026-ए.एम.वी.-सी एंड डब्लू ईनिविदा-05 दिनाँक 22.01.2026**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | ओवरहालिंग ऑफ बायो टैंक डोरिंग पी ओ एच इन कैरिज वर्कशॉप आलमबाग। |
| 2 | कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 3 | अनुमानित लागत | रू. 10,45,75,968.50 मात्र |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| 5 | बिड सिक्युरिटी | रू. 6,72,900/- मात्र |
| 6 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 वर्ष। |
| 7 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक 13.02.2026 समय 15.00 बजे तक। |
| 8 | खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 9 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 10 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | |

256/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# यूपी दिवस पर जिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव, 15 नवजात बालिकाओं की माताएं सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**गौरीगंज अमेठी।** शनिवार को अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस एवं उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशानुसार तथा उपजिलाधिक. ारी/प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में जनपद अमेठी के जिला चिकित्सालय गौरीगंज में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान 15 नवजात बालिकाओं की माताओं को बेबी किट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य लिंगानुपात में सुधार, बालिकाओं को शिक्षित व सशक्त बनाना, महिलाओं के विरुद्ध प्रचलित कुरीतियों जैसे घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या एवं बाल विवाह को रोकना है, साथ ही समाज में सकारात्मक सोच विक. सित करना है। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओंकृ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, वन स्टाप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य/कोविड), निराश्रित महिला पेंशन योजनाकृ से संबंधित पम्पलेट वितरित कर व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। इसके अतिरिक्त उपस्थित जनमानस को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें महिला हेल्पलाइन 181, एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1090 एवं आपातकालीन सेवा 112 शामिल हैं। इसी क्रम में अन्तर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर उपजिलाधिकारी/जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव द्वारा हरी झंडी दिखाकर बालिका जागरूकता रैली को रवाना किया गया। यह रैली मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से प्रारंभ होकर गौरीगंज नगर में भ्रमण करते हुए सम्पन्न हुई। रैली के माध्यम से विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया तथा पीसीपीएनडीटी एक्ट (कन्या भ्रूण हत्या निषेध) के संबंध में आम जनमानस को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सकगण, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन, वन स्टाप सेंटर अमेठी, हब फॉर इम्पावरमेंट आफ वूमेन योजना सहित संबंधित विभागों की टीमें उपस्थित रहीं।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



**लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स**

में समाचारों एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिये सम्पर्क करें।

नोटः इच्छुक पत्रकार-शाह टाइम्स में विज्ञापन प्रतिनिधि एवं संवाददाता के रूप में कार्य करने के लिए संपर्क करें।

मौहम्मद जान तुर्की,
ब्यूरो चीफ लखनऊ

कार्यालयः 21, शाह टावर, स्टेशन रोड लखनऊ, उ0प्र0।
Mob. 8630533498
E-mail: shahtimeslko313@rediffmail.com

# पेशकार के फरार आरोपी पर 25 हजार का इनाम

## हाइवे पर पीट-पीटकर कर दी थी हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हाईवे पर सरेआम हुई पिटाई से सिविल कोर्ट के पेशकार की मौत के मामले में फरार आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है। पुलिस ने मुख्य आरोपी के साथी और घटना में अहम भूमिका निभाने वाले एक और आरोपी की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया है, जबकि इससे पहले दो आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नल निवासी राशिद हुसैन अमरोहा जिला न्यायालय में सिविल जज जूनियर डिवीजन की कोर्ट में पेशकार थे। बीती 11 जनवरी को वह पत्नी, बच्चों और भतीजे के साथ कार में सवार होकर मुरादाबाद जिले के गांव पट्टी स्थित अपनी ससुराल जा रहे थे। जब उनकी कार बंबूगढ़ से आगे पतकोई-हुसैनपुर की पुलिया पर पहुंची तभी गलत दिशा से आ रही बाइक से टक्कर हो गई थी। स्थानीय लोगों ने उस समय विवाद शांत करा दिया था लेकिन बाद में बाइक सवार लोगों ने गांव में फोन कर रिश्तेदारों को बुला लिया था। इसके बाद पीछा करते हुए संभल चौराहे से आगे पहुंचे लोगों ने हाईवे पर कार को घेर लिया था। राशिद हुसैन को कार से खींचते हुए बाहर निकालने के बाद पत्नी और बच्चों के समाने बेरहमी से पीटा था। हमले में घबराहट के चलते राशिद हुसैन की मौत हो गई थी। मामले में चार नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। घटना में गांव हुसैनपुर निवासी कलीम मुख्य आरा. पी था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया। इसके बाद बारह घंटे के भीतर पुलिस ने कलीम को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। कलीम की टांग में गोली लगी थी। वहीं, इससे पहले पुलिस नामजद आरोपी शान को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज चुकी थी। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि घटना में शामिल रहे संभल जिले के असमौली थाना क्षेत्र के गांव इटायला माफी निवासी नवाजिश की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का ईनाम घोघ्घषित किया था। बताया कि नवाजिश ही मुख्य आरोपी कलीम को अपनी बाइक पर बैठाकर घटना पर पहुंचा था। रिश्ते में दोनों साले-बहनोई हैं।

## शहर में निकाली गयी तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** गणतंत्र दिवस के मद्दे नजर चस्त्र छात्राओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा में देशभक्ति के नारे लगाये जा रहे थे। शनिवार को नगर के एच एस एस पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने नगर में तिरंगा यात्रा निकाली। छात्र छात्र छात्राये हाथों में तिरंगा लेकर चल रहे थे। वंदे मातरम वंदे मातरम, भारत माता की जय, भारत माता की जय, देश के अमर शहीद अमर रहे आदि नारे लगाते हुए चस्त्र छात्र छात्राये तिरंगा यात्रा में चल रहे थे। तिरंगा यात्रा स्कूल से प्रारंभ होकर गजरौला बस स्टैंड कोतवाली, नगर पालिका, अंबेडकर पार्क होते हुए नगर के विभिन्न मोहल्लों में निकाली गई। तिरंगा रैली ने देश के अमर शहीदों की याद को ताजा कर दिया। तिरंगा यात्रा के साथ विद्यालय का स्टाफ भी चल रहा था।

# यूपी दिवस पर विधायक ने बांटे कम्बल

## छात्रों को दिये डिप्लोमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विधायक राजीव तरारा के नेतृत्व में क्षेत्र में सामाजिक सेवा और शिक्षा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। धनौरा स्थित सत्येंद्र रिसोर्ट में हुए कार्यक्रम के दौरान विधायक ने जरूरतमंद व असहाय लोगों को कंबल वितरित किए।



विधायक राजीव तरारा ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर और वंचित वर्गों की सेवा करना ही इस दिवस को मनाने का वास्तविक उद्देश्य है। विधायक ने बताया कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ठंड के मौसम में जरूरतमंदों की सहायता को उन्होंने मानव सेवा का सर्वोत्तम कार्य बताया। इसके उपरांत विधायक राजीव तरारा बछरायूं स्थित महामाया पॉलीटेक्निक कॉलेज पहुंचे, जहां आयोजित समारोह में उन्होंने छात्र-छात्राओं को उनके डिप्लोमा प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। विधायक ने कहा कि तकनीकी शिक्षा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करती है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षण संस्थान के पदाधिकारियों ने विधायक का स्वागत किया और उनके मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जितेंद्र सिंह, क्षेत्रपाल सिंह, प्रशांत त्यागी, गीतेश अग्रवाल, जीवन सिंह, मुनेंद्र सिंह, चरण सिंह, अशोक गहरोटिया, फतेह सिंह, नरेंद्र शर्मा, प्रवीण सिंह, पवन चौधरी, सतवीर सिंह, बब्बू प्रधान, सूरज अग्रवाल, निहार त्यागी, सुशील, अमन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कर्पूरी ठाकुर के विचारों को करें आत्मसात



## पूर्व विधायक ने हर्षोल्लास से मनाई जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने उनके जीवन वृत पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

रविवार को नगर के मुहल्ला विजयनगर में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने हमेशा गरीबों, वंचितों और शोषितों की आवाज को बुलंद किया। वे गुदड़ी के लाल के नाम से प्रचलित थे। इस अवसर पर रामपाल व्यास, उमेश सेन, राजपाल, सुनील, अंकित, सोमेंद्र, मनोज, विवेक व दीपक आदि मौजूद रहे। वहीं ऑल इंडिया सैन जी महासंघ ट्रस्ट के द्वारा भी पूर्व मुख्यमंत्री कर्परी ठाकुर की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। नगर के भानपुर फाटक के पास स्थित प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम में ह्यूमन राईट्स अवेयरनेस के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मनमोहन सिंह सेन, उमेश सेन, रमेश सिंह, देवेन्द्र सिंह, देवराज सिंह आदि ने विचार व्यक्त किए।

# किसानों की समस्याओं को सीएम को भेजा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन शंकर ने हल्ला बोल धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन सौंप दिया।

शनिवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि तहसील हसनपुर व जनपद में खूंखार कुत्तों का आतंक बढ़ता चला जा रहा है। प्रशासन आंख बंद किये बैठा है 1 वर्ष में लगभग 20 लोगों की जान चली गई है। और जनपद में लगभग 800 लोगों को एक वर्ष में कटा है। इसी के साथ आवारा छुट्टे गोवंश पशुओ ने किसानों की फसलों को सफा चट कर दिया है। ऐसी हाड कपकपाती सर्दी और वर्षा में किसान रात भर जागकर अपने फसलों की पहरेदारी कर रहे है। ऊपर से तेंदुए का कहर जारी है। जान-माल दोनों खतरे में है।केसीसी खातों पर खेल बैंक बना रहे है। 5 लाख की लिमिट अब भी सपना बना है। प्रदर्शन के दौरान चौधरी धर्मवीर सिंह, चौधरी नेमपाल सिंह, राकेश, रामेश्वर सैनी नेतराम सैनी मदन सैनी, प्रधान लोकेश चौहान नेतराम सैनी हरि सिंह सैनी शेर सिंह राणा संजीव चौधरी मोनू चौधरी कुलदीप सिंह सुखबीर भगत जी कैप्टन वीर सिंह चौहान बबीता रानी, ज्यौती ,हरवती देवी, वीर सिंह सैनी, हरि सिंह, जगत सिंह सैनी, याकूब खान तैयब अली, आदि मौजूद रहे।

## गौ सेवा में योगदान का लेकर दम्पति सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर गौ सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने पर मनु अग्रवाल और उनकी पत्नी डॉ. श्वेता अग्रवाल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान पशुपालन विभाग को दिए गए उनके बहुमूल्य सहयोग के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री केपी मलिक, शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लों, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी मिश्रा तथा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आभा दत्त ने संयुक्त रूप से दंपती को प्रशस्ति पत्र सौंपा। अधिकारियों ने कहा कि मनु अग्रवाल और डॉ. श्वेता अग्रवाल द्वारा गौ सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं और इससे समाज को सकारात्मक संदेश मिलता है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भी उनके कार्यों की प्रशंसा की।

## कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनायी

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** वीरेंद्र सिंह इंटर कॉलेज रूखालू में उत्साहपूर्ण वातावरण में जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में एक भव्य चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का सफल संयोजन निशांत रतौला द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी कला के माध्यम से कर्पूरी ठाकुर जी के जीवन और उनके आदर्शों को पर चलने का आह्वान किया गया। बच्चों की रचनात्मकता और उनकी कलात्मक प्रतिभा ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवाओं को महापुरुषों के संघर्षों से परिचित कराना और उनमें राष्ट्र सेवा की भावना जागृत करना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अशोक कुमार,नाजिया,कु. सना मौजूद रहे।

# भाषण में दीक्षा व वाद विवाद में भावना प्रथम

## एनएसएस शिविर के दूसरे दिन कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** ज्ञान भारती इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के दूसरे दिन को उत्तर प्रदेश दिवस और साइबर सुरक्षा, डिजिटल साक्षरता एवं सोशल मीडिया की उपयोगिता एवं दुष्प्रभाव के संबंध में कार्यक्रम आयोजित किए गए।



शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस के गीत नौजवान आओ रे नौजवान गाओ रे के साथ हुई। उसके बाद उत्तर प्रदेश दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कार्यक्रम अधिकारी प्रभाष कुमार ने उत्तर प्रदेश के इतिहास और संस्कृति, आजादी के बाद उसके विकास के कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा यह भी बताया की 1950 की तुलना में आज उत्तर प्रदेश विभिन्न क्षेत्रों में कहां पर खड़ा है। इस कार्यक्रम के बाद थाना गजरौला के साइबर सुरक्षा विभाग के पुलिसकर्मियों द्वारा स्वयंसेवकों और अन्य छात्राओं को साइबर सुरक्षा की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि हम साइबर हमलों से कैसे अपना बचाव कर सकते हैं और अगर हमारे साथ कोई ऐसी घटना घटती है तो हम उसकी शिकायत कैसे कर सकते हैं। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सोशल मीडिया की उपयोगिता एवं दुष्प्रभाव पर विशेष चर्चा हुई जिसमें स्वयं सेवकों एवं सेविकाओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभा किया, इससे संबंधित एक भाषण प्रतियोगिता एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें भाषण प्रतियोगिता में दीक्षा ने प्रथम, गोसिया का द्वितीय तथा कुलसुम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया । वाद- विवाद प्रतियोगिता में भावना ने प्रथम, महिमा ने द्वितीय तथा नेहा तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पीजी गोस्वामी, पुलिस स्टेशन गजरौला के साइबर सेल के कांस्टेबल सुमित, कांस्टेबल योगेश, लेडी कांस्टेबल सीमा, हेड कांस्टेबल पूजा तथा सोनम, महक, सुहानी, इल्मा, रितिका, नैंसी, लवी, निशा, निष्ठा, यशी, हिमांशी, तुलसी, मनीषा आदि स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

# सब्र और सच इंसान की असली ताकत

## मदरसे में तालिबे इल्मों की दस्तारबंदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शहर के मोहल्ला छोटी बेगम सराय स्थित मदरसा इस्लामिया अरबिया सबाकुल उलूम में शुक्रवार रात सालाना इजलास-ए-आम और दस्तारबंदी का आयोजन किया गया। जिसमें मदरसे से तालीम हासिल करने वाले तालिबेइल्म की दस्तारबंदी की गई। जलसे की शुरुआत तिलावते कलामे पाक से की गई। इसके बाद मौलाना साद अमरोहवी और अंदाज अमरोहवी ने बारगाह-ए-रिसालत में नातिया कलाम पेश किया। मुख्य अतिथि मुफ्ती सैय्यद मोहम्मद अफ्फान मंसूरपुरी ने हर मुसलमान को कुरान और हदीस के मुताबिक जिंदगी गुजारने पर जोर दिया। रोजाना कुरान की तिलावत के लिए वक्त निकालना बेहद जरूरी बताया। मुफ्ती मोहम्मद जाहिद ने अखलाक पर जोर देते हुए कहा कि सच बोलना और अपनी जुबान पर काबू रखना ही असल इस्लाम है। सब्र और सच इंसान की असली ताकत है। इस दौरान हाफिज अजीजुर्रहमान, हाफिज सलमान, हाफिज अमान नबी व हाफिज सबूर की दस्तारबंदी की गई। आखिर में मुफ्ती मोहम्मद शाहिद ने मुल्क की खुशहाली और बच्चों की कामयाबी के साथ कौम की सलामती के लिए दुआ कराई। इस दौरान हाजी तहसीन, मौलाना आलमगीर, कारी अब्दुल माजिद, कारी इश्तियाक, यूसुफ गुलजार, जमशेद आलम, डॉ.अशरफ व मास्टर राशिद आदि मौजूद रहे।

## मौला अब्बास की यौमे विलादत पर महफिल



**शाह टाइम्स संवाददाता सैदनगली।** नगर के इमामबारगाह पीर जी मुस्तकीम अली मे मौला हजरत अब्बास अलमदार अलैहिस्सलाम की यौमे विलादत पर एक नूरानी महफिल हुई। देर रात महफिल का आगाज गुलाम सय्यदेन रिजवी ने हदीसे किसा की तिलावत से किया। डॉ. लईक हैदर बाकरी ने खुदा की हम्द व नाते पाक पढ़ी। उसके बाद गुलाम हैदर रिजवी, मुहम्मद अब्बास, अम्मार हैदर रिजवी, सुहैल अब्बास, मुहम्मद हैदर, मिसाल अब्बास, एजाज मुर्तजा, शबीह हैदर, रियाजुल हसन, सफदर अली, हसन मेहदी,जमन, रजा मेहदी, शरिफ, फाजिल, शनावर, लवी, मुहम्मद जैद, अजीम, निहाल वफा हैदर आदि ने मौला अब्बास की शान मे कलाम पढ़े। मौलाना हाजी कम्बर अली ने तकरीर मे बताया कि हजरत अब्बास की विलादत चार शाबान को मदीना मे हुई थी। इन्हें अलमदार, अलम्बरदार, गाजी, बावफा, मुश्किलकुशा, मोजिजनुमा कहा जाता है। महफिल का समापन मौलाना ने दुआ कराकर किया। इस अवसर पर काफी लोग उपस्थित रहे।

# साठ की जगह तीस मीटर चौड़ी बनेगी नहर

## सालों से चला आ रहा किसानों का धरना समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** मध्य गंगा नहर के मुआवजे को लेकर किसानों व अफसरों के बीच चले आ रहे विवाद पर अब दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी है। अब नहर की चौड़ाई साठ मीटर के स्थान पर तीस मीटर रहेगी।

कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, नहर अधिकारियों तथा किसानों के बीच वार्ता हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि नहर का निर्माण अब 60 मीटर के स्थान पर तीस मीटर चौड़ा किया जायेगा। जबकि नहर के निर्माण के बाद अवशेष तीस मीटर चौड़ी भूमि की वापसी का पत्रावली का संचालन कर दिया जायेगा। इसके अलावा नहर के दोनों ओर पांच-पांच मीटर चौड़ा कच्चा रास्ता बनाया जायेगा जबकि रास्तों पर पक्की सड़क बनाने का प्रस्ताव भी नहर बनने के बाद किया जायेगा। जबकि गैपों में आवश्यकता के अनुसार वीआरबी एवं गूल क्रासिंग का निर्माण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही नहर निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जायेगा। सहमति पर किसानों ने वर्षो से चला आ रहा अपना धरना समाप्त कर दिया। समझौते से मध्य गंगा नहर के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। जिससे अफसरों ने भी राहत की सांस ली है। बैठक में एसपी अमित कुमार आनन्द, दानवीर सिंह, मायाराम सिंह, रामपाल सिंह, डा. चन्द्रपाल सिंह, सुभाष चीमा, मुकेश चौधरी व नहर के विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



## सरदार हमीदी स्कूल के बच्चों ने किया रिहर्सल

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाइन में होने वाले देशभक्ति एवं रंगारंग कार्यक्रमों का आज रिहर्सल किया गया। इस दौरान नगर के सरदार हमीदी चिन्ड्रन एकेडमी के छात्र-छात्राओं द्वारा पुलिस देशभक्ति कार्यक्रम में रिहर्सल किया। प्रबंधक डा. इफ्तेखार अनीस ने बताया कि उनके स्कूल के बच्चे हर साल गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्ट्रेट व पुलिस लाइन में होने वाले कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हैं।

**नाम परिवर्तन**

मेरी हाईस्कूल की अंकतालिका में मेरा नाम सुखदीप कौर (KM. SUKHDEEP KOUR) था। जबकि विवाह रजिस्ट्रेशन सार्टिफिकेट में मेरा नाम (SUKHDEEP KAUR) कर दिया है। जिस कारण मैंने अपने सभी अभिलेखों में अपना नाम (SUKHDEEP KAUR) करा लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

सुखदीप कौर पत्नी श्री सुखविन्द्र सिंह
निवासी ग्राम झुन्डपुरा मजरा आजमपुर
तहसील व परगना धनौरा जनपद अमरोहा

**नाम परिवर्तन**

मुझे पूर्व में अहतशाम अली चौधरी (EATASHAM ALI CHOUDHRI), चौधरी अहतशाह (CHAUDHARY AHATSHAH), अहतशाम अली (AHTESHAM ALI), अहतशाम अली (AHTSHAMALI) ,अहतशाम अली (AHTISHAMALI) के नाम से जाना जाता रहा है । जबकि मेरा सही नाम अहतशाम अली AHATSHAM ALI S/O INTIZAMALI है, भविष्य में मेरा सही नाम लिखा एंव पुकारा जाए ।

अहतशाम अली पुत्र इंतजाम अली
निवासी मोहल्ला मण्डी, मकान नंबर-149,
उझारी तहसील हसनपुर, जिला अमरोहा।

# पति को नशा सुंघाकर शबाना ने प्रेमी अकरम संग मिलकर अपने ही घर में डाली थी डकैती

**पीलीभीत।** थाना पूरनपुर पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, कब्जे से स्वर्णाभूषण व 88,000 नकद बरामद कर अभियुक्तों को जेल भेजा गया। शनिवार को थाना पूरनपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर अकरम पुत्र रियासुद्दीन निवासी ग्राम शेरपुर कलां थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत सबाना पत्नी गुड्डू निवासी ग्राम शेरपुर कलां थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत को मोहल्ला इस्लामनगर, शेरपुर कलां नहर के पास से गिरफ्तार किया गया। दोनों की निशानदेही पर अभियुक्त अकरम के घर से चोरी के आभूषण और नगदी बरामद की गई। 22 जनवरी को वादी गुड्डू पुत्र कलमे अहमद निवासी ग्राम शेरपुर कलां थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत द्वारा सूचना दी गई कि दिनांक 21 जनवरी की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा मुझे व मेरी पत्नी को नशीली दवा सुंघाकर घर में रखे वक्शे का ताला तोड़कर नगदी व सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए गए हैं। दोनों अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वे एक-दूसरे से बातचीत करते थे तथा आपस में प्रेम सम्बन्ध में थे। अकरम कभी-कभी गुड्डू की मौजूदगी में उसके घर मिलने जाता था।

## बसंत पंचमी पर श्री राधे राधे जन कल्याण सेवा ट्रस्ट की ने खिचड़ी सेवा

ihyhHkhrA शहर से सटे ग्राम रूपपुर कमालू हाईवे किनारे वसंत पंचमी के अवसर पर खिचड़ी भंडारे का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के माध्यम से वर्ष भर में कई तरह की सेवाएं प्रदान की जाती हैं। मां सरस्वती का दिन माना जाता है वसंत पंचमी उनका प्रिय रंग पीला होता जिस वजह से पीली खिचड़ी भंडारे का भंडारा सकुशल संपन्न हुआ। 12 बजे शुभारंभ हुआ प्रभु इच्छा तक चला। ट्रस्ट अध्यक्ष एडवोकेट दिनेश यादव ने अपने हाथों से खिचड़ी बांटकर शुरुआत की सभी को बुलाकर प्रेम से खिलाया।

# धूमधाम से मनाया गया उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस



**पीलीभीत।** राज्यमंत्री/प्रभारी राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम राज्यमंत्री द्वारा सभी विभागों से सम्बंधित स्टॉलो का निरीक्षण किया गया ततपश्चात जिलाधिकारी द्वारा राज्यमंत्री का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसी क्रम में दीप प्रज्वलन किया गया एवं कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बालिक दिवस के अवसर पर 5 बच्चीयों का कन्या जन्मोत्सव मनाया गया एवं हिमालया किट वितरित किये गए। ततपश्चात स्कूली छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री द्वारा एवं सभी अधिकारियों द्वारा उद्बोधन कर कहा गया कि हमे सभी बालिकाओं को स्वयं की बेटी का दर्जा देना चाहिये किसी बेटी को किसी भी समस्या में यदि देखें तो उसकी सहायता करें उसे शिक्षा के क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रोत्साहित करें।

उनके द्वारा बेटी-बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत खेल के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाली 10 एवं शिक्षा के क्षेत्र में अच्छे अंक प्राप्त करने वाली 26 बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्कूल बैग देकर प्रोत्साहित किया गया साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाली 30 बालिक. ाओं को एजुकेशन किट वितरीत की गई। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजनान्तर्गत 02 बच्चों को लैपटॉप वितरित किये। जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह कहा गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष 2026 में उत्तर प्रदेश दिवस एवं राष्ट्रीय बालिका का आयोजन एक साथ किया जा रहा है। साथ ही उनके द्वारा जनपद पीलीभीत की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी गई। जिलाधिक. ारी ज्ञानेंद्र सिंह द्वारा कहा गया कि उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के साथ ही बालिका दिवस भी महत्वपूर्ण है हमें बालिकाओं की अधिक से अधिक शिक्षित करना होगा जनपद पीलीभीत की बालि. काओं खेल के क्षेत्र, शिक्षा के क्षेत्र एवं नौकरी में क्षेत्र और आगे लाने का प्रयास करना होगा। जिला. धिकारी ने बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी-बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत निरन्तर जागरूकता कार्यक्रम किये जाते हैं।

# पत्नी को पीटकर छत से फेंका

- कमरे में बंद होकर पति ने लगाई फांसी, मौत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव चुरई दलपतपुर में शनिवार सुबह घरेलू विवाद ने दिल दहला देने वाला रूप ले लिया। पति-पत्नी के बीच हुई कहासुनी के बाद पति ने पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट कर उसे छत से नीचे फेंक दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को पड़ोसियों ने अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद पति ने कमरे में खुद को बंद कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

जानकारी के अनुसार चुरई दलपतपुर निवासी रुस्तम अली और उसकी पत्नी रूबी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। कहासुनी के दौरान रुस्तम अली ने छत पर बैठी पत्नी को डंडों से पीटा। पत्नी की चीख-पुकार के बावजूद वह नहीं रुका और रूबी को छत से नीचे धक्का दे दिया। नीचे गिरने के बाद भी उसने ऊपर से ईंटें फेंकी, जिससे रूबी गंभीर रूप से घायल हो गई।

घटना की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और 112 नंबर पर सूचना दी। ग्रामीणों ने घायल रूबी को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद रुस्तम अली ने घर के कमरे में खुद को बंद कर लिया और छत में लगे कुंदे से फांसी लगा ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की मौजूदगी में ग्रामीणों ने दरवाजा तोड़कर रुस्तम अली को बाहर निकाला। परिजन उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मीरगंज ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं रूबी की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उधर मृतक का शव को पंचनामाभर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। घायल रूबी का मायका मीरगंज के मोहल्ला मीरखां बाबर नगर में है। महिला के भाई साजिद अली ने बताया कि रुस्तम अली कोई काम नहीं करता था और अक्सर रूबी के साथ मारपीट करता था। वह मायके से रुपये लाने का दबाव बनाता था। शनिवार को भी उसने डंडों से सिर पर वार कर रूबी को छत से नीचे फेंक दिया। मीरखां बाबर नगर के सभासद सरफराज अली ने बताया कि दो दिन पहले रुस्तम अली ससुराल आया था, और रूबी को समझाकर अपने साथ गांव ले गया था। दोनों के बीच कई दिनों से तनाव बना हुआ था। रूबी के दो बेटियां और एक बेटा है।

सभासद ने बताया कि रूबी के पिता साबिर अली पैरालाइसिस से पीड़ित हैं और वर्तमान में सहारनपुर के एक अस्पताल में भर्ती हैं। रुस्तम अली के पिता रेलवे से सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं, जिन्होंने उसे अलग मकान बनवाकर दिया था और खर्च के लिए भी सहायता करते थे।

प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर ने बताया कि 112 पर चुरई दलपतपुर के रुस्तम अली का पत्नी रूबी के साथ मारपीट झगडा होने की सूचना मिली। रूबी के सिर में चोट आने से परिजन उसे इलाज को अस्पताल ले गए। तभी रूस्तम अली ने घर के कमरे को बंद कर फांसी लगा ली। परिवारीजन ने दरवाजा तोड कर रुस्तम अली को फंदे उतारा। उसकी सांसे चल रही थी। परिवारीजन रुस्तम अली को इलाज को सीएचसी ले गए, जहां उसकी मृत्यु हो गई। शव का पंचायत नामाभर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

# एसपी उत्तरी ने किया थाना परिसर का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** शनिवार को थाना परिसर का वार्षिक निरीक्षण पुलिस अधीक्षक उत्तरी मुकेश चंद मिश्रा द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालय, मालखाना, कंप्यूटर कक्ष, मैस सहित अन्य विभागों का विस्तार से जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र मिश्रा ने साफ-सफाई, थाने में रखे गए अभिलेखों का उचित रख-रखाव और उन्हें अद्यतन करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को कहा कि सभी दस्तावेजों और अभिलेखों का समय-समय पर निरीक्षण और अपडेट किया जाए, ताकि कोई भी जानकारी अद्यतित और व्यवस्थित रूप से उपलब्ध हो।

एसपी उत्तरी मुकेश चंद मिश्रा ने यह भी निर्देश दिए कि थाना परिसर साफ-सुथरा रखा जाए और सभी विभागों में कार्यप्रणाली में सुधार के उपाय किए जाएं। उनका मानना है कि व्यवस्थित और साफ-सुथरा थाना न सिर्फ कर्मचारियों के कामकाज में सहूलियत लाता है, बल्कि आम जनता को भी बेहतर सेवा प्रदान करने में मदद करता है।

थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह व चौकी प्रभारी अनूप सिंह और स्टाफ ने एसपी उत्तरी मुकेश चंद मिश्रा के निरीक्षण का स्वागत किया और निर्देशों का पालन करने का आश्वा. सन दिया।

## एक नजर

# 40 साल पुलिस में सेवा देने वाले मोहम्मद करीम का निधन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** शकरस गांव निवासी मोहम्मद करीम का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने पुलिस विभाग में चौकीदार के पद पर लगभग 40 वर्षों तक सेवाएं दी थीं। मोहम्मद करीम ने कल अंतिम सांस ली।

अपने लंबे सेवाकाल के दौरान, मोहम्मद करीम ने पुलिस विभाग और आम जनता के बीच एक सेतु का कार्य किया। उन्हें उनकी ईमानदारी, निष्ठा और कर्तव्यनिष्ठ स्वभाव के लिए जाना जाता था। उन्होंने कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

परिवार के सदस्यों ने बताया कि आज उनका अंतिम संस्कार (सुपुर्द-ए-खाक) शकरस गांव में संपन्न हुआ। हालांकि, इस अवसर पर पुलिस विभाग का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी उपस्थित नहीं था। क्षेत्र के लोगों ने मोहम्मद करीम के निधन पर शोक व्यक्त किया और पुलिस विभाग में उनके योगदान को याद किया।

# चक्की में सेंध लगाकर सरसों-लाही चोरी, पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों द्वारा एक चक्की में सेंध लगाकर चोरी की घटना सामने आई है। चोर चक्की से लगभग 60 किलो लाही, सरसों चोरी कर ले गए, जिससे पीड़ित को करीब पांच हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार बाईपास रोड पर बीजामऊ रोड स्थित आटा, तेल, मिर्च व धनिया पिसाई की चक्की के संचालक ने बताया कि वह बीती रात करीब आठ बजे काम समाप्त कर चक्की का शटर बंद कर ताला लगाकर घर चला गया था। सुबह जब वह चक्की पर पहुंचा और ताला खोलकर अंदर गया, तो देखा कि पीछे की दीवार की ओर से टीन का पटला उखाड़कर अज्ञात चोर चक्की में घुस आए थे।

चोर चक्की के अंदर रखे दो कट्टों में भरी करीब 60 किलो लाही व सरसों चोरी कर ले गए। मौके पर पीछे की दीवार के पास, जो सिंचाई विभाग की भूमि की ओर है, काफी मात्रा में लाही व सरसों बिखरी हुई पाई गई। पीड़ित के मुताबिक चोरी की इस घटना से उसे लगभग पांच हजार रुपये का नुकसान हुआ है। उल्लेखनीय है कि चक्की के पास स्थित एक कबाड़खाने में भी करीब एक सप्ताह पूर्व चोरी की घटना हो चुकी है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना नवाबगंज में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# घर में घुसकर नाबालिग से छेड़छाड़ करने के आरोप में युवक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक गांव की महिला ने पड़ोस के ही एक युवक पर घर में घुसकर नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ व मारपीट करने का आरा. प लगाया है। घटना के बाद लड़की की माँ ने मामले की तहरीर पुलिस को दी, जिसपर पुलिस ने आरोपी युवक पर पॉक्सो एक्ट सहित सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना बहेड़ी के एक ग्राम निवासी एक महिला का कहना है कि दिनांक 22.01.26 को महेन्द्र उम्र 45 वर्ष पुत्र गेंदल लाल उसके घर में घुस गया। आरोप है कि घर में घुसने के बाद युवक ने उसकी 14 वर्ष की पुत्री के साथ छेड़छाड़ की और विरोध करने पर पुत्री की पिटाई कर शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। लड़की की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी महेन्द्र के खिलाफ धारा 333/74/351(3)/352 बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट के तहत मुक. दमा दर्ज कर लिया है।

# सेंथल में चला चाइनीज मांझे की चेकिंग का अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** शनिवार को कस्बे में स्थानीय पुलिस चौकी के स्टाफ ने चाइनीज मांझे की चेकिंग को अभियान चलाया, लेकिन किसी भी दुकान पर उन्हें मांझा बिकते नहीं मिला।सिपाही दीपक कुमार ने बताया कि बसंत पंचमी के पर्व पर लोग पतंगबाजी का आनंद लेते हैं, जिसमें चाइनीज मांझे का इस्तेमाल भी किया जाता है। बताया यह मंझा बेहद खतरनाक है इसमें उलझकर लोग जख्मी हो जाते हैं उन्हें अधिकारियों से चेकिंग करने का निर्देश मिला है। जिसके चलते वह आज चेकिंग अभियान पर निकले हैं।

# युवक को जहर देकर मारने का आरोप, हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक युवक को ससुराल पक्ष द्वारा जहर देकर जान से मारने की कोशिश किए जाने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, थाना नवाबगंज क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने आरोप लगाया है कि उसके पुत्र उमाचरण की शादी करीब पांच वर्ष पूर्व पूजा देवी पुत्री नारायन लाल निवासी ग्राम सरदार नगर, थाना नवाबगंज, जिला बरेली के साथ हुई थी।

शादी के बाद से ही पूजा देवी उसके पुत्र को लगातार परेशान करती थी, और जमीन अपने नाम कराने का दबाव बनाती थी। आए दिन विवाद होने पर वह मायके चली जाती थी। आरोप है कि पूजा देवी के पिता नारायन लाल भी उसे उसके पुत्र के खिलाफ भड़काते रहते थे।

कुछ दिन पूर्व पूजा देवी विवाद के बाद अपने मायके ग्राम सरदार नगर चली गई थी। बाद में नारायन लाल ने फोन कर उसके पुत्र को पूजा देवी को वापस ले जाने के लिए बुलाया। जब उमाचरण ग्राम सरदार नगर पहुंचा, तो वहां पहले से रचे गए षड्यंत्र के तहत पूजा देवी, उसके पिता नरायन लाल, साला राजू, पप्पू ड्राइवर तथा नेतराम निवासी ग्राम सरदार नगर ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से उमाचरण को जहर दे दिया और मरा हुआ समझकर बड़ागांव के किनारे चकमार्ग पर फेंक कर फरार हो गए। कुछ समय बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों ने घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है।

पीड़िता ने मामले की तहरीर थाना नवाबगंज में देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# भाखड़ा नदी में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव गुलड़िया के पास बहने वाली भाखड़ा नदी में शनिवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह करीब 11 बजे ग्रामीणों ने नदी में शव को उतराता देखा, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी अजय कुमार तथा थाना प्रभारी संजय तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया। शव मिलने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिकारियों द्वारा बरेली से फील्ड यूनिट को मौके पर बुलाया गया। फील्ड यूनिट ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस जांच में मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के स्पष्ट चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। पानी में अधिक समय तक पड़े रहने के कारण शव फूल गया था। मृतक की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि शव कहीं और से बहकर आया हो सकता है। थाना प्रभारी संजय तोमर ने बताया कि शव की पहचान के लिए आसपास के सभी थानों को सूचना भेज दी गई है तथा दर्ज गुमशुदगी के मामलों से भी मिलान कराया जा रहा है।फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।



# कार और दो लाख की भूख में हैवान बने ससुराल वाले

- विवाहिता बच्ची सहित घर से निकाली, जेठ पर अश्लील हरकतों का आरोप
- मुकदमा दर्ज, जांच शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** दहेज की मांग ने एक बार फिर रिश्तों को शर्मसार कर दिया। दहेज में कार और दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर दहेजलोभी ससुरालियों ने एक विवाहिता को उसकी 18 माह की नाबालिग बच्ची सहित मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली देवरनियां पुलिस ने पति समेत ससुराल के अन्य सदस्यों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली देवरनियां क्षेत्र की निवासी पीड़िता का निकाह 3 मई 2023 को रामपुर जिले के खजुरिया थाना क्षेत्र निवासी युवक से मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार हुआ था। पीड़िता के माता-पिता ने विवाह में लगभग 15 लाख रुपये खर्च कर बुलेट मोटरसाइकिल व घरेलू सामान दिया था, इसके बावजूद ससुराल पक्ष संतुष्ट नहीं हुआ। आरोप है कि पति, सास-ससुर, जेठ और जिठानी द्वारा लगातार कम दहेज लाने के ताने दिए जाते रहे और मायके से कार व नकद रुपये लाने का दबाव बनाया जाता रहा।

पीड़िता का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उसके साथ बार-बार मारपीट की गई और उसे भूखा-प्यासा रखकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। तहरीर में जेठ पर गलत नीयत रखने और घर में अकेली पाकर अश्लील हरकतें करने के गंभीर आरोप भी लगाए गए हैं।

पीड़िता का कहना है कि शिकायत करने पर ससुराल पक्ष ने उसे ही चुप रहने को कहा। आरोप है कि 8 जनवरी 2026 को ससुराल पक्ष ने एकजुट होकर विवाहिता के साथ मारपीट की और उसे केवल पहने हुए कपड़ों में उसकी नाबा. लिग बच्ची सहित घर से बाहर निकाल दिया। जाते समय साफ तौर पर चेतावनी दी गई कि जब तक कार और दो लाख रुपये लेकर नहीं आएगी, तब तक घर में कदम रखने पर जान से मार दिया जाएगा। इसके बाद 16 जनवरी को ससुराल पक्ष कथित रूप से बातचीत के बहाने पीड़िता के मायके पहुंचा, लेकिन वहां भी दहेज की शर्त दोहराई गई। परिजनों और रिश्तेदारों द्वारा समझाने के बावजूद सहमति नहीं बन सकी और आरोप है कि ससुराल पक्ष गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए लौट गया।

कोतवाली देवरनियां पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ट्राली के पहिये के नीचे दबकर युवक की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** ट्रैक्टर ट्राली पर सवार होकर बजरी उतारने जा रहा युवक ट्रैक्टर से गिरकर पहिये के नीचे आ गया। पहिये के नीचे आने से युवक की उसमें दब कर दर्दनाक मौत हो गई। इस मामले में मृतक के परिजनों ने ट्रैक्टर चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

जिला रामपुर के थाना खजुरिया के ग्राम पनबड़िया निवासी सुरेश गंगवार पुत्र होरी लाल गंगवार का कहना है कि दिनांक 23.01.2026 को समय करीब 05.00 बजे उसका भाई शंकर लाल उम्र करीब 50 वर्ष गांव के थान सिंह पुत्र बुद्धसेन के साथ ट्रैक्टर अर्जुन महिन्द्रा 555 ट्राली जिसमें बजरी लोड थी, ग्राम पनवड़िया से हरहरपुर बजरी उतारने के लिए जा रहा था। आरोप है कि ग्राम सुकटिया थाना बहेड़ी में खलुआ के पुल पर गड्ढा आने व ट्रैक्टर चालक की तेज गति व लापरवाही से टैक्टर चलाने से उसका भाई अनियन्त्रित होकर ट्राली के जुट्टा पहिये के नीचे आकर दर्दनाक मृत्यु हो गई। घटना के बाद मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 281/106(1) बीएनएस के तहत ट्रैक्टर अर्जुन महिन्द्रा 555 मय ट्राली चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दहेज प्रताड़ना का आरोप, विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज को लेकर प्रताड़ना और जबरन जहरीला पदार्थ पिलाने का गंभीर आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार रामपुर जिले के मिलक कोतवाली क्षेत्र के गांव लखीमपुर निवासी मुन्नालाल मौर्य ने अपनी पुत्री पुष्पा मौर्य की शादी 26 जून 2025 को मीरगंज के गांव रसूलपुर निवासी राजेंद्र राज मौर्य पुत्र रामद. ास मौर्य के साथ की थी। पिता का आरोप है कि शादी में दिए गए दहेज से ससुराल पक्ष संतुष्ट नहीं था और कम दहेज का ताना देकर पुष्पा को मान. सिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। परिजनों के अनुसार कुछ दिन पहले पुष्पा को बुखार हो गया था, लेकिन ससुराल वालों ने उसका इलाज नहीं कराया। आरोप है कि शनिवार की सुबह ससुराल पक्ष ने योजनाबद्ध तरीके से पुष्पा को जबरन जहरीला पदार्थ (तेजाब) पिला दिया, जिससे उसकी हालत अचानक बिगड़ गई। घटना की जानकारी मिलते ही मायके पक्ष के लोग रसूलपुर पहुंचे और गंभीर अवस्था में पुष्पा को बरेली ले जाकर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मायके पक्ष की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया है। मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। थाना प्रभारी संजय तोमर ने बताया कि मृतका के पिता द्वारा दहेज उत्पीड़न और जबरन जहरीला पदार्थ पिलाने के आरोप लगाए गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# तीन लोगों का दल लाडपुर से उमरा की जियारत को रवाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** कुरनदाजी में नाम निकलने पर आज लाडपुर से दो लोगों का दल आका के रोजे की जियारत को उमरा के लिए रवाना हुआ। ग्राम लाडपुर उस्मानपुर के मोहल्ला इस्लाम नगर निवासी हाफिज मोहम्मद अशरफ और उनकी शरीक ए हयात मुस्कान बी ने मात्र दो, दो सौ रूपये के कूपन खरीदे थे उनकी किस्मत रंग लाई, और दोनों पति पत्नी का नाम कुरंदा. जी में आ गया। जाने से पूर्व उन्होंने गांव वालों को अपने यहां खाने की दावत पर बुलाया।

बाद में गांव के लोगों ने उन्हें फूल मालाएं पहनाकर इस्तकबाल किया और उमरा के सफर पर रवाना किया।स्वागत करने वालों में जिला पंचायत सदस्य मुन्ने अंसारी, सभासद अकील अंसारी, एजाज अहमद, अरशद हुसैन आदि मुख्य थे।

इधर गांव रत्ना चुन्नी लाल से हाफिज फीरोज राहत भी आज ही उमरा के लिए रवाना हुए। उनका इस्तकबाल करने वालों में जिला पंचायत सदस्य मुन्ने अंसारी, नवाब अली, शराफत अली, फुरकत अली आदि मुख्य रहे।

# स्मैक व अफीम के साथ तीन तस्कर दबोचे




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग स्थानों से स्मैक व अफीम के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 65 ग्राम अवैध स्मैक और 550 ग्राम अफीम बरामद की है। दोनों मामलों में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा है।

पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर रहपुरा अंडरपास के नीचे से अमन रस्तोगी और मोहम्मद शोहराव को 65 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने ट्रक व टेंपो चालकों को स्मैक बेचने की बात स्वीकार की है। वहीं दूसरी कार्रवाई में ग्राम रूकमपुर यात्री शेड के पास से रवि मौर्य को 550 ग्राम अवैध अफीम के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अफीम की सप्लाई देवचरा निवासी रामू सागर से खरीदी कर लाया था। पुलिस ने रामू सागर को मुकदमे मे बांचित कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया कि नशे के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा। नशीले पदार्थ के कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगी।

तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी अनूप सिंह, एसआई गंगाधर, एसआई पंकज कुमार, हेड कांस्टेबल विपिन कुमार, हेड कांस्टेबल विक्की, हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार, हेड कांस्टेबल भूपेन्द्र सिंह शामिल रहे।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

संख्या-2371/न0पा0प0ब0/ कर/ 2025-26 दिनांक- 24.01.2026

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आराजी-655 वार्ड-5 जो मोहल्ला मोहल्ला शेखूपुर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका कर अभिलेखों में नसीम अहमद पुत्र श्री अब्दुल सत्तार के नाम से दर्ज है। उक्त आराजी को विक्रय पत्र दिनांक-25.10. 2024 के द्वारा श्री नसीम अहमद पुत्र श्री अब्दुल सत्तार निवासी मोहल्ला टांडा बहेड़ी जिला बरेली ने श्री मो0 राशिद पुत्र श्री रफीक अहमद निवासी मोहल्ला गौटियां सिंह रिछा बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है। श्री मो0 राशिद पुत्र श्री रफीक अहमद निवासी मोहल्ला गौटियां रिछा बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न करते हुए पालिका में आराजी को अपने नाम से दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

संख्या- 2352 /न0पा0प0ब0/कर/ 2025 -26 दिनांक-23.01.2026

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आरा. जी-212(1) वार्ड-02 जो शाहगढ़ एम0बी0ए0 कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में ओमप्रकाश पुत्र श्री किशनलाल के नाम से दर्ज है। उक्त आराजी की विक्रय पत्र दिनांक-01.08.2022 के द्वारा श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री किशनलाल निवासी मोहल्ला मास्टर कालोनी कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने श्री पवन कुमार पुत्र श्री कोमिल प्रसाद व चित्रा देवी पत्नी कोमिल प्रसाद निवासीगण देव. ीपुरा हाल निवासी मो0 केशवपुरम कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है। श्री पवन कुमार पुत्र श्री कोमिल प्रसाद व चित्रा देवी पत्नी कोमिल प्रसाद निवास. ीगण देवीपुरा हाल निवासी मो0 केशवपुरम कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न करते हुए पालिका में आराजी को अपने नाम से दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रशाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति दिचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**


# बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षा का कार्यक्रम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** स्वामी दयानंद सरस्वती विद्या मंदिर परोरा इंटर कॉलेज में अध्ययनरत कक्षा 12 विज्ञान वर्ग के संस्थागत छात्र-छात्राओं की बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। यह परीक्षाएं वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत आयोजित की जाएंगी। विद्यालय प्रशासन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार भौतिक विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा 27, 28 एवं 29 जनवरी 2026 को प्रात: 9:30 बजे से आयोजित की जाएंगी। वहीं रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा 29, 30 एवं 31 जनवरी 2026 को प्रात: 9:30 बजे से संपन्न होगी। इसके अतिरिक्त जीव विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा 30 एवं 31 जनवरी 2026 को प्रात: 9:30 बजे से आयोजित की जाएगी।विद्यालय प्रबंधन ने सभी छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर प्रयोगशाला में आवश्यक सामग्री के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दिलाई गई मतदान की शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शनिवार को तहसील क्षेत्र में स्थित जेपीएस इंटर कॉलेज, सिंधौली में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान की शपथ दिलाई गई और उन्हें मताधिकार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि भारत में हर वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करना तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और एक-एक वोट देश की दिशा और दशा तय करता है। विद्यालय प्रशासन द्वारा छात्र-छात्राओं को यह संदेश दिया गया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करते ही प्रत्येक नागरिक को अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना चाहिए और बिना किसी भय या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान जिम्मेदार और जागरूक मतदाता बनने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक कृतज्ञ सिंह ने कहा कि युवा वर्ग ही देश का भविष्य है और उनकी सक्रिय भागीदारी से ही लोकतंत्र मजबूत होगा। प्रधानाचार्य इरशाद अहमद ने छात्रों से आह्वान किया कि वे न केवल स्वयं मतदान करें, बल्कि अपने परिवार और समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम में विवेक कुमार, राजपाल सिंह, भगवान दास शास्त्री, जितेंद्र कुमार, हर्षित भारद्वाज, प्रीति शर्मा सहित अन्य शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।


**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे।

शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।



**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# आरएसएम में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

## हर्षोल्लास के साथ मनाया उत्तर प्रदेश दिवस




**शाह टाइम्स संवाददाता**

धामपुर। आर.एस.एम. कॉलेज में उत्तर प्रदेश दिवस राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में प्रदेश के प्रति जागरूकता एवं गर्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने की, जबकि कार्यक्रम का सफल संचालन एवं संयोजन कार्यक्रम संयोजक डॉ. रवि धनकड़ के निर्देशन में संपन्न हुआ। प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की संस्कृति, सभ्यता और आध्यात्मिक परंपराओं का प्रमुख केंद्र रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत, महान विभूतियों और विकास यात्रा से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. रवि धनकड़ ने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अपने राज्य के प्रति गर्व की भावना जागृत करना तथा प्रदेश के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व से उन्हें परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के इतिहास, भूगोल, संस्कृति, पर्यटन, साहित्य एवं समसामयिक विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिनका विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया।

प्रतियोगिता में भूमि सब्बरवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से अर्पित गंगवार, कशिश भारती एवं स्पर्धा रानी को मिला, जबकि तृतीय स्थान संयुक्त रूप से भूमिका पटेल एवं अमन सिंह ने प्राप्त किया।

कार्यक्रम में प्रो. पूनम घई, प्रो. एस. एल. पाल, प्रो. शौराज सिंह, डॉ. जितेंद्र चौधरी, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. विवेक यादव, डॉ. विनय दुआ, राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुमेधा चौहान, डॉ. अनिल यादव, डॉ. अनिल सिंह सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

अंत में कार्यक्रम अध्यक्ष द्वारा सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी गईं तथा आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# भास्कर कुमार का गुजरात की क्रिकेट लीग में चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

स्योहारा। क्षेत्र के गांव श्यामाबाद निवासी युवा क्रिकेट खिलाड़ी भास्कर कुमार का गुजरात की एक लोकप्रिय क्रिकेट लीग में चयन होने से परिवारजनों और गांववासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भास्कर कुमार का चयन हाल ही में वेलिएर प्रीमियर लीग (VPL) सीजन-6 के लिए हुआ है। यह लीग गुजरात की चर्चित क्रिकेट लीगों में शामिल है, जिसमें कुल पांच टीमें भाग ले रही हैं। इनमें मुंबई हॉर्सेस, सूरज वॉरियर्स, अहमदाबाद फाइटर्स, राजपीपला किंग्स और दिल्ली टाइटन्स शामिल हैं। भास्कर कुमार का चयन अहमदाबाद फाइटर्स टीम में हुआ है।भास्कर कुमार ने बताया कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा है, लेकिन वे लगातार मेहनत और प्रयास करते रहेंगे। उनका सपना है कि वे क्रिकेट के मैदान में बेहतर प्रदर्शन कर एक दिन भारतीय मुख्य क्रिकेट टीम तक पहुंचें और देश का नाम रोशन करें। उन्होंने बताया कि उनके पिता राम सिंह ने हमेशा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और हर कदम पर मार्गदर्शन व सहयोग दिया जिससे उनका यह सपना साकार हो पाया। बताया गया कि वेलिएर प्रीमियर लीग का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। इस लीग के लिए खिलाड़ियों का चयन डीडी स्पोर्ट्स के माध्यम से किया गया, जबकि खिलाड़ियों का ड्राफ्ट हाल ही में मुंबई में संपन्न हुआ। लीग के मुकाबले शीघ्र ही शुरू होने वाले हैं। बताया जाता है कि भास्कर कुमार इससे पहले भी वेलिएर टीम के साथ भारत के अलावा मलेशिया और नेपाल में क्रिकेट खेल चुके हैं।

# विवेकानंद कॉलेज में छात्रों को सिखाए गन्ने की उन्नत खेती के गुर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

चांदपुर। स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती और मां सरस्वती के पावन पर्व के अवसर पर विवेकानंद इंटर कॉलेज में गन्ना विकास विभाग द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों को गन्ने की उन्नतशील प्रजातियों की पहचान और आधुनिक खेती का सजीव प्रदर्शन दिया गया। चूंकि कॉलेज के अधिकांश छात्र ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं और उनके परिवारों में गन्ने की खेती प्रमुख नकदी फसल के रूप में की जाती है, इसलिए इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्रों के माध्यम से कृषक परिवारों तक सही तकनीकी जानकारी पहुंचाना था।

प्राचार्य टीकम सिंह ने गन्ना विभाग की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाओं से छात्र न केवल जागरूक होंगे, बल्कि अपने अभिभावकों को भी उन्नत खेती के लिए प्रेरित कर सकेंगे। इस मौके पर सहकारी गन्ना विकास समिति सचिव जितेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

# दिशा में उत्तर प्रदेश दिवस मनाया



## सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

धामपुर। दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में उत्तर प्रदेश दिवस बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिलेश अग्रवाल एवं रजिस्ट्रार राजीव कुमार तथा अकादमिक इंचार्ज अमित विश्नोई द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

संचालन प्रवक्ता रश्मि शर्मा एवं ज्योति चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम की सांस्कृतिक प्रमुख मधुलिका राजपूत एवं उपप्रमुख डॉ. एकता मलिक रहीं।

रजिस्ट्रार राजीव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में रचनात्मकता के साथ-साथ प्रदेश की संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही।

प्राचार्य फार्मेसी डॉ. विमल कुमार भारती ने कहा कि उत्तर प्रदेश केवल एक राज्य नहीं, बल्कि भारत की आत्मा है। यही वह भूमि है जहाँ श्रीराम, कृष्ण, बुद्ध, कबीर और तुलसीदास जैसे महापुरुषों ने जन्म लिया। उत्तर प्रदेश गंगा-जमुनी तहजीब, सांस्कृतिक समरसता और महान विभूतियों की एकता का अनुपम उदाहरण है।

डॉ. एकता मलिक ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा, विज्ञान, कृषि, उद्योग, साहित्य और कला के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ने देश को नई दिशा दी है।

जीत सिंह (मीडिया प्रभारी), गौरव मलिक (पीआरओ), डॉ. समीर अहमद (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड), नरेश सिंह, अमित विश्नोई, मोनू कुमार, मनीष, जितेन्द्र कुमार, निधि चौहान, पवनजीत कौर, नीशु सिंह, रंजीत कुमार, प्रभाव कुमार, सतेंद्र शर्मा, रेशु रानी, जितेन्द्र सिंह, मानसी, मंशा अग्रवाल, नमन कौशिक, ऋषभ अग्रवाल, जसवंत सिंह, ललित कुमार, शिवम कुमार, सुनील राजपूत, रजत चौहान, प्रफुल कुमार, संजना राजपूत, अंजली, गौतम, सूर्यप्रताप सिसोदिया, वैभव कटारिया, संदीप विश्नोई, विशाल गुप्ता, सचिन कुमार, अवनीश कुमार, विश्वांश अग्रवाल, रीना देवी, दीपक शर्मा, रजनीश कुमार सहित अन्य का सहयोग रहा।

# विवेक कॉलेज में ब्लैकआउट मॉक ड्रिल

## आपदा प्रबंधन तैयारियों का आंकलन, कई विभागों ने लिया हिस्सा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

बिजनौर। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश दिवस एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस के अवसर पर विवेक विश्वविद्यालय के मेडिकल कॉलेज में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण विभाग के तत्वावधान ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। ब्लैक आउट मॉक ड्रिल में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, अग्निशमन एवं आपदा सेवाएं, पुलिस, स्वास्थ्य एवं अन्य महत्वपूर्ण विभाग संगठनों द्वारा प्रतिभाग करते हुए सभी विभागों द्वारा अभ्यास का शानदार प्रदर्शन किया गया।

इस अभ्यास का उद्देश्य आपदा प्रबंधन की तैयारियों की जांच करना था, ताकि किसी भी आपात स्थिति में नागरिकों को आवश्यक सुरक्षा एवं बचाव सेवाएं प्रदान की जा सकें। ब्लैकआउट मॉक ड्रिल की शुरुआत ठीक 6:00 बजे अस्पताल में आग लगने की वजह से आपातकालीन सायरन बजना शुरू हुआ। तत्काल मौके पर अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा फायर एक्सटेंशन से आग बुझाने का प्रयास किया गया। इसी दौरान अग्निशमन के वाहनों का आगमन हुआ और अग्निशमन के जवानों द्वारा पानी की बौछार करते हुए बहुत जल्द आग पर काबू पा लिया। जबकि दूसरी ओर आपदा प्रबंधन की टीम, आपदा मित्रों, नागरिक सुरक्षा समिति के सदस्यों तथा पुलिस द्वारा घायल लोगों तत्काल स्ट्रेचर आदि पर उठाकर बाहर तैयार खड़ी एंबुलेंस में बैठाया गया, जहां एम्बुलेंस द्वारा उनको निर्धारित अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। सभी विभागों द्वारा ब्लैकआउट मॉक ड्रिल एक्सरसाइज के अवसर पर अपने-अपने दायित्वों का शानदार प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर रितु चौधरी, डिप्टी कलेक्टर/जिला सूचना अधिकारी हर्ष चावला, सीओ पुलिस संग्राम सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/प्रभारी अधिकारी एंबुलेंस सेवा डॉ. राहुल कुमार, जिला मलेरिया अधिकारी मंजुशा गुप्ता, आपदा विशेषज्ञ प्रशांत श्रीवास्तव, न्यायिक सहायक कपिल कुमार सहित अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग, नागरिक सुरक्षा कोर के सदस्य, आपदा मित्र तथा अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# दीक्षांत समारोह में छात्र सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

बिजनौर। आरवी इस्ट्टीयूट ऑफ टेक्नोलॉजी के पॉलिटेक्निक के छात्रों को सम्मानित किया गया।

इन छात्रों को प्राविधिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ ने 2024-25 के प्रथम वर्ष के परीक्षाफल के आधार पर राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020 के तहत प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये है, जिन छात्र-छात्राओं ने प्रथम वर्ष में 46 क्रेडिट में से 46 क्रेडिट प्राप्त किये है, उन छात्रों को प्रथम वर्ष उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र वितरित किया गया है। हमारे संस्थान के पॉलिटेक्निक मैकेनिकल इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष के 03 छात्रों (सुमित भण्डारी, प्रियन्त कुमार, ताजिम ने 46 में से 46 क्रेडिट प्राप्त किये है। आज प्राविधिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर प्राविधिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा उपलब्ध कराये गये तीनों छात्रों के प्रमाण पत्र संस्थान द्वारा आज वित. रित किये गये हैं।

संस्थान के प्रबंधक निदेशक सन्नी देशवाल व निदेशक नितिन अग्रवाल, रजिस्ट्रार विपिन कुमार व विभागाध्यक्ष सय्यद हैदर ने छात्रों को प्रमाण पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# खंड विकास कार्यालय में जनता की समस्याओं का हुआ समाधान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

स्योहारा। एसआईआर फॉर्म से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में खंड विकास अधिकारी विक्रम सिंह की सक्रिय पहल के तहत स्योहारा विकासखंड कार्यालय में एक सुनियोजित एवं विस्तृत सुनवाई आयोजित की गई। सुनवाई के दौरान नोटिस प्राप्त लाभार्थियों को व्यक्तिगत रूप से बुलाकर उनकी समस्याएं सुनी गईं और दस्तावेजों का गंभीरता से परीक्षण किया गया।

एसआईआर फॉर्म के उपरांत कुल 147 लाभार्थियों को नोटिस जारी किए गए थे, जिनमें से निर्धारित तिथि पर मात्र 36 लाभार्थी ही उपस्थित हुए। उपस्थित लोगों के दस्तावेज पूर्ण एवं नियमों के अनुरूप पाए जाने पर उनके मामलों का मौके पर ही सत्यापन कर निस्तारण किया गया। खंड विकास अधिकारी विक्रम सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रशासन का उद्देश्य किसी भी पात्र व्यक्ति को वंचित करना नहीं है, बल्कि सही लाभार्थी को उसका अधिकार दिलाना है। जिन मामलों में दस्तावेजों में त्रुटि या कमी पाई गई है, उन्हें बिना किसी कठोरता के एक और अवसर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन लाभार्थियों का दस्तावेजी मिलान नहीं हो पाया है, उन्हें तहसील के माध्यम से पुनः तिथि प्रदान की जाएगी ताकि वे अपने अभिलेख पूर्ण कर सकें और किसी के साथ अन्याय न हो। खंड विकास अधिकारी विक्रम सिंह ने यह भी कहा कि विकासखंड प्रशासन पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और संवे. दनशीलता के साथ कार्य कर रहा है। जनहित सर्वोपरि है और नियमों के अंतर्गत रहकर हर संभव सहयोग किया जाएगा, जिससे आम जनता का विश्वास प्रशासन पर बना रहे।

# गुलाब सिंह हिन्दू महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस मनाया



चांदपुर। स्थानीय गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र-छात्रा इकाई एवं मतदाता साक्षरता क्लब के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश की प्रगति, नवाचार, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक चेतना को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करते हुए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वर्ष 2026 की थीम विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित भारत के अंतर्गत विद्यार्थियों ने कविता पाठ किया और प्रदेश की समृद्ध संस्कृति का परिचय दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी मौहम्मद आरिफ ने विद्यार्थियों को बताया कि 24 जनवरी 1950 को संयुक्त प्रांत का नाम बदलकर उत्तर प्रदेश रखा गया था।

# समाधान दिवस में समस्याओं का निस्तारण

## तहसीलदार व थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने सुनी फरियादें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

स्योहारा। थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसीलदार ने की जबकि थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

समाधान दिवस के दौरान क्षेत्र से आए फरियादियों ने भूमि विवाद रास्ते की समस्या, राजस्व से जुड़े प्रकरण, पुलिस से संबंधित शिकायतें एवं अन्य जनसमस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए।

थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने फरियादियों को आश्वस्त किया कि पुलिस से संबंधित मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान पुलिस की प्राथमिकता है और समाधान दिवस इसी उद्देश्य से आयोजित किया जाता है।

तहसीलदार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप समाधान दिवस के माध्यम से आम नागरिकों को राहत पहुंचाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन शिकायतों का मौके पर निस्तारण संभव है, उन्हें तत्काल निपटाया जाए और शेष मामलों में निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

समाधान दिवस में राजस्व पुलिस एवं अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया, जिससे फरियादियों ने राहत की सांस ली।

## एक नजर

### उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील

झालू। झालू विद्युत उपकेंद्र के जेई सुदेश कुमार ने नगर के विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने बताया कि मौहल्ला नसीरियान में गुरुवार देर रात एक अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित है। जेई सुदेश कुमार ने कहा कि विद्युत आपूर्ति सुचारू करने के लिए विभागीय स्तर पर लगातार कार्य किया जा रहा है, लेकिन शुक्रवार को बारिश होने के कारण क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर को बदला नहीं जा सका। उन्होंने आश्वासन दिया कि मौसम अनुकूल रहने पर शनिवार को ट्रांसफार्मर बदलकर बिजली आपूर्ति बहाल करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से संयम और सहयोग की अपील करते हुए कहा कि असुविधा के लिए विद्युत विभाग को खेद है। विभाग द्वारा कार्य पूर्ण होते ही आपूर्ति तुरंत चालू कर दी जाएगी।

### पुलिया की अप्रोच के निर्माण की मांग



अफजलगढ़। बीजेपी सरकार में जनपद के अधिकारियों की लापरवाही का यह आलम है कि चार माह बीत जाने के बाद भी नाला की पुलिया के क्षतिग्रस्त अप्रोच का निर्माण न होने के कारण बड़े वाहन नाला में गिर जाने के कारण दो लोगों की मौत व दो दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए थे। गौरतलब है कि नगर से जसपुर जाने वाले नेशनल हाईवे 734 को जोड़ने वाले मार्ग पर मेघपुर मोड़ पर स्थित अमला नदी के नाला में 05 अक्टूबर 2025 को नाला के पुलिया की एप्रोच तोड़ते हुए कार्बन डाइऑक्साइड गैस से भरा एक टैंकर हादसे का शिकार हो गया था, जिसमें चालक और परिचालक की मौके पर ही मौत हो गई थी। उक्त हादसे के बाद स्थानीय नागरिकों ने संबंधित अधिकारियों व जिला प्रशासन से मेघपुर मोड़ पर सुरक्षा हेतु पुख्ता इंतजाम करने की मांग की थी। लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। नतीजतन 07 दिसंबर 2025 को काशीपुर से नगीना रोड पर चलने वाली एक निजी बस अनियंत्रित होकर नाला में जा गिरी। इस हादसे में महिलाओं सहीत करीब दो दर्जन यात्री गम्भीर रूप से घायल हो गए थे।

### सरस्वती विद्या मंदिर में कार्यक्रम



नगीना। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बसंत पंचमी के अवसर पर विद्यालय के पवित्र प्रांगण में माँ सरस्वती का भव्य पूजन मुख्य पंडित मारकंडेय शास्त्री द्वारा पूर्णवत विधिनुसार संपन्न हुआ। इस अवसर पर नवनिर्मित भवन का उद्घाटन टीकम चंद गुप्ता, रोहित गुप्ता सपत्नीक ने वेद मंत्रोच्चार एवं यज्ञ द्वारा किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के पवित्र प्रांगण में मां शारदा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन, पुष्पार्चन एवं वंदना स्तुति के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश सिंह सपत्नीक, प्रदीप गर्ग (अध्यक्ष), डॉ. संदीप शर्मा (प्रबंधक), अनिल बंधु (संरक्षक), संजीव गुप्ता, संजय वर्मा, अनमोल कंसल (नगर कार्यवाह), शुभम गुप्ता एवं मुख्य यज्ञ मान टीकम चंद गुप्ता व रोहित गुप्ता, सपत्निक गुप्ता, तुलाराम रेस्टोरेंट ने संयुक्त रूप से किया। प्रबंधीय समिति एवं आचार्या बहिन श्रीमति प्रतिभा ने आगंत. ुकों को अंगवस्त्र भेंट कर उनका हार्दिक अभिवादन किया। वीर हकीकत राय बलिदान दिवस व नेता जी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर बहिन क्रमशः निकिता, दिव्यांशी, आयुषी शर्मा, विधि चौहान आदि ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### पदभार संभालते ही कार्यकारिणी भंग



किरतपुर। समाजवादी पार्टी में संगठनात्मक फेरबदल को लेकर चर्चाओं का बाजार उस वक्त गर्म हो गया, जब नवनियुक्त नगर अध्यक्ष हसन अली चौधरी एडवोकेट के पदभार संभालने के महज 24 घंटे के भीतर ही पार्टी की जिला कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया। इस अप्रत्याशित घटनाक्रम ने न सिर्फ सपा कार्यकर्ताओं को चौंका दिया, बल्कि राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की अटकलों को भी जन्म दे दिया है। नगर अध्यक्ष की घोषणा के बाद जहां स्थानीय स्तर पर उत्साह और सक्रियता देखी जा रही थी, वहीं जिला कार्यकारिणी भंग होने की खबर ने अचानक माहौल को बदल दिया। पार्टी समर्थकों के बीच यह सवाल उठने लगा है कि जब जिले की कार्यकारिणी भंग होनी थी तो किरतपुर को नया नगर अध्यक्ष क्यों दिया था। जबकि हसन अली चौधरी एडवोकेट बहुत अच्छी छवि के व्यक्ति है। किरतपुर के कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि अब जब भी नई कार्यकारणी बने तो नगर किरतपुर से हसन अली चौधरी एडवोकेट को नगर बनाया जाए। फिलहाल नवनियुक्त नगर अध्यक्ष हसन अली चौधरी एडवोकेट को पार्टी नेतृत्व पर पूरा भरोसा जताते हुए संगठन हित में काम करने की बात कहते देखा जा रहा है। जिला कार्यकारिणी के पुनर्गठन को लेकर पार्टी की ओर से आधिकारिक घोषणा का इंतजार है।

### एसबीडी में पोस्टर व निबंध प्रति.



धामपुर। सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर निबंध, पोस्टर, भाषण एवं कविता प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं एनएसएस स्वयंसेविकाओं में उत्तर प्रदेश के इतिहास, संस्कृति एवं विकास के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। प्रतियोगिताओं में छात्राओं तथा एनएसएस की स्वयंसेविकाओं इलमा, भावना, प्रिया चौहान, सेजल, शायना महक, उजेफा समेत अन्य छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन स्थलों एवं विकास योजनाओं को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। वहीं निबंध, भाषण एवं कविता प्रतियोगिताओं में उत्तर प्रदेश के गौरवशाली अतीत, वर्तमान उपलब्धियों एवं भविष्य की संभावनाओं पर सारगर्भित विचार रखे गए। अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. पूनम चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस प्रदेश की अस्मिता,संघर्ष और उपलब्धियों का प्रतीक है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा, संस्कार और सेवा के माध्यम से प्रदेश व राष्ट्र के विकास में योगदान दें। कार्यक्रम का सफल आयोजन एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर गृहविज्ञान विभाग एवं योग शिक्षिका प्रियंका देवी के संयोजन में संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। अंत में निर्णायक मंडल द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्रदान किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में कु. काजल सिसौदिया, श्री राम सिंह, श्री रोहित का सराहनीय सहयोग रहा।

# परीक्षा देकर लौट रहे छात्र की हादसे में मौत

## कांठ रोड पर डीसीएम ने मारी टक्कर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। कांठ रोड पर गांव एबजाबाद के पास शनिवार दोपहर दर्दनाक हादसे में बीए के छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। परीक्षा देकर बाइक से घर लौट रहे युवक को पीछे से आ रही डीसीएम ने टक्कर मार दी, हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। शनिवार दोपहर हादसा अमरोहा देहात थाना क्षेत्र में कांठ रोड पर गांव एबजाबाद में हुआ। क्षेत्र के गांव पिलक सराय में भूरा का परिवार रहता है। उनका 20 वर्षीय बेटा मोहम्मद नबी शहर के एक डिग्री कालेज में बीए का छात्र था। शनिवार को वह परीक्षा देने के बाद बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। बताया जा रहा है कि जब वह गांव एबजाबाद के पास पहुंचा तो पीछे से आ रही डीसीएम ने टक्कर मार दी। हादसे में मोहम्मद नबी की मौके पर मौत हो गई। वहीं, हादसा अंजाम देने वाला डीसीएम चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ अवधभान भदौरिया ने परिजनों की तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की बात कही। जवान बेटे की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा प्रदेश

## 77वें स्थापना दिवस पर कलेक्ट्रेट में कार्यक्रम, छात्राओं ने सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत कर बांधा समां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। 77वें उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में विकसित उत्तर प्रदेश-विकसित भारत थीम पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद के प्रभारी मंत्री एवं राज्यमंत्री वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन श्री के. पी. मलिक ने की।

प्रभारी मंत्री द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों एवं प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया और सरकारी योजनाओं की जानकारी ली। दिव्यांगजन कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल वितरित की गई तथा उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में विद्यालयों की छात्राओं एवं संस्कृति विभाग के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी व कर्मचारी, ग्राम





प्रधान, प्रगतिशील किसान, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं मिलेट्स रेसिपी में योगदान देने वाले लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की राजनीतिक, भौगोलिक और सांस्कृतिक पहचान देश में विशेष स्थान रखती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम में लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का सजीव प्रसारण देखा गया, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन को सुना गया। समापन पर जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# एक जगह को अलग अलग योजना में दिखाकर धन लेने की जांच

## मोहल्ला महादेव में जांच को पहुंचे विशेष सचिव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। शासन को शिकायत मिली थी कि नगर के मोहल्ला महादेव में एक ही स्थल का नाम बदलकर उसे अलग-अलग योजनाओं में दिखाया गया और इसी आधार पर शासन से अलग-अलग धनराशि स्वीकृत करा ली गई। इस शिकायत का संज्ञान लेते हुए शनिवार को नगर विकास विभाग के विशेष सचिव सत्य प्रकाश पटेल धनौरा पहुंचे और मौके पर पहुंचकर जांच व निरीक्षण किया।

विशेष सचिव ने मौके पर विकास कार्यों से जुड़े अभिलेख, नक्शे और अन्य कागजात देखे। साथ ही धरातल पर कराए गए कार्यों का भी निरीक्षण किया। जांच के दौरान प्रशासनिक अमला पूरी तरह मुस्तैद रहा। इस अवसर पर एसडीएम विभा श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड राजेश गंगवार, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवधेश वर्मा, उमेश सैनी, दिनेश कुमार लेखपाल सहित राजस्व और संबंधित विभागों के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। विशेष सचिव सत्य प्रकाश पटेल ने बताया कि एक ही स्थान का नाम बदलकर शासन से अलग-अलग धनराशि स्वीकृत कराने की शिकायत मिली थी। उसी शिकायत के आधार पर मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया है। जांच रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने बताया कि शासन स्तर पर शिकायत की गई थी शासन से विशेष सचिव जांच के लिए आए थे।

# सगे भाईयों की दुकानों से तीन लाख की चोरी

## छत के रास्ते दुकानों में घुसे चोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पक्का बाग में बेखौफ चोरों ने छत के रास्ते दो किराना दुकानों को निशाना बनाकर नकदी व सामान चोरी कर लिया। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है, हालांकि फुटेज धुंधली होने से चोरों की पहचान नहीं हो सकी।

घटना शहर कोतवाली क्षेत्र में बिजनौर रोड पर पक्का बाग की है। आवास विकास कालोनी निवासी सगे भाई अजय अग्रवाल व विजय अग्रवाल यहां पर किराना सामान की दुकान है। दोनों भाइयों की दुकानें आसपास में ही हैं। शुक्रवार रात बेखौफ चोर पीछे से दुकान की छत पर चढ़ गए, इसके बाद उन्होंने सीढ़ियों की दीवार में नकब लगा लिया तथा पहले अजय अग्रवाल की दुकान में दाखिल हुए। यहां से एक लाख रुपये की नकदी व किराना का सामान चोरी कर लिया। उसके बाद इसी दुकान से पड़ोस की विजय अग्रवाल की दुकान में नकब लगा लिया। यहां से भी चोर पांच हजार रुपये की नकदी व किराना का सामान चोरी कर ले गए। चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई लेकिन फुटेज धुंधली होने के कारण उनके चेहरे साफ नहीं आए। शनिवार सुबह जब दोनों भाई दुकान पर पहुंचे तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। पीड़ित कारोबारियों के मुताबिक चोर उनकी दुकानों से नकदी समेत लगभग तीन लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए हैं। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी है।

# जेसीबी का किराया हड़पने पर दो पर मुकदमा

## कारोबारी ने ठेकेदारों पर करायी रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जेसीबी मशीन का किराया न देने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में कारोबारी की शिकायत पर पुलिस ने दो ठेकेदारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के गांव पंजूसराय निवासी फारूक पेशे से कारोबारी हैं। वह किराए पर जेसीबी व अन्य मशीनरी और ट्रैक्टर ट्राली ईंट भट्ठों व अन्य स्थानों पर किराए पर देते हैं। उनका आरोप है कि 20 फरवरी 2025 को संभल के असमौली थाना क्षेत्र के गांव रतीपुर के रहने वाले ठेकेदार नसीम और गांव महमूदपुर कड़हेड़ा के रहने वाले अंसार ने उनकीज. ेसीबी मशीन 1. 60 लाख रुपये प्रति माह के हिसाब से किराए पर ली थी। दोनों ठेकेदारों ने उनकी मशीन का 20 जून 2025 तक इस्तेमाल किया। किराया आठ लाख रुपये हुआ था। आरोप है कि नसीम और अंसार ने किराए के चार लाख रुपए दे दिए जबकि बकाया चार लाख रुपये अदा नहीं किए। तकादा करने पर दोनों टालमटोल करते रहे। बाद में रुपये देने से इनकार कर दिया। दोबारा मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित फारूक ने मामले की शिकायत डीआईजी मुनि. राज जी से की थी। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि उनके निर्देश पर मामले में फारूक की तहरीर के आधार पर आरोपी नसीम और अंसार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# उत्कृष्ठ कार्यों के लिए ईओ डा. ब्रजेश सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। कलेक्ट्रेट में हुए भव्य समारोह मे पालिका उप नगरायुक्त डॉ. बृजेश कुमार को उनकी उल्लेखनीय एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

शनिवार को नगर पालिका के उप नगर आयुक्त डॉ. बृजेश कुमार द्वारा पालिका अधिशासी अधिकारी के रूप मे अपनी उल्लेखनीय सेवाओं और योगदान के लिए खासे लोकप्रिय हैं। नगर पालिका की अध्यक्ष श्रीमती शशि जैन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर पालिका के उपलब्ध सीमित संसाधनों के सहारे बेहतर नगरीय सुविधाएं एवं नगर के सौन्दर्य करण मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले डॉ. बृजेश कुमार की गिनती एक मेहनती एवं कुशल अधिकारियो मे होती है। इनकी बेहतर कार्यक्षमता के कारण जनपद के उच्च अधिकारियो द्वारा डॉ. बृजेश कुमार के अनुभवों एवं कार्यकुशलता का प्रयोग जनपद के अन्य महत्वपूर्ण आयोजनों, कार्यक्रमों मे किया गया। उत्तर प्रदेश के



बड़े मेलो मे सम्मिलित श्री गंगा तिगरी मेला जो प्रदेश मे मिनी कुम्भ के नाम से विख्यात है। इस मेले मे लगभग 30 से 40 लाख श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं, जनपद के सबसे विशाल इस आयोजन मे जिलाधिकारी महोदय द्वारा डॉ. बृजेश कुमार को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गये। जिनको पालिका अधिशासी अधिकारी द्वारा पूरी तन्मयता एवं कार्यकुशलता से पूर्ण किया गया।

# फर्म पर करोड़ो के बकाया की वसूली को निकाली रिकवरी

## राज्यकर के सीटीओ ने करायी रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला**। राज्य कर विभाग ने एक फर्म पर आईटीसी टैक्स चोरी के बकाया पर ब्याज और जुर्माना लगाते हुए पांच करोड़ 53 लाख रूपये की रिकवरी निकाली है, साथ ही थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के दरियापुर बुजुर्ग गांव निवासी सुमित कुमार ने राधिका इंटरप्राइजेस के नाम से फर्म है। फर्म का हैड आफिस दरियापुर बुजुर्ग में ही है। एक कार्यालय हसनपुर मार्ग पर स्थित अल्लीपुर मोहल्ला में है। बताया जा रहा है कि फर्म से खाद्य तेल की खरीद फरोख्त होती है। फर्म वर्ष 2020 से संचालित है। आरोप है कि फर्म के मालिक ने 17 करोड़ 34 लाख 44 हजार 550 रुपये का खाद्य तेल सिर्फ कागजों में ही खरीदकर बेच दिया। ऐसा करके दो करोड़ सात लाख 90 हजार 806 रुपये की आईटीसी चोरी की गई। मामला संज्ञान में आने पर राज्य कर विभाग ने जांच शुरू की। मौके पर जांच करने पहुंचे अधिकारियों को जानकारी हुई की किसी तरह का माल न तो आफिस पहुंचा है और नहीं कार्यालय में। आईटीसी चोरी का मामला गंभीर देखते हुए हसनपुर खंड के राज्य कर विभाग के सीटीओ ने अपने उच्चाधिकारियों को मामले की जानकारी दी। जांच पूरी होने के बाद सीटीओ रविंद्र गोस्वामी ने सुमित कुमार के खिलाफ दो करोड़ सात लाऽ 90 हजार 806 रुपये की आईटीसी चोरी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। सीटीओ ने बताया कि आईटीसी चोरी पर 18 प्रतिशत ब्याज व जुर्माना लगाते हुए सुमित पर विभाग ने पांच करोड़ 53 लाख रुपये की रिकवरी निकाली है।

# योजनाओं का लाभ पात्रों को दिलायें: जुल्फेकार

## क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में ब्लाक प्रमुख जुल्फेकार अली ने कहा कि उन्होंने पूरे ब्लाक में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराये हैं। जो भी सरकार की योजनाएं हैं उनका लाभ पात्र लोगों को दिलाया गया। बैठक में पूर्व में कराए गए विकास कार्यों का विवरण सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसे सदस्यों द्वारा सुना गया। इसके साथ ही अनुपूरक कार्य योजना एवं वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना तैयार करने के लिए क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्रवासियों से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए। विकास कार्यों को लेकर सदन में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान विकास खंड की ग्राम पंचायत शेखपुर माफी के ग्राम प्रधान डॉ. इब्राहिम के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। सदन द्वारा दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत प्रधान को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में ब्लाक प्रमुख जुल्फिकार अली, खंड विकास अधिकारी लोकचन्द्र, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. आशकार अली सहित विकास खंड के अधिकारी, कर्मचारी एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

# रंजिश के चलते पंचायत भवन में तोड़फोड़

## अवैध कब्जा हटाने की रंजिश, पांच पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। ग्राम समाज की भूमि से अवैध कब्जा हटवाने को लेकर रंजिश में पंचायत भवन में तोड़फोड़ और प्रधान पति को जान से मारने की धमकी देने में पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामला जोया ब्लॉक की ग्राम पंचायत सिनौरा जलालाबाद का है। ग्राम प्रधान पति वसीम अहमद द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक कुछ समय पहले उन्होंने ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा हटवाया था। इसी बात को लेकर गांव के रहने वाले तौफीक, अजीम, जाकिर, नाजिया खानम और गुले रुखसार उनसे रंजिश रखने लगे। गुस्से में आरोपियों ने करीब चार साल पहले बने गांव में बने पंचायत भवन में तोड़फोड़ की। भवन की छत पर लगे सोलर के पैनल और कैमरे तोड़ दिए। इतना ही नहीं प्रधान पति को जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में तौफीक, अजीम, जाकिर, नाजिया खानम और गुले रुखसार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## कर्पूरी ठाकुर के पदचिन्हों पर चलने का आह्वान



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। अपना दल एस के कार्यकर्ताओं द्वारा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनायी गयी। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धाजलि अर्पित की गयी। जिलाध्यक्ष हाजी मुजफ्फर अली अंसारी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के सामाजिक न्याय एवं समानता पर आधारित विचारों पर प्रकाश डालते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर उसमान मंसूरी, अमन यादव, सतेन्द्र जाटव, मनोज शर्मा, दिलशाद खान, शाने आलम, इरफान मंसूरी, वसीम खान आदि शामिल रहे।

# विकास के नाम पर न छीनी जाए गरीबों की रोजी

## पटरी दुकानदारों का अनिश्चित्कालीन अनशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। नगर के मोहल्ला महादेव और थाना रोड स्थित रामलीला मैदान के समीप बीते कई दशकों से खोखे व ठेले लगाकर कारोबार कर रहे पटरी दुकानदारों ने हदबंदी और चहारद. ीवारी निर्माण के विरोध में शनिवार से अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया। दर्जनों दुकानदारों ने मैदान के पास ही शांतिपूर्वक धरना-प्रदर्शन किया।

शीशपाल सैनी ने बताया कि थाना रोड पर वर्षों से ये दुक. ानदार मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवारों का भरण-पोषण कर रहे हैं। मोहल्ला महादेव के रहने वाले ये सभी लोग गरीब परिवारों से ताल्लुक रखते हैं और इनके पास आय का कोई अन्य साधन नहीं है। वर्तमान में प्रशासन द्वारा कराई जा रही पैमाइश और प्रस्तावित चहारदीवारी निर्माण के कारण इनके खोखे इसकी जद में आ रहे हैं। यदि इन्हें यहां से हटाया गया तो दर्जनों परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। दुकानदारों ने बताया कि उन्होंने अपनी समस्याओं को लेकर बुधवार को उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद शुक्रवार को अमरोहा पहुंचकर जिलाधिकारी को भी अपनी व्यथा से अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका है। दुकानदारों की मांग है कि उनके खोखों को वर्तमान स्थान पर ही रहने दिया जाए या फिर यदि हटाना अनिवार्य हो तो प्रशासन द्वारा उनके व्यवसाय के लिए किसी अन्य स्थान पर उचित व्यवस्था की जाए। अनशन पर बैठे दुकानदारों और स्थानीय नागरिकों ने एक स्वर में कहा कि वे विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन विकास की आड़ में गरीबों का चूल्हा बुझना नहीं चाहिए। मांगों पर विचार न होने तक अनशन जारी रखने की चेतावनी दी गई। इस मौके पर शीशपाल सैनी, भगतराम सैनी, ओमकार, धर्मवीर, सोनू सैनी, बलकीर सिंह, महेंद्र सिंह, भोला, ओमप्रकाश, टीकाराम सैनी, महिपाल सैनी, अतर सिंह, विकास बंसल, राधेश्याम, अमर सिंह सैनी, संध्या शर्मा, शीला, लाल बाबू, नरेश सैनी, अशोक सैनी, अशोक कुमार, ममता सहित दर्जनों दुकानदार और स्थानीय लोग मौजूद रहे।



मंडी धनौरा। अनिश्चितकालीन धरने के बैठे पटरी दुकानदार।

## आसिम अध्यक्ष व रिंकू बनेसचिव



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रीयल ऑफिसर्स एसोसिएशन शाखा अमरोहा का द्विवार्षिक अधिवेशन पीएम राजकीय इंटर कॉलेज में संपन्न हुआ। इस मौके पर मोहम्मद आसिम को अध्यक्ष तथा रिंकू गौतम को सचिव पद पर चयनित किया गया। इसके साथ ही उपाध्यक्ष पद पर मनोज वर्मा, कोषाध्यक्ष पद पर अली जमाल एवं ऑडिटर पद पर विकास यादव निर्विरोध निर्वाचित हो गये। चुनाव अधिकारी पवन कुमार त्यागी व नजाकत अली मंडलीय पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। इस अवसर पर संजय त्यागी, मोहम्मद असलम, कपिल कुमार, महेश सिंह, शैलेंद्र कुमार, रामगोपाल, मोहित शर्मा, सनी दत्त, राहुल कुमार, दीप सिंह, विनीत कुमार, मोहम्मद अय्यूब, प्रभु दयाल, रूप सिंह, लोकेंद्र सिंह, संजीव कुमार, तिलक राम आदि उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर विकास भवन परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर जनपद स्तर पर विकास भवन परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ राज्य सूचना आयुक्त सुधीर कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर राज्य सूचना आयुक्त, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाधिकारी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया गया तथा उपस्थित अधिकारियोंध्कर्मचारियों से विभागीय योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। कार्यक्रम के दौरान विकास भवन सभागार में राष्ट्र प्रेरणा स्थल, लखनऊ से गृह मंत्री एवं मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन का सजीव प्रसारण भी देखा गया। साथ ही जनपद में संचालित विकास कार्यों से संबंधित डाक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया।




राज्य सूचना आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 से उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस निरंतर मनाया जा रहा है। वर्ष 2018 में हएक जनपद–एक उत्पादह की परिकल्पना की गई थी, जो आज पूरे देश में सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 से हएक जनपद–एक व्यंजनह योजना का शुभारम्भ किया गया है, जिससे प्रत्एक जनपद को अपने विशिष्ट व्यंजन के माध्यम से नई पहचान मिलेगी तथा युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश प्रत्एक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कानून व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है तथा निवेश के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व प्रगति हुई है। प्रदेश में योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है तथा सड़कों सहित आधारभूत संरचना का व्यापक विकास हुआ है। हविकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेशह की परिकल्पना को साकार करने में प्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम के दौरान उद्योग विभाग द्वारा 05 उत्कृष्ट उद्यमियों अर्जित गर्ग मैसर्स नीरू मेंथाल, नरेश सिंघल मैसर्स होटल ओपल एवं यूपी–22, व्योम वार्ष्णेय मैसर्स ईको आर्गेनिक, ष गुप्ता मैसर्स रेडियन्स पार्क एवं अनिल राठौर मैसर्स इंडियन टोनर्स को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत प्रीति मुरसैना को कम्प्यूटर सेंटर की स्थापना हेतु तथा अमर पाल पनवड़ियाऋको इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक रिपेयरिंग सर्विस उद्योग की स्थापना हेतु रूपये 02–02 लाख का ऋण प्रदान किया गया तथा संजय कुमार निवासी मिलक को फूड रेस्टोरेंट की स्थापना हेतु रूपये 05 लाख का ऋण उपलब्ध कराया गया। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत 12 लाभार्थियों को टूल किट वितरित की गई।

कृषि विभाग द्वारा 04 कृषकों को नवाचार के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। युवा कल्याण विभाग द्वारा 08 खिलाड़ियों को खेल किट वित. रित की गई। एनआरएलएम विभाग द्वारा 05 लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पशुपालन विभाग द्वारा उत्कृष्ट पशुपालकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा बेहतर कार्य करने वाले 06 ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 08 आशा कार्यकत्रियों को सम्मानित किया गया। श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत 07 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में शासन की मंशानुसार योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे है।

जनपद में कराए गए विकास कार्यों की रैकिंग में रामपुर मण्डल में प्रथम स्तर पर एवं प्रदेश स्तर पर 8 वें स्थान पर है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डा। दीपा सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिक. ारीगण उपस्थित रहे।

# सांसद ने शोक संतप्त परिवारों से की मुलाकात, गंगा–जमुनी तहजीब का दिया संदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** शनिवार को सांसद मोहिबुल्लाह नदवी जौहर विश्वविद्यालय के समीप स्थित आलियागंज गांव में यासीन के पुत्र आजम के दफन में शामिल हुए तथा मरहूम की मगफिरत के लिए दुआ की। इसके उपरांत सांसद नदवी ग्राम इमरता पहुंचे, जहां दो दिन पूर्व पटवारी साहब के भतीजे की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उन्होंने शो. काकुल परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की और मरहूम की मगफिरत की दुआ की।

सैदनगर क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर में भूरा हाजी के इंतकाल पर सांसद मोहिबुल्लाह नदवी उनके आवास पहुंचे और ताजियत पेश करते हुए मरहूम के लिए दुआएं कीं। इसी क्रम में ग्राम शिकारपुर में गुड्डू के वालिद मोहम्मद हसन हाफिज एवं नासिर के निधन पर भी उनके परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त की।

स्वार क्षेत्र के ग्राम खेड़ा टांडा में हाल ही में राशिद प्रधान के भाई के इंतक. ाल पर सांसद नदवी जी उनके आवास



पहुंचे और मरहूम की मगफिरत के लिए दुआ की। इसके अतिरिक्त सांसद मोहिबुल्लाह नदवी जी माटखेड़ा क्षेत्र के ग्राम बिहारी नगर में इसरार अली एडवोकेट की बहन के विवाह समारोह में शामिल हुए तथा नवविवाहित जोड़े को दुआओं से नवाजा।

सांसद नदवी जी कस्बा टांडा में आयोजित जलसे में भी शामिल हुए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि रामपुर जनपद पूरे देश में गंगा–जमुनी तहजीब की अनूठी मिसाल है, जहां सभी धर्मों के लोग आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ रहते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ शरारती तत्व समाज और देश का माहौल खराब करना चाहते हैं, लेकिन ऐसे लोगों की समाज में कोई जगह नहीं है। सभी नागरिकों को चाहिए कि वे ऐसे तत्वों की पहचान कर उनसे दूरी बनाए रखें। इस अवसर पर हाफिज नूरी, आसिफ अली, नासिर शेख, अरशद अली एडवोकेट, डॉ। मकतूब अहमद, जमील सैफी, इंतजार खान, अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव राम बहादुर सागर, नरेश यादव, बदन सिंह यादव, सांसद मीडिया प्रभारी

एडवोकेट महबूब पाशा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया प्रभावित करने की कोशिश पर प्रशासन की कार्रवाई

- **08 जनसेवा केंद्रों का औचक निरीक्षण**

**निर्वाचन प्रक्रिया में अनियमितता पर जनसेवा केंद्र संचालकों के विरुद्ध एफआईआर**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** वर्तमान में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

पुनरीक्षण अवधि के दौरान अपात्र मतदाताओं के नाम विलोपन हेतु नोटिस निर्गत किए जा रहे हैं तथा प्राप्त दावेध्आपत्तियों का नियमानुसार निस्तारण किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही के दौरान एक शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें यह आरोप लगाया गया कि कुछ जनसेवा केंद्रों के संचालकों द्वारा नियमों के विरुद्ध तरीके से अभिलेख तैयार किए जा रहे हैं, जिससे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है।

शिकायत की गंभीरता को .ष्टिगत रखते हुए उपजिलाधिकारीध्राजस्व टीम द्वारा दिनांक 23.01. 2026 एवं 24.01.2026 को कुल तीन चरणों में 08 जनसेवा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान फैजान साहूंबर कैफे तथा नावेद ऑनलाइन प्वाइंट कम्प्यूटर्स एण्ड ऑनलाइन प्वाइंट को छोड़कर शेष जनसेवा केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों कम्प्यूटर, लैपटॉप आदि का प्रयोग करते हुए फर्जी वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, जाति प्रमाण–पत्र, निवास प्रमाण–पत्र आदि दस्तावेजों में एडिटिंग–कूटरचना किया जाना पाया गया। उक्त निरीक्षण में सम्मिलित जनसेवा केंद्रों एवं उनके संचालकों का विवरण निम्नवत् है।

1. जनसेवा केंद्र का नाम संचालक का विवरण: मनीष कम्प्यूटर जनसेवा केंद्र, तहसील स्वार संच. ालक जयप्रकाश, निवासी ग्राम इमरानपुर, थाना स्वार।

किसान ऑनलाइन प्वाइंट एवं जनसेवा केंद्र, तहसील स्वार संचालक प्रमोद कुमार पुत्र हेटराम जान लाईवर वी.जे., तहसील स्वार संचालक राशिद पुत्र अहमद अली, निवासी ग्राम इलबरा नावेद ऑनलाइन प्वाइंट, तहसील स्वार संचालक नावेद खान पुत्र शमशेर राचा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑनलाइन प्वाइंट, तहसील स्वार संचालक प्रहलाद पुत्र जीयू, निवासी मोहल्ला खास, स्वार निरीक्षण के दौरान उक्त जनसेवा केंद्रों से प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को जब्त कर नियमानुसार अभिरक्षा में लिया गया।

साथ ही संबंधित जनसेवा केंद्र संचालकों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत एफआईआर करा दी गई है तथा अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

# उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर पारंपरिक खेल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश एवं जिला प्रशासन के निर्देशन में जिला खेल कार्यालय, रामपुर द्वारा पारंपरिक खेलों के अंतर्गत कबड्डी प्रतियोगिता द्धपुरुष एवं महिला वर्गऋ का आयोजन शहीद–ए–आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम, बमनपुरी में किया गया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन ओलंपियन राजेंद्र सिंह रावत द्वारा किया गया, जबकि पुरस्कार वितरण संजय कुमार, आबकारी निरीक्षक शाहाबाद, रामपुर के कर–कमलों द्वारा संपन्न हुआ।

पुरुष वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में नौगवां, पनवड़िया, स्टेडियम बमनपुरी एवं मिलक की टीमों ने प्रतिभाग किया। रोमांचक मुकाबलों के उपरांत मिलक



कबड्डी टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि स्टेडियम बमनपुरी टीम द्वितीय स्थान पर रही।

महिला वर्ग में नानकार, मिलक, शहीद–ए–आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय द्धशहरऋ की टीमों ने भाग लिया। महिला कबड्डी प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी शहर विद्यालय की टीम प्रथम तथा नानकार की टीम द्वितीय स्थान पर रही।

प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका सुनील यादव, महावीर सिंह मुस्कान, रहमना आदि द्वारा कुशलतापूर्वक निभाई गई।

इस अवसर पर प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी ने अपने संबोधन में जनपद रामपुर में स्थित तीनों स्टेडियमों की खेल अवस्थापनाओं, पूर्व एवं वर्तमान विकास कार्यों की जानकारी दी। साथ ही विभागीय योजनाओं के अंतर्गत छात्रावास एवं स्पोर्ट्स कॉलेज में प्रवेश, मेडलिस्ट खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दी जाने वाली सरकारी नौकरी, नगद पुरस्कार, सम्मान एवं आर्थिक सहायता की विस्तृत जानकारी दी गई।

इसके अतिरिक्त जिला खेल कार्यालय रामपुर के अंतर्गत संचालित स्टेडियमों में उपलब्ध बैडमिंटन, फुटबॉल, क्रिकेट, हॉकी, जिम, स्विमिंग पूल, लॉन टेनिस, बास्केटबॉल आदि खेलों में प्रवेश एवं विभिन्न योजनाओं से खिलाड़ियों को अवगत कराया गया। योजनाओं का लाभ लेने हेतु खेल साथी पोर्टल पर आवेदन की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के अंत में सभी खिलाड़ियों, निर्णायक मंडल, अतिथियों एवं कार्यालय के समस्त कर्मचारियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण की गई।

इस अवसर पर डॉ। अनूप कुमार सिंह द्धप्रवक्ता, डाइट रामपुरऋ, फरहत अली खां, खेमपाल द्धपूर्व वरिष्ठ सहायकऋ, बबलू, धर्मेंद्र, ललित कुमार सहित अन्य संभ्रांत जनों की गरिमामई उपस्थिति रही।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता जागरूकता रैली

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में प्रार्थना सभा के बाद विद्यालय के सभी बच्चे एकत्रित हुए और विद्यालय के शिक्षकों की देख–रेख में 25 जनवरी, राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर रविवार होने के कारण आज 24 जनवरी 2026 दिन शनिवार को मतदाता जागरूकता को लेकर शपथ, भाषण, और मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली, ग्राम हजरतपुर में स्थित कंपोजिट विद्यालय घाटमपुर से शुरू हुई तथा तोपखाना रोड से होती हुई रामपुर गार्डन व प्रानपुर रोड होती हुई वापिस आकर विद्यालय पर संपन्न हुई।

रैली में विद्यालय के छात्र एवं छात्राएं मतदाताओं को संबोधित करते हुए विभिन्न नारे भी लगा रहे थे जैसे

सारे काम छोड़ दो , सबसे पहले वोट दो। लोकतंत्र की है यह पुकार , करो




अपने मतदान का अधिकार। बड़े बूढ़े हो या जवान, सभी मिलकर करें अपना मतदान। वोट डालने जाना है , अपना फर्ज निभाना है । देश के विकास में दे अपना योगदान, हर हाल में करें अपना मतदान। घर–घर साक्षरता ले जाएंगे,

मतदाता जागरूक बनाएंगे।

मतदाता जागरूकता अभियान रैली के माध्यम से ग्राम हजरत पुर एवं तोपखाना क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक किया गया । उन्हें बताया गया कि सभी मतदाताओं को अधिक से अधिक अपने वोट का इस्तेमाल करना चाहिए और वोट जरुर डालना चाहिए।

मतदाता जागरूकता रैली में नाजिम अली, मुजाहिद खान , चिरंजीव गुड्डू , नसरीन बी , सीमा गौहर, रजनी गुप्ता, रजिया बेगम, शबिस्ता नैयर, शाजिया बी, शहनाज फातिमा, आदि उपस्थित रहे।

# रिकार्ड समय में चकबन्दी प्रक्रियाएं पूर्ण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर चकबन्दी आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा जनपद रामपुर के ग्रामों में चकबन्दी कराने का निर्णय लिया गया था। वर्तमान में कुल 27 ग्राम चकबन्दी प्रक्रियाधीन हैं।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के कुशल नेतृत्व में इन ग्रामों में से जनपद की तहसील टाण्डा परगना टाण्डा के ग्राम दर्शनपुर में 24 माह में तथा जनपद तहसील व परगना बिलासपुर के ग्राम सरवरनगर में 25 माह में चकबन्दी प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गई हैं। चकबन्दी नियमों के अनुसार किसी ग्राम की चकबन्दी प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए 60 माह की अवधि निर्धारित है।

बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी संजय कुमार ने बताया कि ग्राम दर्शनपुर व ग्राम सरवरनगर में चकबन्दी प्रक्रियाओं में सर्वप्रथम खेतों की नाप करते हुए अभिलेखों की दुरूस्ती एवं चक निर्माण का कार्य पूर्ण करते हुए स्थल पर चकबन्दी योजना क्रियान्वित कर ग्राम के अन्तिम अभिलेख तैयार कर धारा 52 का प्रस्ताव चकबन्दी आयुक्त उत्तर प्रदेश लखनऊ को भेजा जा चुका है। चकबन्दी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता लाने हेतु इन ग्रामों से सम्बन्धित सभी कृषकों की आम राय से चकबन्दी योजना तैयार करते हुए स्थल पर योजना पूर्ण की गई है। इससे पूर्व ग्राम चक रफतपुर तहसील टाण्डा में माह जुलाई 2024 तक चकबन्दी प्रक्रियाएं रिकार्ड समय मात्र 08 माह में पूर्ण कर ली गई थी।

बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी ने बताया कि चकबन्दी टीम के अथक प्रयासों से इस कार्य में ग्रामीणों का सहयोग लेते हुए यह उपलब्धि प्राप्त की गई है, जिसके लिए कृषकों का आभार व्यक्त किया गया। इस कार्य में कृषकों का सहयोग अत्यधिक सराहनीय रहा तथा इस ग्रामों में कार्यरत चकबन्दी स्टाफ की भूमिका प्रशंसनीय रही।

बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा समय से पूर्व प्रशंसनीय कार्य करने वाले सभी कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र तथा विशेष प्रविष्टि प्रदान किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# डीएम के निर्देश पर शिक्षण संस्थानों के आसपास तंबाकू विक्रेताओं पर कार्रवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डॉ। शहजाद हसन खान एवं थाना एएचटीयू टीम द्वारा संयुक्त रूप से जनपद में तंबाकू विक्रेताओं के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न शिक्षण संस्थानों के आसपास स्थित तंबाकू विक्रेताओं की जांच की गई।

जांच के दौरान विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, रामलीला पब्लिक स्कूल, ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, प्राथमिक विद्यालय घाटमपुर सहित अन्य विद्यालयों के आसपास संचा. लित दुकानों को चेक किया गया। कोटपा अधिनियम के उल्लंघन, तंबा. कू उत्पादों के प्रचार–प्रसार एवं धारा



6द्धएऋ का उल्लंघन करते पाए जाने पर कुल सात तंबाकू विक्रेताओं पर जुर्माना लगाया गया।

इसके अतिरिक्त, पांच दुकानों से तंबाकू उत्पादों के नमूने एकत्र कर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला में भेजे गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शिक्षण संस्थानों के आसपास तंबाकू बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध है और इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

इस अभियान के दौरान वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल नसीम खान सहित तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# किसानों के उत्पीड़न व वन विभाग में भ्रष्टाचार को लेकर मंडल अधिकारी से मिला किसान प्रतिनिधिमंडल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष सन्जोर अली पाशा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने वन विभाग के मंडल अधिकारी द्धकंजरवेटरऋ रमेश चंद्रा से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मंडल अधिकारी का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा जनपद रामपुर से जुड़ी वन विभाग संबंधी गंभीर समस्याओं को लेकर एक लिखित ज्ञापन सौंपा।

वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष सन्जोर अली पाशा ने बताया कि रामपुर रेंज स्थित क्रोकोडाइल पार्क से संबंधित शिकायत लंबे समय से लंबित है, जिस पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने रामपुर के डीएफओ एवं जांच समिति, संभल की डीएफओ प्रीति यादव से जुड़े मामलों को भी उठाया।




प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि जब से रामपुर जनपद में डीएफओ रोड कुमार की तैनाती हुई है, तब से किसानों का उत्पीड़न पूरे जिले में बढ़ गया है।

उन्होंने बताया कि बिलासपुर के डांडिया वन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध कटान हो रहा है, जिसकी लिखित शिकायत पहले ही दी जा चुकी है। सरकारी लकड़ी जंगलों और सड़कों पर खुलेआम काटी जा रही है और शिकायत करने वालों को धमकियां दी जाती हैं। बहादुरगंज क्षेत्र में कुछ समय पूर्व रसीद के नाम पर लगभग पांच लाख रूपए की अवैध वसूली की गई, जिसमें मात्र दो लाख पचहत्तर हजार रूपए की रसीद काटकर शेष धन का गमन कर लिया गया।

प्रतिनिधिमंडल ने यह भी बताया कि शाहबाद क्षेत्र में भी अवैध कटान जारी है और किसानों से पहले नकद धन लिया जाता है, फिर रसीद के नाम पर वसूली कर किसानों को खाली हाथ छोड़ दिया जाता है। पिछले एक वर्ष से परमिट की स्थिति अत्यंत खराब है, जहां पांच हजार रूपए से अधिक खर्च करने के बावजूद किसानों को परमिट नहीं मिल पा रहा है। वहीं प्लॉटिंग के नाम पर जमीन खरीदने वाले लोग मोटी रकम देकर आसानी से परमिट हासिल कर रहे हैं, जिससे किसानों की कृषि भूमि लगातार कम हो रही है।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि गरीब किसान इतनी भारी रकम देने में असमर्थ है और पहले से ही बदहाल स्थिति में है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकारी संपत्ति को जिले भर में बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाया जा रहा है, लेकिन दो माह पूर्व दी गई शिकायतों का अब तक कोई निस्तारण नहीं किया गया है।

सन्जोर अली पाशा ने बताया कि मंडल अधिकारी की ओर से उन्हें पूरा आश्वासन मिला है कि मामले की जांच कराई जाएगी और किसानों को हर संभव मदद दी जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र शिकायतों का निस्तारण नहीं हुआ, तो राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन बड़ा आंदोलन करेगा तथा भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों के पुतले दहन किए जाएंगे।

इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल में सोहेल पाशा, मोहम्मद जैद खान, भूपेंद्र मौर्य, हाजी रहमान पाशा, अयूब पाशा, सुनील सागर, इस्लाम नवी, डॉ। फुरकान, जय राम सहित अनेक किसान नेता मौजूद रहे। अंत में सभी ने हजय जवान, जय किसानह और हसरदार बीएम सिंह जिंदाबादह के नारे लगाए।

# राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ कार्यालय पर संभल जनपद के पदाधिकारियों का स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** शनिवार को जनपद रामपुर स्थित राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला कार्यालय पर जनपद संभल से आए अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष हुसैन पाशा के नेतृत्व में बिलाल अहमद, फैसल अली, मोहम्मद उमर सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आगमन हुआ।

इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक. दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बबलू ने सभी आगंतुकों का फूल–मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय महासचिव महबूब अली पाशा, युवा नेता तशरीफ, नगर अध्यक्ष मंजू खान, जिला उपाध्यक्ष इदरीश अंसारी सहित अनेक पदा. धिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रदेश महासि. चव मोहम्मद उस्मान बबलू ने कहा



कि आगामी पंचायत चुनाव एवं विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय लोक. दल बेहतर प्रदर्शन करेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आहवान किया कि वे घर–घर जाकर पार्टी को मजबूत करें तथा राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह के हाथों को सशक्त बनाएं। प्रदेश महासचिव ने कहा कि चौधरी जयंत सिंह वर्तमान में एनडीए गठबंधन में रहते हुए केंद्रीय मंत्री के रूप में गरीबों, मजदूरों और किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के पोते चौधरी जयंत सिंह के प्रधानमंत्री अथवा मुख्यमंत्री बनने का सपना तभी साकार होगा, जब सभी कार्यकर्ता ईमानदारी और निष्ठा से संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे तथा सच्चे और कर्मठ लोगों को पार्टी से जोड़ेंगे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशवासियों, प्रदेशवा. सियों एवं जनपदवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# सांसद डॉ. महेश शर्मा ने किया यूपी दिवस का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रदेश की स्थापना की ऐतिहासिक स्मृति को जीवन्त बनाए रखने तथा उत्तर प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, सामाजिक और विकासात्मक उपलब्धियों को आम जनमानस तक पहुँचाने के उद्देश्य से 24 से 26 जनवरी 2026 तक तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस-2026 का भव्य शुभारंभ शिल्प हाट, सेक्टर-33ए, नोएडा में किया गया।



कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन सांसद (लोकसभा) डॉ. महेश शर्मा द्वारा रिबन काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, माननीय विधान परिषद सदस्य चंद शर्मा, विधायक तेजपाल सिंह नागर, भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

मुख्य कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ के मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एलईडी स्क्रीन पर दिखाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री के संदेश और प्रदेश की प्रगति का दर्शन कराया गया। इसके अलावा सूचना विभाग द्वारा तैयार लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसे उपस्थित जनसमूह ने उत्साह से देखा।

कार्यक्रम में संबोधन करते हुए सांसद डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस प्रदेश की ऐतिहासिक पहचान, समृद्ध संस्कृति और सतत विकास यात्रा को जन-जन तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी, स्टार्टअप, पर्यटन, शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है, जिसका लाभ समाज के अंतिम पंक्ति तक पहुँच रहा है।

सांसद ने आगे कहा कि इस तरह के आयोजन प्रदेश की लोककला, शिल्प एवं सांस्कृतिक विविधता को मंच देते हैं और युवाओं, महिलाओं व उद्यमियों को प्रेरित करते हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का अधिकतम लाभ उठाएँ और प्रदेश की कला, संस्कृति तथा विकासात्मक उपलब्धियों का आनंद लें।

कार्यक्रम में जनसामान्य को मतदाता शपथ भी दिलवाई गई। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में 15 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम जैसे "जय हिंद की सेना", शास्त्रीय संगीत और लोकनृत्य प्रस्तुत किए, जिन्हें दर्शकों ने भारी उत्साह से सराहा। रागिनी गायक ब्रह्मपाल नागर के गीतों में राष्ट्रीय भावना और सामाजिक चेतना की झलक थी।

इस अवसर पर सांसद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराई तथा छोटे बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया, जिसमें सुरक्षित व पौष्टिक आहार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान स्वीप एवं मतदाता जागरूकता में उल्लेखनीय कार्य करने वाली संस्थाओं तथा व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत युवा उद्यमियों को ब्याज-मुक्त ऋण चेक प्रदान किए गए तथा विश्वकर्मा टूलकिट वितरण योजना के तहत सिलाई मशीन आदि वितरित किए गए।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी ने बताया कि 24 से 26 जनवरी तक शिल्प हाट में कार्यक्रम आयोजित रहेगा, जिसमें प्रदेश के जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों, प्रमुख उत्पादों और सांस्कृतिक विविधताओं को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने आमजन से आग्रह किया कि वे स्टॉलों का भ्रमण कर उत्तर प्रदेश की कला, संस्कृति, विरासत और सरकारी योजनाओं की जानकारी अवश्य लें।

इस अवसर पर लगभग 120 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें नोएडा प्राधिकरण, कृषि विभाग, स्वयं सहायता समूह, महिला एवं बाल सुरक्षा, मिशन शक्ति अभियान, शिक्षा, दिव्यांगजन योजनाएँ, स्वास्थ्य, स्वच्छता, ग्रामोद्योग आदि विभाग शामिल हैं। कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह, यमुना विकास प्राधिकरण के अधिकारी, जिला प्रशासन एवं वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## नहर में मिली शिखा की लाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** ग्रेटर नोएडा के कोतवाली दनकौर पुलिस ने मुतैना गांव के पास रजवाहे में दो दिन पहले मिला शव अलीगढ़ के चंडौस निवासी शिखा का था। उसकी गला दबाकर हत्या की गई थी। पुलिस ने हत्या के आरोप में युवती के पति को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि पति ने चुन्नी से गला दबाकर युवती की हत्या की और फिर शव को रजवाहे में फेंक दिया था। आरोपी को पत्नी का प्रेम-प्रसंग चलने का शक था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी पति ओला कंपनी की कार चलाता है। मृतक युवती ग्रेटर नोएडा के एक होटल में काम करती थी। वो शादीशुदा थी, लेकिन पति के साथ नहीं रहती थी। मृतका का एक बेटा है, जो गाजियाबाद के एक स्कूल में पढ़ता है। सितंबर 2025 में मृतका ने आरोपी की कार को किराये पर बुक किया था। तभी एक दूसरे से जान पहचान हो गई। अक्तूबर 2025 में दोनों ने सिकंद्राबाद के एक मंदिर में शादी कर ली। शादी के बाद से दोनों सिकंद्राबाद में ही एक किराये के मकान में रह रहे थे। दो दिन पहले आरा. पी ने मृतका को खुर्जा में किसी अन्य युवक की बाइक पर साथ जाते देखा था। इसी बात से नाराज होकर आरोपी ने शिखा को परसौल गांव में अपने मामा के यहां जाने की बात कहकर कार में बैठा लिया। उसके बाद कार में ही मृतका की ही चुन्नी से गला दबाकर हत्या कर दी।

**मामा के भरोसे था आरोपी पति:** आरोप है कि आरोपी को उम्मीद थी कि मामा उसे पुलिस से बचा लेगा। इसलिए शव को मामा के गांव के नजदीक रजवाहे में फेंक दिया था। दो दिन पहले ही पुलिस को शव रजवाहे से मिला था, लेकिन तब शव की पहचान नहीं हो सकी थी। अब पहचान होने के बाद पुलिस हत्यारे पति तक पहुंच गई।

**सीसीटीवी के जरिए आरोपी तक पहुंची पुलिस:** कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद आरोपी को हिरासत में लिया गया है। मृतका के परिजनों को बुलाया गया है। घटना की गहनता से जांच की जा रही है।

## बाल चिकित्सालय में कैथ लैब का परीक्षण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बाल चिकित्सा और स्नातकोत्तर संस्थान में कैथ लैब का परीक्षण शुरू कर दिया गया है। फरवरी से हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को इसका लाभ मिलना शुरू होगा। दिल में छेद, धमनियों में सिकुड़न को ठीक करने सहित हृदय की कई बीमारियों के इलाज में कैथ लैब का उपयोग हो सकेगा। बाल चिकित्सालय में कैथ लैब से जुड़ी सभी मशीनें लगा दी गई हैं। इसकी शुरुआती जांच के बाद अब डॉक्टरों ने इसका परीक्षण शुरू किया है, ताकि मशीनों के हर पहलू को जाना जा सके।

एक हफ्ते के परीक्षण के बाद कैथ लैब की सुविधा मरीजों को मिलनी शुरू होगी। हृदय से संबंधित बीमारियों के इलाज की सुविधा अभी भी अस्पताल में है, लेकिन वह ओपन सर्जरी से होता है। दिल में छेद का इलाज तीन साल से अधिक समय से चल रहा। कैथ लैब की सुविधा होने से कम चीरा लगाकर बच्चों का इलाज हो सकेगा। इससे सटीक परिणाम भी मिलते हैं। बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर संस्थान के निदेशक डॉ. एके सिंह ने बताया कि कैथ लैब का परीक्षण पूरा होने के बाद जल्द ही इसके माध्यम से हृदय रोग से पीड़ित बच्चों का इलाज शुरू कर दिया जाएगा।

**दिल में छेद समेत कई बीमा. रियों में लाभदायक:** बच्चों में जन्मजात दोष दिल में छेद, वाल्व की सिकुड़न और रक्त वाहिकाओं के संकुचन का इलाज स्टेंटिंग या बैलून के माध्यम से हो सकेगा। अतालता (एरिथमिया) में हृदय की धड़कन तेज या अनियमित होने पर कैथेटर के माध्यम से खराब ऊतकों को नष्ट किया जाता है। ओपन-हार्ट सर्जरी की तुलना में इसमें जटिलताएं कम होती हैं और बच्चे जल्दी घर जा सकते हैं। पीडियाट्रिक कैथ लैब में बच्चों के लिए विशेष कम-विकिरण वाली थ्री डी इमेजिंग तकनीकों का उपयोग किया जाता है।

**दर्द कम होने के साथ तेजी से सुधार:** कैथ लैब (कार्डियक कैथ लैब) बच्चों में हृदय संबंधी जन्मजात और अन्य जटिल समस्याओं के इलाज में काफी मददगार है। यह कम चीर-फाड़ वाली तकनीक है, जिसमें कैथेटर (पतली नली) के माध्यम से बिना ओपन-हार्ट सर्जरी किए दिल की बीमारियों का उपचार किया जाता है। इससे बच्चों को कम दर्द होता है और तेजी से रिकवरी के साथ सीने पर निशान भी नहीं पड़ता है। कैथेटर के जरिए डॉक्टर हृदय के अंदर ब्लड प्रेशर, ऑक्सीजन का स्तर और संरचनाओं का सटीक मूल्यांकन कर सकते हैं।

**कार्डियक अरेस्ट पीड़ितों के लिए शॉक मशीन लगेगी:** सडन कार्डियक अरेस्ट के मरीजों के लिए ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफाइब्रिलेटर (एईडी) यानी शॉक मशीन लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए मशीन बनाने वाली कंपनी से बातचीत पूरी हो चुकी है। अस्पताल प्रशासन ने पिछले साल मार्च में एईडी मशीन लगाने की कवायद शुरू की गई थी, लेकिन बच्चों के लिए मशीन मिलने में दिक्कत आ रही थी। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, शुरुआती चरण में चाइल्ड पीजीआई में दो एईडी मशीनें लगाई जाएंगी। एक मशीन भूतल स्थित ओपीडी में और दूसरी प्रथम तल पर स्थापित की जाएगी, ताकि आपात स्थिति में बच्चों को तुरंत प्राथमिक उपचार मिल सके।

## धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में मजदूर किस्म के लोगों का फोन व एटीएम कार्ड लेकर अलग-अलग यूपीआई आईडी बनाकर ठगी करने वाले एक गिरोह के तीन बदमाशों को थाना सेक्टर-63 ने आज गिरफ्तार किया है। अभियुक्त नौकरी के नाम पर ठगी से मिलने वाली रकम को दूसरे के खाते में डलवाने के बाद खाता धारक को 1000 से 1500 रुपए कमीशन के छोड़कर शेष रकम को निकाल लेते थे।



एडीसीपी सेंट्रल नोएडा संतोष कुमार ने बताया कि थाना सेक्टर-63 पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर अलग-अलग यूपीआई आईडी बनाकर व्यक्तियों से धोखाधडी करने वाले 3 अभियुक्त आयुष पाण्डेय पुत्र स्व. पवन पाण्डेय शिवम पुत्र देशराज सिंह तथा प्रियांशु श्रीवास्तव पुत्र संजय कुमार श्रीवास्तव को डी पार्क सेक्टर-63 नोएडा से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे से 5 लैपटाप, 5 एन्ड्रोइड फोन, 1 कीपैड फोन, 2 एटीएम कार्ड, नकदी एवं घटना मे प्रयुक्त एक स्विफ्ट कार बरामद हुआ है।

## दो और पशु चोर गिरफ्तार कर जेल भेजे

**यमुना सिटी।** रबूपुरा पुलिस ने पशुओं की चोरी करने के आरोप में दो भाइयों को गिरफ्तार किया है। दोनों की पहचान कोतवाली क्षेत्र के गांव धनपुरा निवासी अजहर और साहिब के रूप में हुई है। मामले में पुलिस तीन चोरों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस ने बताया कि गांव फलेदा निवासी व्यक्ति ने अज्ञात चोरों के खिलाफ जंगल में घूमने वाले आवारा पशुओं को चोरी का कर ले जाने की शिकायत की थी। जांच के बाद सामने आया कि आरोपी दिन में बाइक द्वारा आवारा पशुओं की रेकी करते थे और रात में अंधेरा हो जाने पर गाड़ी में चढ़ा कर ले जाते थे। पकड़े गए आरोपी वारदात के बाद से फरार चल रहे थे। पुलिस ने दोनों को धनपुरा चौराहे के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## पिता ने डाटा, बीटेक छात्रा ने सुसाइड किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में पिता की डांट से आहट बीटेक छात्र ने हॉस्टल की चौथी मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया। हॉस्टल मैनेजमेंट स्टाफ उदित सोनी को अस्पताल लेकर पहुंचा। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना मिलते ही उसके साथी छात्र हॉस्टल के बाहर इकट्ठा हो गए। हंगामा कर दिया। करीब आधे घंटे तक बवाल होता रहा।।छात्रों ने सड़क पर खड़ी 5 बसों में तोड़फोड़ कर दी। उसके शीशे तोड़ दिए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। कार्रवाई का आश्वासन देकर छात्रों को शांत कराया। छात्रों का आरोप है कि मैनेजमेंट के टॉर्चर से परेशान होकर उदित ने जान दे दी। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। घटना शुक्रवार रात नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र की है।

उदित सोनी (28) झांसी के भोगनीपुर का रहने वाला था। घपिता ज्वेलर हैं। एक बड़ी बहन है। उदित गलगोटिया यूनिवर्सिटी में बीटेक सेकेंड ईयर का छात्र था। दोस्तों ने बताया- वह रात में करीब 10 बजे दोस्त कुलदीप और चेतन के साथ पार्टी कर हॉस्टल आया था। उसने शराब पी रखी थी। इसलिए वार्डन ने उसे गेट पर ही रोक लिया। वीडियो कॉल पर उसके पिता विजय सोनी से बात कराई। बताया कि उदित शराब पीकर आया है। पहले भी ऐसा कर चुका है।

**पिता ने नाम कटवाने की बात कही थी:** उदित के दोस्तों ने बताया- वार्डन की बात सुनकर पिता ने डांट लगाई। कहा कि वह यूनिवर्सिटी आ रहे हैं। उसका नाम कटवाकर घर वापस ले आएंगे। बाद पिता ने वार्डन से बात की और आश्वासन दिया कि उदित अब ऐसा नहीं करेगा। तब वार्डन ने उदित को जाने दिया। उदित सीधे कमरे में गया। थोड़ी देर तक कमरे में रहा। रात 11 बजे हॉस्टल की चौथी मंजिल पर पहुंचा और छलांग लगा दी।

**मौत की खबर सुन दोस्तों ने हंगामा किया:** तेज धमाके की आवाज सुनकर हॉस्टल का स्टाफ मौके पर पहुंचा। देखा कि उदित के सिर से खून बह रहा था। फौरन एम्बुलेंस से प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए। वहां पर इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। उदित की मौत की सूचना जैसे ही उसके साथियों को हुई। उन्होंने हंगामा कर दिया। वार्डन के खिलाफ में नारे लगाने लगे।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। छात्रों ने बताया- उदित रात में शराब पीकर हॉस्टल आया था। वार्डन ने उसके पिता से इसकी शिकायत कर दी। जिस पर उसके पिता ने उसे बुरी तरह से डांटा था। इसलिए उसने गुस्से में जान दे दी। अगर वार्डन ने तुरंत शिकायत करने की बजाय समझदारी से काम लिया होता तो उदित आज जिंदा होता। इसलिए वार्डन समेत अन्य स्टाफ पर कार्रवाई होनी चाहिए।

## एक नजर

### मेंटेनेंस फंड घोटाले के विरोध में सोसाइटी में ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली रैली

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित आम्रपाली गोल्फ होम्स एवं किंग्सवुड सोसाइटी में मेंटेनेंस फंड के दुरुपयोग करने पर निवासियों ने विरोध जताया है। आरोप है कि एडहॉक एओए की ओर से करोड़ों रुपये का घोटाला किया गया है। निवासियों ने ढोल-नगाड़ों के साथ सोसाइटी में रैली निकाली। निवासियों ने बताया कि 18 जनवरी को आयोजित जनरल बॉडी मीटिंग में जब एएओए से मेंटेनेंस फंड के खर्चों का विवरण मांगा, तो उनके साथ अभद्रता की गई। इस अस्वीकार्य व्यवहार और वित्तीय अनियमितताओं के चलते जीबीएम में उपस्थित सभी निवासियों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर एडहॉक एओए को निस्काषित करने का फैसला लिया। निवासी लोकेंद्र व अमरनाथ का आरोप है कि जीबीएम के इस लोकतांत्रिक फैसले के बावजूद, कोर्ट रिसीवर ऑफिस से साठ-गांठ के कारण एडहॉक एओए अब भी अवैध रूप से काम कर रही है। मनमाने फैसले ले रही है और आज तक मेंटेनेंस फंड का कोई भी पारदर्शी और सत्यापित हिसाब निवासियों के सामने प्रस्तुत नहीं किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि इसके बाद भी कोर्ट रिसीवर और एडहॉक एओए ने अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया। पारदर्शिता नहीं अपनाई और जनता को पूरा हिसाब नहीं दिया, तो आने वाले दिनों में कोर्ट रिस. ीवर ऑफिस के सामने धरना, प्रदर्शन और रैली की जाएगी। निवासियों का कहना है कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार, लूट और मनमानी व्यवस्था के खिलाफ है और जब तक सोसाइटी फंड की निष्पक्ष जांच, पूरा हिसाब और रेजिडेंट्स के अधिकार बहाल नहीं होते, तब तक यह संघर्ष और तेज किया जाएगा।

### दहेज उत्पीड़न में पति समेत पांच के खिलाफ केस दर्ज

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदाबाद खेड़ा गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी बेटी के पति व ससुराल पक्ष के अन्य लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित ने करीब एक साल पहले ही अपनी बेटी की शादी की थी। ग्रामीण लकेश के मुताबिक उन्होंने अपनी बेटी रीना की शादी करीब एक साल पहले बुलंदशहर के ऊंचा गांव निवासी आलोक तोमर के साथ की थी। शादी में उन्होंने क्षमता अनुसार दान दहेज भी दिया था। लेकिन बेटी का ससुराल पक्ष दहेज से संतुष्ट नहीं था। आरोप है कि अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुराल वालों द्वारा उनकी बेटी को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा।

समय के साथ उत्पीड़न बढ़ता गया और रीना के साथ आए दिन मारपीट की जाने लगी। पीड़ित पिता के मुताबिक कुछ दिन पहले ससुराल वालों ने उनकी बेटी के साथ बेरहमी से मारपीट की और गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे मायके छोड़कर फरार हो गए। बेटी की हालत देखते हुए पिता ने पुलिस में मामले की लिखित शिकायत की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पर आरोपी पति आलोक तोमर, सास शारदा, ससुर रोबिन और चाची सास पिंकी और रूबी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बारातियों से मारपीट में दो गिरफ्तार

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के रामपुर फतेहपुर गांव में बारात चढ़त के दौरान बारातियों के बीच मारपीट के मामले में पुलिस ने 50 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपी दनकौर के जगनपुर गांव के रहने वाले हैं। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को रामपुर फतेहपुर गांव में ब्रहमपाल की बेटी की बारात दनकौर के जगनपुर गांव से आई थी। बारात में गांव से दो सौ से अधिक बाराती थे। बारात की चढ़त के दौरान कई राइफल, पिस्टल से लैस एक पक्ष से लीला , बलवीर और तेजपाल, सतबीर ,मदन, कृष्ण, जितेंद्र, वीरे समेत कई लोगों ने दूसरे पक्ष पर रंजिश के तहत हमला कर दिया । हवाई फायरिंग के करते हुए दूसरे पक्ष के लोगों से लाठी डंडो से मारपीट की गई। इसमें वीरेंद्र, राजेंद्र , देशराज, श्री निवास, जगदीश समेत कई लोग घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। दादरी कोतवाली पुलिस ने इस मामले में 50 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने दो आरोपी जितेंद्र और योगेश निवासी जगनपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

**बाल कटवाने को लेकर हुआ झगड़ा रंजिश में बदला:** पिछले वर्ष मई के महीने में दोनों पक्षों के बीच बाल कटवाने को लेकर झगड़ा हुआ था। दोनों पक्ष के युवक एक दुकान पर बाल कटवाने पहुंचे थे। पहले बाल कटवाने को लेकर कहासुनी हुई। इसके बाद परिजन आमने-सामने हो गए। शादी में मिलाई को लेकर बढ़ा विवाद पुलिस प्रकरण को पुरानी रंजिश के तहत जोड़कर देख रही है। जबकि कुछ लोगों का कहना है कि शादी में मिलाई के दौरान विवाद पनप गया। किसी एक पक्ष के बुजुर्ग को शादी में लड़की वालों की तरफ से पहली मिलाई की गई। इसके बाद दूसरा पक्ष नाराज हो गया और विवाद बढ़ गया।

## नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ कृष्णा करुणेश बने सीईओ

■ **इंजीनियर की मौत के बाद लोकेश एम. हटाए गए थे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ का प्रभारी चार्ज कृष्णा करुणेश को दिया गया है। कृष्णा करूणेश अथॉरिटी में एसीओ हैं। उन्हें लोकेश एम की जगह भेजा गया है। 2011 बैच के आईएएस अधिकारी कृष्णा करुणेश इससे पहले नोएडा प्राधिकरण में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ) के पद पर कार्यरत हैं। कृष्णा करुणेश को नोएडा प्राधिकरण के सीईओ की जिम्मेदारी ऐसे समय दी जा रही है प्राधिकरण और प्रशासन इंजीनियर युवराज मेहता की मौत को लेकर सवालों के घेरे में है।



कृष्णा करुणेश 2011 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और वह मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं। आईएएस कृष्णा करुणेश एमए, एलएलबी हैं और उनकी गिनती तेज तर्रार आईएएस अधिकारी में की जाती है। वह गाजियाबाद में एसडीएम और सीडीओ के पद पर भी रह चुके हैं। इसके साथ ही हापुड़ व बलरामपुर में जिलाधिकारी रह चुके हैं। कुशीनगर जिले में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के पद पर भी रह चुके हैं। मूल रुप से बिहार के निवासी आईएएस अधिकारी कृष्णा करुणेश गोरखपुर के जिलाधिकारी थे। डीएम रहते हुए उन्होंने प्रशासनिक सख्ती, कानून-व्यवस्था और विकास कार्यों को लेकर अलग पहचान बनाई थी।

योगी आदित्यनाथ सरकार ने नोएडा अथॉरिटी के सीईओ डॉ लो. केश एम को हटाते हुए उन्हें अब वेटिंग में डाल दिया है। सरकार की ओर यह कार्रवाई तब हुई जब लोगों ने घटना के विरोध में एक दिन पहले मार्च निकाला था। कार सवार इंजी. नियर युवराज की मौत का खुद ही संज्ञान लेते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने घटना की जांच का भी निर्देश दिया है। जांच के लिए एसआईटी गठित की गई है और तीन बिल्डर्स के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। एसआईटी पांच दिनों में जांच कर रिपोर्ट सीएम को सौंपेगी। बीते रविवार को कार सवार इंजीनियर युवराज की पानी भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई थी।

## राहगीरों का मोबाइल और सामान झपटने वाले दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** राहगीरों और बाजारों में खरीदारी करने गए ग्राहकों का मोबाइल समेत अन्य सामान झपटकर फरार होने वाले दो बदमाशों को सेक्टर-24 थाने की पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया।

दोनों के पास से लूट का मोबा. इल, चाकू और नकदी बरामद हुई है। बदमाशों के खिलाफ सेक्टर-24 थाने में तीन केस दर्ज हैं। एसीपी स्वतंत्र सिंह ने बताया कि बीते दिनों थानाक्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला का मोबाइल लूट लिया था। बाजारों में लोगों के कीमती सामान चोरी होने के कई अन्य मामले भी सामने आए थे। ऐसे में वारदात करने वाले बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम बनाई गई।

टीम ने शनिवार को मुखबिर से मिली सूचना पर दो शातिर बदमाशों को थानाक्षेत्र से दबोच लिया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे शातिर किस्म के चोर और लुटेरे हैं, जो मौका पाकर लोगों का मोबाइल और सामान झपट कर ले जाते हैं। आरोपियों की पहचान बिहार के सिवान निवासी अंकित कुमार चौरसिया और बक्सर निवासी हर्ष सिंह के रूप में हुई है। वर्तमान में दोनों दिल्ली के गाजीपुर में किराये का कमरा लेकर रह रहे हैं। हर्ष की उम्र 20 साल जबकि अंकित कुमार की आयु 19 साल है। चोरी और लूट के मोबाइल और सामान को आरोपी राहगीरों को बेचकर रकम हासिल करते थे। रकम दोनों बदमाश आपस में बांट लेते थे। दोनों के अन्य साथियों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है।

## अस्थायी दुकान के आगे दुकान लगाने के विरोध में पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फेज-दो थाना क्षेत्र स्थित सब्जी मंडी में अस्थायी दुकान के आगे अस्थायी दुकान लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष की ओर से पिता-पुत्र ने मिलकर दुकानदार का सिर फोड़ दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिहार के जिला सारण के शेरपुर गांव निवासी सोमनाथ शाह ने पुलिस को बताया कि वह वर्तमान में ईकोटेक तीन थाना क्षेत्र के कुलेसरा गांव में किराए पर रहते हैं। वह वर्तमान में नगला चरणदास सब्जी मंडी में अस्थायी दुकान पर सब्जी बेचते हैं।

20 जनवरी को उनकी दुकान के आगे आशीष कुमार नामक व्यक्ति ने अपनी अस्थायी दुकान लगाने की कोशिश की। इसका विरोध किया तो आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद आरोपी का पुत्र विवेक भी वहां आ धमका। आरोप हैं कि दोनों पिता-पुत्र ने मिलकर उनके साथ मारपीट की। स्थानीय लोगों ने किसी तरह उन्हें बचाया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। शिकायतकर्ता के सिर में गंभीर चोट आई है। उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

## 700 मेड इन इंडिया ड्रोन से खास बनेगी पुष्प प्रदर्शनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सिटी पार्क में 26 फरवरी से शुरू होने वाली पुष्प प्रदर्शनी में मेक इन इंडिया ड्रोन ही दीपावली और देशभक्ति की थीम पर लाइट और साउंड शो प्रस्तुत करेंगे। ग्रेनो प्राधिकरण ने इस शो के लिए एजेंसी की चयन प्रक्रिया में देशी ड्रोन का ही उपयोग करने की शर्त शामिल कर दी है। करीब 700 ड्रोन मिलकर शो पेश करेंगे। ड्रोन शो पर करीब 42 लाख रुपये का खर्च होगा। सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर प्राधिकरण ने मेक इन इंडिया ड्रोन का उपयोग करने का फैसला लिया है। इसे भारतीय उत्पादों के उपयोग को ही बढ़ावा दिए जाने की पहल से जोड़ा जा रहा है। सीईओ का कहना है कि कई भारतीय कंपनियां बेहतर गुणवत्ता के ड्रोन बना रही हैं। ऐसे में हमें उनका उपयोग करना चाहिए। करीब 700 ड्रोन के उपयोग के अलावा किसी आकस्मिक स्थिति को देखते हुए 100 ड्रोन को रिजर्व भी एजेंसी को रखना होगा।

उद्घाटन के दिन ही इस ड्रोन शो को कराए जाने की योजना प्राधिकरण की है। पुष्प प्रदर्शनी एक मार्च तक चलेगी। ऐसे में प्राधिकरण एजेंसी का चयन जल्दी ही करना चाहता है। आयोजन से पहले ही एजेंसी को खुद का सर्वे पूरा कर एक डेमो शो भी रखना होगा जिससे अंतिम रूप इस शो को दिया जा सके। ग्रेनो प्राधिकरण से मिली जानकारी के मुताबिक यह एक तरह का म्यूजिकल लाइट एंड साउंड ड्रोन शो होगा। एजेंसी के प्रस्ताव में शामिल थीम में से कुछ का चुनाव प्राधिकरण के अधिकारी करेंगे। फरवरी के पहले सप्ताह में प्राधिकरण एजेंसी के चयन की प्रक्रिया पूरी कर लेगा।

## मतदाता जागरुकता की शपथ ली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम माय इंडिया, माय वोट निर्धारित की गई है। प्राचार्य राज सिंह यादव ने बताया कि रैली के दौरान मतदाताओं को उनके अधिकार एवं मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।




सभी प्रशिक्षुओं एवं संकाय सदस्यों द्वारा मतदाता जागरूकता शपथ ली गई, जिसमें यह संकल्प लिया गया कि प्रत्येक व्यक्ति अपने आसपास के लोगों को मतदान के महत्व से अवगत कराएगा और उन्हें अपने मताधिकार के प्रयोग हेतु प्रेरित करेगा। डीएलएड बैच 2024 के प्रशिक्षुओं ने मत का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि मत देना हमारा अधिकार, हमें आगे आना होगा। संस्थान में भाषण प्रतियोगिता, गीत-संगीत, कविता पाठ, पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षुओं एवं आम नागरिकों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस मौके पर उप प्राचार्य अर्चना गुप्ता, राजेश खन्ना, संदीप कुमार, नीता सिंह, अर्चना पांडेय, सुमिता, रीना भारतीय, रेनू राइटियस, नियाज वारिश वारसी, वेद प्रकाश मौर्य अर्चना आर्य, निधि, अनुराग, आयुष एवं गीता देवी सहित संस्थान के समस्त संकाय सदस्य एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### फीफ विमेंस चैंपियंस कप में हिस्सा लेने वालों को रिकॉर्ड प्राइज मनी देगा

**जेनेवा, वार्ता।** वर्ल्ड फुटबॉल गवर्निंग बॉडी ने शुक्रवार को अनाउंस किया कि पहले फीफा विमेंस चैंपियंस कप विनर को रिकॉर्ड तोड़ प्राइज मनी दी जाएगी। फीफा ने कहा कि विमेंस चैंपियंस कप की फाइनल चैंपियन को 23 लाख डॉलर मिलेंगे, जबकि रनर-अप को 10 लाख डॉलर मिलेंगे। हर कॉन्फेडरेशन के चैंपियन इंटरकॉन्टिनेंटल क्लब टाइटल के लिए मुकाबला करेंगे। दो सेमीफाइनल 28 जनवरी को ब्रिटेन के लंदन में ब्रेंटफोर्ड स्टेडियम (जीटेक कम्युनिटी स्टेडियम) में होने हैं। फाइनल 1 फरवरी को आर्सेनल स्टेडियम में खेला जाएगा। फाइनलिस्ट को दी जाने वाली प्राइज मनी के अलावा, हारने वाली दो दूसरी टीमों में से हर एक को 200,000 डॉलर मिलेंगे।

### सनराइजर्स लगातार चौथी बार एसए20 फाइनल में पहुंची

**सैंडटन, वार्ता।** सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार चौथी बार बेटवे एसए20 फाइनल में जगह बना ली। अब रविवार को न्यूलैंड्स में उनका सामना प्रिटोरिया कैपिटल्स से होगा, जहां 2023 के उद्घाटन फाइनल का रीमैच देखने को मिलेगा। दो बार की चैंपियन सनराइजर्स ने रॉयल्स द्वारा दिए गए 114/7 के लक्ष्य को सात विकेट शेष रहते और 50 गेंदें बाकी रहते आसानी से हासिल कर लिया। युवा इंग्लिश ऑलराउंडर जेम्स कोल्स ने एक और बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन किया। ऑफ स्पिन से चार ओवरों में 1/15 लेने के बाद कोल्स ने बल्लेबाजी में नाबाद 45 रन बनाकर रन चेज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस पिच पर, जहां टर्न और बाउंस के कारण बल्लेबाजी आसान नहीं थी, कोल्स ने डैन के पहले ही ओवर को निशाना बनाते हुए 21 रन बटोरे व लक्ष्य का बड़ा हिस्सा जल्दी ही घटा दिया।

# टी-20 विश्व कप से बाहर बांग्लादेश

## बांग्लादेश की जगह खेलेगा स्कॉटलैंड



**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शनिवार को बांग्लादेश के अड़ियल रवैये पर सख्त रुख अख्तियार करते हुए सात फरवरी से भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्वकप में उसकी जगह स्कॉटलैंड को ग्रुप सी में शामिल करने की आधिकारिक घोषणा कर दी।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के मुख्य कार्यकारी संजोग गुप्ता ने बोर्ड को औपचारिक रूप से पत्र लिखा कि बांग्लादेश की मांगें बोर्ड की पॉलिसी के हिसाब से नहीं है। बोर्ड के सभी सदस्यों को लिखे गए इस पत्र में गुप्ता ने बताया कि बीसीबी आईसीसी बोर्ड के फैसले का पालन नहीं कर रहा था और इस बड़े इवेंट के लिए बांग्लादेश की जगह किसी दूसरे देश, इस मामले में स्कॉटलैंड को बुलाने के अलावा कोई और रास्ता नहीं था। इस पत्र की कॉपी बीसीबी के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम को भी भेजी गई है, जो आईसीसी बोर्ड के सदस्य हैं। उन्होंने क्रिकेट स्कॉटलैंड को भी लिखा और उन्हें भारत और श्रीलंका में होने वाली चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए औपचारिक न्योता भेजा। क्रिकेट स्कॉटलैंड की मुख्य कार्यकारी लिडब्लेड से संपर्क किया। उनकी ओर से कोई तुरंत जवाब नहीं मिला, लेकिन वेबसाइट को पता चला है कि शनिवार सुबह दुबई और एडिनबर्ग के बीच हॉटलाइन शुरू हो गई थीं। क्रिकेट की वर्ल्ड गवर्निंग बॉडी ने बांग्लादेश को भारत में खेलने के अपने रुख पर विचार करने का समय दिया था और मुख्य कार्यकारी गुप्ता लगातार बीसीबी सदस्यों के साथ बातचीत कर रहे थे। आईसीसी नहीं चाहता था कि ऐसा कोई खतरनाक उदाहरण बने जहां कोई सदस्य मैचों को दूसरी जगह कराने की मांग करे। आईसीसी ने स्पष्ट कर दिया था कि वह विश्व कप प्रतियोगिता की पवित्रता की रक्षा करना चाहता है। स्कॉटलैंड अपने प्रदर्शन के आधार पर मौजूदा रैंकिंग में 14वें नंबर है और इसी लिए उसे विश्वकप में जगह मिली है। स्कॉटलैंड अब टूर्नामेंट के शुरुआती स्टेज में ग्रुप सी में होगा और कोलकाता में वेस्टइंडीज (सात फरवरी), इटली (नौ फरवरी) व इंग्लैंड (14 फरवरी) के खिलाफ खेलेगा।

### मोखलेसुर रहमान पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शुरू: बीसीबी

**ढाका, वार्ता।** बीसीबी की इंटीग्रिटी यूनिट ने बोर्ड निदेशक मोखलेसुर रहमान पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शुरू कर दी है। बीसीबी ने बताया कि रहमान ने बोर्ड की ऑडिट कमेटी के अध्यक्ष पद से भी इस्तीफा दे दिया है। इस सीजन के बीपीएल से जुड़े ए आरोप पत्रकार रियासाद अजीम की एक इन्वेस्टिगेटिव रिपोर्ट में लगाए गए थे। उन्होंने गुरुवार को अपने अधिकारिक फेसबुक पेज पर पोस्ट किया था। आईसीसी इंटीग्रिटी यूनिट के पूर्व प्रमुख रहे एलेक्स मार्शल बीसीबी की इंटीग्रिटी यूनिट की अगुवाई कर रहे हैं।

# जोकोविच 400वीं मेजर जीत हासिल कर फेडरर की रिकॉर्ड के बराबर पहुंचे



● **एटीपी रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर-4 को उस लिस्ट में अकेले टॉप पर आने का मौका मिलेगा**

**मेलबर्न, वार्ता।** नोवाक जो.कोविच ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने शानदार करियर में एक और मील का पत्थर जोड़ा, जहां वह मेजर में 400 मैच जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए। 38 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी ने बोटिक वैन डी जैंड्सचल्प के खिलाफ सीधे सेटों में जीत के साथ यह उपलब्धि हासिल की, जिससे ऑल-टाइम सूची में उनकी बढ़त और बढ़ गई।

जोकोविच अब रोजर फेडरर से 31 जीत आगे हैं, जो 369 मेजर मैच जीत के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जो खेल के उच्चतम स्तर पर जोकोविच के दो दशक के करियर को परिभाषित करने वाली असाधारण लंबी उम्र और निरंत.रता को रेखांकित करता है।

इस जीत का मेलबर्न में भी खास महत्व था, जहां जोकोविच ने फेडरर के 102 ऑस्ट्रेलियन ओपन मैच जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी की। एटीपी रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर 4 को उस लिस्ट में अकेले टॉप पर आने का मौका मिलेगा जब वह चौथे राउंड में याकूब मेन्सिक या एथन क्विन का सामना करेंगे। जोकोविच का मेजर टूर्नामेंट में सफर 20 साल से भी पहले शुरू हुआ था, जब उन्होंने 2005 में रौलां गैरो में रॉबी जिनेप्री के खिलाफ अपना पहला मेजर मैच जीता था। तब से, पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 ने रिकॉर्ड 24 मेजर खिताब जीते हैं, जिसमें मेलबर्न पार्क खिताब के मामले में उनका सबसे सफल स्टेज साबित हुआ है।

सबसे ज्यादा ऑस्ट्रेलियन ओपन जीत रिकॉर्ड 10 बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन, जो.कोविच ने आखिरी बार 2023 में ट्रॉफी उठाई थी। जोकोविच इस पखवाड़े में अपने पहले तीन मैचों में सहज दिखे हैं, उन्होंने स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज और इटली के क्वालिफायर फ्रांसेस्को मेस्ट्रेली को भी सीधे सेटों में हराया है।

# वावरिका तीसरे दौर में हारे

● **स्टैन वावरिका तीन बार के विजेता फिट्ज से 7-6(5), 2-6 6-4, 6-4 से हार गए**

**मेलबर्न, वार्ता।** स्विस दिग्गज स्टैन वावरिका शनिवार को अपने आखिरी ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर हो गए, तीन बार के मेजर विजेता 7-6(5) 2-6 6-4 6-4 से अमेरिकी टेलर फिट्ज से हार गए और एक बहुत पसंद किए जाने वाले पूर्व चैंपियन के तौर पर गर्मजोशी भरी तालियों का आनंद लिया।

40 वर्षीय, जिन्होंने 2014 का खिताब जीतकर मेलबर्न में अपना ग्रैंड स्लैम ब्रेकथ्रू किया था, जिसके बाद के वर्षों में फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन में भी ट्रॉफी जीतीं, ने घोषणा की थी कि 2026 उनका विदाई सीजन होगा। अपने पहले मैच में लास्लो डेरे को हराने और पिछले राउंड में बहुत छोटे आर्थर गेया के खिलाफ पांच-सेट मैराथन जीतने के बाद, वावरिका ने एक और शानदार प्रयास किया लेकिन जॉन केन एरिना में अमेरिकी नौवीं वरीयता प्राप्त फिट्ज के खिलाफ उनकी ऊर्जा खत्म हो गई।

वावरिका ने कहा कि वह (फिट्ज) एक अद्भुत खिलाड़ी है, वह खेलने के लिए एक कठिन फाइटर है, इसलिए उन्हें और उनकी टीम को बधाई। वह आज बेहतर था, इसमें कोई सवाल नहीं है। माहौल अविश्वसनीय था, इसलिए हमेशा आने के लिए आप सभी का धन्यवाद। वावरिका ने पहले सेट का टाइब्रेक हारने के बाद भी हार नहीं मानी और अगले सेट में आसानी से जीत हासिल की, लेकिन तीसरे सेट में उन्हें हार माननी पड़ी, जिसके बाद उन्होंने मेडिकल टाइमआउट लिया, और उसके बाद उन्हें दबाव बनाए रखने में कभी-कभी मुश्किल हुई।

# गुवाहाटी में आज सीरीज कब्जाने उतरेगी भारतीय टीम

● **न्यूजीलैंड अपनी उम्मीदें जिंदा रखने के लिए उलटफेर करने की कोशिश करेगा**

**गुवाहाटी, वार्ता।** भारत रविवार को शाम 7 बजे यहां बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही टी-20 सीरीज के तीसरे मैच में अपना दबदबा कायम रखने का लक्ष्य रखेगा। सीरीज में 2-0 से आगे चल रहा भारत 3-0 से सीरीज जीतने की राह पर है, जबकि न्यूजीलैंड अपनी उम्मीदें जिंदा रखने के लिए उलटफेर करने की कोशिश करेगा। सभी की निगाहें भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव पर टिकी हैं, जिन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ नौ टी-20 मैचों में 316 रन बनाए हैं। उनकी लगातार अच्छी फॉर्म ने भारत के मिडिल ऑर्डर को मजबूती दी है, और वह सीरीज में भारत की पकड़ बनाए रखने में अहम भूमिका निभाएंगे। रायपुर में पिछले मैच में सूर्यकुमार ने 37 गेंदों में 221.62 के स्ट्राइक रेट से 82 रन बनाए थे, जबकि ईशान किशन ने 32 गेंदों में तेज 76 रन का योगदान दिया था। अभिषेक शर्मा की शुरुआती सीजन की फॉर्म, हार्दिक पांड्या की ऑलराउंड क्षमताएं और संजू सैमसन की विस्फोटक बल्लेबाजी भारतीय टीम को और मजबूत बनाती है। अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुम.राह भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे, जिसमें शिवम दुबे और वरुण चक्रवर्ती अतिरिक्त गेंदबाजी विकल्प प्रदान करेंगे। बरसापारा में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों का औसत 185-190 रन रहा है, लेकिन इस बल्लेबाजी के अनुकूल पिच पर अनुशासित गेंदबाजी और गति में बदलाव महत्वपूर्ण रहेंगे। ऐतिहासिक रूप से, यहां टॉस जीतने वाली टीमें पहले गेंदबा.जी करना पसंद करती हैं, क्योंकि पिछले मैचों में लक्ष्य का पीछा करना थोड़ा आसान साबित हुआ है। इस बीच, न्यूजीलैंड अपनी बल्लेबाजी क्रम में एक स्थिर नंबर तीन बल्लेबाज की पहचान करने के लिए प्रयोग



करना जारी रखे हुए है। डेरिल मिशेल से मिडिल ऑर्डर को मजबूत करने की उम्मीद है, जबकि रचिन रवींद्र और मिशेल सेंटनर फॉर्म में वापसी करने का लक्ष्य रखेंगे। हाल ही में विश्व कप टीम में शामिल किए गए काइल जैमीसन डेथ ओवरों के विशेषज्ञ के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिन्हें ईश सोढ़ी और जैकब डफी का समर्थन मिलेगा। डेवोन कॉनवे विकेटकीपिग करेंगे, जबकि ग्लेन फिलिप्स, टिम रॉबिन्सन और मार्क चैपमैन अतिरिक्त बल्लेबाजी गहराई प्रदान करेंगे। हालिया फॉर्म से पता चलता है कि भारत ने अपने पिछले पांच टी-20 मैचों में से चार जीते हैं, जबकि न्यूजीलैंड ने अपने पिछले पांच मैचों में से तीन जीते हैं। टी-20 में दोनों टीमों के बीच हेड-टू-हेड रिकॉर्ड बताते हैं कि भारत ने 26 में से 13 मैच जीते हैं, न्यूजीलैंड ने 10 और तीन मैच टाई रहे।

# चौथे दौर में भिड़ेंगी कीज व जेसिका पेगुला



● **राउंड ऑफ-16 में दोनों के करियर की चौथी आमने-सामने की भिड़त होगी**

**मेलबर्न, वार्ता।** अमेरिकी मैडिसन कीज और जेसिका पेगुला शनिवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में सीधे सेटों में विजेता रहीं, जिससे दोनों अच्छी दोस्त राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में पहुंच गईं और यह उनके करियर की चौथी आमने-सामने की भिड़ंत होगी। हालांकि मेलबर्न में बहुत ज्यादा गर्मी की वजह से खेल आम तौर पर तय समय से एक घंटा पहले शुरू करना पड़ा, लेकिन कीज या पेगुला में से कोई भी बिना सीड वाले विरोधियों के खिलाफ रूटीन में बदलाव से परेशान नहीं हुआ। नंबर 6 सीड पेगुला ने मार्गरेट कोर्ट एरिना में क्वालिफायर ओक्साना सेलेखमेतेवा को 6-3, 6-2 से हराया, जबकि डिफेंडिग चैंपियन कीज ने पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 कैरोलिना प्लिसकोवा को 6-3, 6-3 से हराकर अपना लगातार 10 ऑस्ट्रेलियन ओपन मैच जीता। कीज अपने ओवरऑल हेड-टू-हेड मुकाबलों में पेगुला से 2-1 आगे हैं जिसमें पिछले जनवरी में एडिलेड इंटरनेशनल के फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई धरती पर 6-3, 4-6, 6-1 से जीत शामिल है। दोनों अमेरिकियों ने अपनी तीसरे राउंड की जीत में चार बार सर्व तोड़ा। पेगुला अब पिछले पांच सालों में 11 बार किसी बड़े टूर्नामेंट के राउंड 16 में पहुंच चुकी हैं। कीज बनाम पेगुला के विनर ने यह पक्का कर दिया है कि लगातार 12वें साल ऑस्ट्रेलियन ओपन क्वार्टर फाइनल में कम से कम एक अमेरिकी होगा। 2014 आखिरी सीजन था जब कोई नहीं था। इस बीच लगातार दूसरे साल, अमांडा अनिसिमोवा चौथे राउंड में पहुंच गई हैं, इस बार उन्होंने मार्गरेट कोर्ट एरिना में हमवतन पेटन स्टर्न्स को 6-1, 6-4 से हराया। दुनिया की नंबर 4 खिलाड़ी ने यह पक्का किया कि वह ज्यादा देर तक धूप में न रहें, शनिवार दोपहर को 1 घंटे 11 मिनट में जीत हासिल की। यह चौथी बार है जब अनिसिमोवा मेलबर्न के राउंड ऑफ 16 में पहुंची हैं, और वह डब्ल्यूटीए टूर में पहली बार स्टर्न्स को हराकर वहां पहुंची हैं। उन्होंने इस हफ्ते अभी तक कोई सेट नहीं गंवाया है और स्टर्न्स के देर से चार्ज करने के बावजूद, यहां भी ऐसा होने का कोई असली खतरा नहीं दिखा। अनिसिमा.वा ने शुरुआती गेम में एक ब्रेक पॉइंट बचाया और थोड़ी देर बाद स्टर्न्स को ब्रेक करके 2-0 की बढ़त बना ली। फिर उन्होंने एक और ब्रेक लेकर 5-1 की बढ़त बना ली और आधे घंटे से थोड़ा ज्यादा समय में सेट जीत लिया।

### सिंधु को हराकर ओलंपिक चैंपियन चेन सेमीफाइनल में

**जकार्ता, वार्ता।** चीन की ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई ने शुक्रवार को यहां 2026 इंडोनेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए शानदार प्रदर्शन किया। चेन ने भारतीय स्टार पी वी सिधु को सीधे गेम में 21-13, 21-17 से हराकर महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई, उन्होंने पूरे मैच में निरंतरता और नियंत्रण दिखाया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला जापान की नोजोमी ओकुहारा से होगा। मिश्रित युगल में, चीन के जियांग जेनबांग और वेई याक्सिन ने तीन गेम के कड़े मुकाबले में मेजबान जोड़ी अदनान मौलाना और इंदाह चाह्या सारी जमील को 22-20, 14-21, 21-19 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। एक और चीनी मिश्रित युगल जोड़ी, गुओ शिनवा और चेन फांगहुई, डेनमार्क के मथियास क्रिस्टियनसेन और एलेक्जेंड्रा बोजे से 21-18, 21-14 से हारकर क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गईं। महिला युगल में, चीन की लुओ शुमिन व वांग यिडुओ इंडोनेशिया की राहेल एलेस्या रोज और फेबी सेटियानिग्रम से तीन गेम में 18-21, 21-16, 21-10 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

# सिनर ने क्रैम्प, हीट ने स्पिजिरी को हराया

## जैनिक सिनर का अगला मुकाबला इटैलियन लुसियानो डार्डोरी से होगा



**मेलबर्न, वार्ता।** जैनिक सिनर को शनिवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने टाइटल डिफेंस के लिए एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने रॉड लेवर एरिना के अंदर क्रैम्प, हीट और एलियट स्पिजिरी को 4-6, 6-3, 6-4, 6-4 से हराकर चौथे राउंड में जगह बनाई। सिनर ने कहा कि आज के लिए बहुत खुश हूं। जाहिर है अगला मैच, देखते हैं क्या होता है।

उनका अगला मुकाबला साथी इटैलियन लुसियानो डार्डेरी से होगा। (हमने) सिर्फ एक बार प्रैक्टिस की है, इसलिए यह ज्यादा नहीं है। लेकिन ग्रैंड स्लैम में क्वार्टर फाइनल में कम से कम एक इटैलियन का होना बहुत खुशी की बात है। यह बहुत बढ़िया है। जब मैच एक-एक सेट से बराबर था, तो स्पिजरी ने तीसरे सेट में 3-1 की बढ़त बना ली, जबकि सिनर साफ तौर पर क्रैम्प से जूझ रहे थे, मुश्किल से सर्व करने या हिलने-डुलने के लिए आगे बढ़ पा रहे थे। लेकिन ऑस्ट्रेलियन ओपन हीट स्ट्रेस स्केल 5 पर पहुंच गया, जिससे अधिकारियों ने छत बंद करने के लिए खेल रोक दिया। 10 मिनट से भी कम के ब्रेक के बाद, खेल फिर से शुरू हुआ, लेकिन वह छोटा सा सस्पेंशन बहुत जरूरी साबित हुआ।

जब खेल फिर से शुरू हुआ, तो सिनर ने वापसी की और तीन घंटे, 45 मिनट में जीत हासिल की। सिनर ने कहा कि आज बहुत गर्मी थी। तीसरे सेट में थोड़ी क्रैम्प शुरू हुई, जो समय के साथ धीरे-धीरे ठीक हो गई। अब थोड़े अनुभव के साथ मैं अपने शरीर को थोड़ा बेहतर जानता हूं, कुछ स्थितियों को थोड़ा बेहतर तरीके से संभालने की कोशिश कर रहा हूं।आज किस्मत अच्छी रही। जब उन्होंने छत बंद की, तो थोड़ा समय लगता है। थोड़ा आराम करने की कोशिश की। इससे मदद मिली। कुछ पॉइंट्स को खेलने का तरीका भी थोड़ा बदल गया। इससे मुझे आज पक्का मदद मिली। टेक्सस यूनिवर्सिटी के पूर्व कॉलेज टेनिस स्टार, स्पिजिरी पहली बार किसी मेजर के तीसरे राउंड में खेल रहे थे और इससे पहले उन्होंने कभी ऑस्ट्रेलियन ओपन के मेन ड्रॉ में नहीं खेला था। यह टॉप-10 अपोनेंट के खिलाफ उनका पहला मैच था। मैच के ज्यादातर समय, 24 साल के स्पिजरी ने कोई घबराहट नहीं दिखाई। स्पिजरी ने चार बार के मेजर चैंपियन के साथ बेसला.इन से लगातार शॉट मारे, और निडर टेनिस खेला। सिनर परफेक्ट नहीं थे, उन्होंने 51 अनफोर्स्ड एरर किए। लेकिन उन्होंने 56 विनर लगाए, जिसमें उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन अक्सर सबसे जरूरी मौकों पर आया। स्पिजरी ने मैच में अपने 16 ब्रेक मौकों में से सिर्फ छह को ही भुनाया, जबकि सिनर ने अपने 11 में से आठ ब्रेक पॉइंट जीते। स्पिजिरी तीसरे सेट में सिर्फ छह में से एक थे, जिससे सिनर को क्रैम्प से जूझकर बढ़त हासिल करने में मदद मिली। तीसरे सेट के बाद, खिलाड़ी टूर्नामेंट के हीट रूल की वजह से स्पिजिरी को 10 मिनट का ब्रेक मिला।

# गावस्कर ने सूर्यकुमार की 'परिपक्व' पारी की तारीफ की



● **कहाः सूर्या ने अपनी पारी की शुरुआती दौर का इस्तेमाल 'अपनी लय में आने' के लिए किया**

**रायपुर, वार्ता।** भारत के पूर्व कप्तान और जियोस्टार एक्सपर्ट सुनील गावस्कर ने दूसरे टी-20 में न्यूजीलैंड पर भारत की जीत में कप्तान सूर्यकुमार यादव की शांत पारी की तारीफ की, और ईशान किशन के साथ एक अहम साझेदारी के दौरान उनकी मैच की समझ और दिखाई गई परिपक्वता पर जोर दिया।

क्रिकेट लाइव पर, गावस्कर ने बताया कि कैसे सूर्यकुमार ने अपनी पारी के शुरुआती दौर का इस्तेमाल ष्अपनी लय में आनेष के लिए किया, जबकि किशन दूसरे छोर से अटैक कर रहे थे। गावस्कर ने कहा कि सूर्य की पारी ने दिखाया कि उन्हें स्थिति की जानकारी थी। वह 11 गेंदों पर 11 रन बनाकर खेल रहे थे। 97 रनों की साझेदारी में से 76 रन ईशान किशन ने बनाए थे। यह कप्तान की परिपक्वता भी दिखाता है।

उन्होंने कहा कि जब किशन पूरी लय में थे, तो सूर्यकुमार ने स्ट्राइक रोटेट करने और सेटल होने पर ध्यान दिया। उन्होंने आगे कहा कि दूसरा खिलाड़ी इतनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहा था, इसलिए वह उसे ज्यादा स्ट्राइक दे रहा था, साथ ही अपनी लय में आ रहा था, सिगल और डबल लेकर पैरों में सर्कुलेशन बढ़ा रहा था, और इसलिए खुद को बड़े शॉट के लिए तैयार कर रहा था। गावस्कर ने बताया कि किशन के आउट होने के बाद सूर्यकुमार ने कमान संभाली।

# ईशान ने टीम में वापसी का श्रेय आत्मविश्वास को दिया

## ईशान ने सूर्या के योगदान और शिवम के आखिर में किए गए कैमियों को सराहा



**रायपुर, वार्ता।** इंडिया के ओपनर ईशान किशन ने कहा कि फॉर्म में वापसी और नेशनल टीम में जगह एक आसान सवाल की वजह से मिली, जो उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर रहने के दौरान खुद से पूछा था।

क्या वह फिर से सबसे ऊंचे लेवल पर परफॉर्म कर पाएंगे। न्यूजीलैंड पर भारत की सात विकेट से जीत में प्लेयर ऑफ द मैच चुने जाने के बाद, किशन ने उस समय को याद किया जब उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया था और कहा कि डोमेस्टिक क्रिकेट ने उन्हें कॉन्फिडेंस वापस पाने में मदद की। किशन ने कहा कि मैंने खुद से एक सवाल पूछाः क्या मैं इसे फिर से कर सकता हूं या नहीं? और मेरे पास इसका बहुत साफ जवाब था। लेफ्ट-हैंडर ने बताया कि ब्रेक के दौरान उनका फोकस सिर्फ रन बनाने और खुद को यह साबित करने पर था कि वह भारत के लिए परफॉर्म करने में काबिल हैं।

उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ डोमेस्टिक क्रिकेट में रन बनाना चाहता था। कभी-कभी यह अपने लिए करना जरूरी होता है, अपने सवालों के जवाब देना कि आप कैसे बैटिग कर रहे हैं और क्या आप इंडिया के लिए खेलने में काबिल हैं। इसलिए मेरे लिए डोमेस्टिक क्रिकेट खेलना और रन बनाना जरूरी था। किशन ने कहा कि घरेलू टाइटल जीतने से इंटरनेशनल असाइनमेंट से पहले उनका कॉन्फिडेंस और बढ़ा। उन्होंने कहा कि अच्छी बात यह थी कि हमने ट्रॉफी भी जीती, और मैं उस कॉन्फिडेंस को यहां भी ले गया। इसलिए यह मेरे लिए काफी अच्छा दिन था। अपनी धमाकेदार पारी के दौरान 240 के करीब स्ट्राइक रेट से रन बनाने के बावजूद, किशन ने कहा कि उन्होंने बड़े टारगेट का पीछा करते समय जान-बूझकर गैर-जरूरी रिस्क से परहेज किया। उन्होंने कहा कि हम रिस्क नहीं लेना चाहते थे, क्रॉस-बैटेड नहीं होना चाहते थे, लेकिन मैं फिर भी पावरप्ले में ज्यादा से ज्यादा रन बनाने की कोशिश कर रहा था। दिन के आखिर में, जब आप 200 से ज्यादा के टोटल का पीछा कर रहे होते हैं, तो आपको पावर प्ले में अच्छे रन बनाने होते हैं। किशन ने पारी के दौरान मेंटली शांत रहने की अहमियत पर जोर दिया।

उन्होंने आगे कहा कि मैं आज जो करना है उस पर फोकस कर रहा था और बस खुद को अच्छे माइंडस्पेस में रख रहा था। कभी-कभी आपको लगता है कि आप अच्छी बैटिग कर रहे हैं और बस बॉल को देखने और उस स्पेस में रहने की कोशिश करते हैं। न्यूजीलैंड के बड़े स्कोर के जवाब में, किशन की 21 गेंदों में खेली गई जबरदस्त हाफ सेंचुरी, कप्तान सूर्यकुमार यादव के योगदान और शिवम दुबे के आखिर में किए गए कैमियो ने भारत को जीत दिलाई। भारत ने पावरप्ले के आखिर में 75/2 का स्कोर बनाया, जो न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत का दूसरा सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर था, इससे पहले 2007 में जोहान्सबर्ग में आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान भारत ने 76/1 का स्कोर बनाया था, जिससे एक बड़े चेज के लिए मंच तैयार हुआ।

# दोहरा शतक लगाने के बाद सरफराज ने अजहर को श्रेय दिया

● **सरफराज खाने ने हैदराबाद में एलीट ग्रुप डी मैच में दोहरा शतक (227) लगाया**

**हैदराबाद, वार्ता।** सरफराज खान मोहम्मद अजहरुद्दीन के वीडियो देखकर बड़े हुए हैं और शुक्रवार को हैदराबाद में एलीट ग्रुप डी मैच में हैदराबाद के खिलाफ दोहरा शतक (227) लगाने के बाद, मुंबई के इस बल्लेबाज ने अपने शानदार प्रदर्शन के लिए पूर्व भारतीय कप्तान को श्रेय दिया। हालांकि, अजहर ने कहा कि सारा श्रेय खिलाड़ी को ही जाना चाहिए। अजहर ने शुक्रवार शाम को क्रिकबज से कहा कि सारा श्रेय सरफराज को मिलना चाहिए - मुझे क्यों? सरफराज के रात भर 128 रन पर नाबाद रहने के बाद दोहरा शतक पूरा करने के कुछ घंटे बाद वह मेरे ऑफिस आया था और उसके कुछ सवाल थे। मैंने उसे कुछ बातें बताईं। यह मेरा फर्ज है, और मैंने उसे समझाया कि यह कैसे किया जाना चाहिए। मैं उसे इस शानदार पारी के लिए बधाई देता हूं। अजहर ने यह बताने से इनकार कर दिया कि सवाल क्या थे, यह कहते हुए कि यह बल्लेबाज से पूछा जाना चाहिए। हालांकि, उन्हें लगा कि सरफराज को भारत के लिए चुना जाना चाहिए। उसने अच्छा प्रदर्शन किया है। उसे भारतीय टीम के लिए चुना जाना चाहिए। उसे मौके नहीं मिल रहे हैं। वह एक आक्रामक बल्लेबाज है और, कई अन्य लोगों के विपरीत, उसे बहुत अधिक अवसर नहीं मिले हैं। उसने हर स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है। सरफराज ने जो छह टेस्ट खेले हैं, उनमें उन्होंने एक शतक लगाया है। उन्होंने नवम्बर 2024 से भारत के लिए नहीं खेला है। 28 वर्षीय सरफराज, जो मुंबई के बल्लेबाजी के मुख्य स्तंभ हैं, ने खुलासा किया कि मैच से एक दिन पहले बातचीत के दौरान उन्होंने अजहर से क्या सीखा। दोहरे शतक खास होते हैं।

# भारत से एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत टैरिफ हटाएगा अमेरिका!

## अमेरिकी वित्तमंत्री बोले: भारत ने रूस से तेल खरीद घटाई, ये अमेरिका सरकार की बड़ी जीत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने कहा है कि डोनाल्ड ट्रम्प सरकार भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ में से आधा टैरिफ हटाने पर विचार कर सकती है। उन्होंने अमेरिकी मीडिया वेबसाइट पालिटिको को दिए इंटरव्यू में कहा कि भारत ने रूस से कच्चा तेल खरीदना काफी कम कर दिया है, इसलिए टैरिफ में राहत देने की गुंजाइश बन रही है।

बेसेंट ने इसे अमेरिका की बड़ी जीत बताया और कहा कि भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत टैरिफ काफी असरदार रहा है और इसकी वजह से भारत की रूसी तेल खरीद घट गई है। उन्होंने कहा कि टैरिफ अभी भी लागू हैं, लेकिन अब इन्हें हटाने का रास्ता निकल सकता है। अमेरिका ने अगस्त 2025 में भारत पर दो बार टैरिफ लगाया था। पहली बार 1 अगस्त को व्यापार घाटे को लेकर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया। इसके बाद 27 अगस्त को रूस से तेल खरीदने की वजह से एक बार और 25 प्रतिशत टैरिफ



**पहली बार 1 अगस्त को व्यापार घाटे को लेकर 25% टैरिफ लगाया गया**

**ट्रम्प ने पहली बार अप्रैल 2025 में दुनिया पर ग्लोबल टैरिफ लगाया था**

लगाया गया। ट्रम्प ने पहली बार अप्रैल 2025 में दुनिया पर ग्लोबल टैरिफ लगाया था। बेसेंट ने यह भी कहा कि यूरोपीय देश भारत पर टैरिफ इसलिए नहीं लगा रहे हैं क्योंकि वे भारत के साथ बड़ा व्यापार समझौता करना चाहते हैं। साथ ही उन्होंने यूरोप पर आरोप लगाया कि वह भारत से रिफाइंड तेल खरी. दकर खुद ही रूस की मदद कर रहा है। बेसेंट रूसी तेल खरीदने पर लगने वाले 500 प्रतिशत टैरिफ प्रस्ताव पर बोल रहे थे। इसमें अमेरिका उन देशों पर 500 प्रतिशत तक टैरिफ लगा जा सकता है, जो रुस का तेल खरीदते हैं। बेसेंट ने कहा कि 500 प्रतिशत टैक्स लगाने का प्रस्ताव सीनेटर ग्राहम ने सीनेट में रखा है। हालांकि राष्ट्रपति ट्रम्प को इसकी जरूरत नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति के पास पहले से ही एक कानून (आईईईपीए) के तहत यह अधिकार है कि वे राष्ट्रीय आपात स्थिति का हवाला देकर दूसरे देशों पर भारी आर्थिक प्रतिबंध या टैक्स लगा सकते हैं। अमेरिका, पुतिन पर दबाव बढ़ाने के लिए भारत समेत कई देशों से कह रहा है कि वे रूस से तेल खरीद बंद करें। भारत ने इस दबाव को गलत और अनुचित बताया है और कहा है कि उसकी एनर्जी पालिसी देश के हितों के हिंसाब से तय होती है। पिछले हफ्ते दावोस में भी बेसेंट ने फाक्स न्यूज से कहा था कि ट्रम्प के 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद भारत ने तेल की खरीद काफी कम कर दी थी और अब लगभग बंद कर दी है। कुछ हालिया रिपोर्टों में कहा गया है कि भारत की कुछ निजी कंपनियों ने रूस से तेल इंपोर्ट कम किया है, लेकिन भारत सरकार का कहना है कि रूस से तेल की खरीद जारी है। दिसम्बर 2025 में भारत रूस से तेल खरीदने में तीसरे नंबर पर आ गया। तुर्की दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बन गया। तुर्की ने 2.6 बिलियन यूरो का तेल खरीदा। भारत ने दिसम्बर में रूस से 2.3 बिलियन यूरो यानी लगभग 23000 करोड़ रुपये का तेल खरीदा। नवम्बर में भारत ने 3.3 बिलियन यूरो यानी करीब 34700 करोड़ रुपये का तेल खरीदा था। चीन अब भी सबसे बड़ा खरीदार बना हुआ है, उसने दिसम्बर में रूस से 6 बिलियन यूरो यानी करीब 63100 करोड़ रुपये का तेल खरीदा। भारत की खरीद कम होने की सबसे बड़ी वजह रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी ने रूस से तेल खरीद करीब आधी कर दी।



जम्मू-कश्मीर। कुलगाम जिले के वानपोह के पास गणतंत्र दिवस समारोह से पहले जम्मू-कश्मीर राष्ट्रीय राजमार्ग पर निगरानी करते सुरक्षाकर्मी।

## दक्षिण कोलंबिया में धमाके से सात की मौत, आठ लोग घायल

**बोगोटा।** कोलंबिया के दक्षिणी नारिनो प्रांत के टुमाको के एक ग्रामीण इलाके में विस्फोट होने से सात लोग मारे गए जबकि आठ से ज्यादा घायल हो गए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट गुरुवार देर रात लोरेंटे जिले के एक गांव में हुआ, जो टुमाको से लगभग 25 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। नारिनो के गवर्नर लुइस अल्फोंसो एस्कोबार ने कहा कि विस्फोट के कारणों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह घटना सशस्त्र संघर्ष से संबंधित नहीं थी।

## अमेरिका में रखे स्वर्ण भंडार को वापस लाए बर्लिन, जर्मन सांसद ने जताई चिंता

**बर्लिन।** जर्मनी की एक सांसद ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की 'अनिश्चित और अप्रत्याशित' नीतियों का हवाला देते हुए अमेरिका में रखे देश के स्वर्ण भंडार को स्वदेश वापस लाने की मांग की है। जर्मनी की फ्री डेमोक्रेटिक पार्टी (एफडीपी) की सांसद मैरी-एग्नेस स्ट्रैक-जिम्मरमैन ने जर्मन पत्रिका डेर पीगल से कहा कि बढ़ती अनिश्चितताओं के बीच स्वर्ण भंडार को अमेरिका में रखना अब स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि भंडार की वापसी से जर्मनी की आर्थिक और सुरक्षा नीति में संप्रभुता मजबूत होगी। सुस्ट्रैक-जिम्मरमैन ने कहा कि मौजूदा वैश्विक हालात में यह कदम रणनीतिक जोखिम को कम कर सकता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के इस दौर में और राष्ट्रपति ट्रम्प की अप्रत्याशित अमेरिकी नीतियों के तहत यह अब स्वीकार्य नहीं है कि 1230 टन से अधिक की कीमत के जर्मनी के लगभग 37 प्रतिशत स्वर्ण भंडार न्यूयॉर्क में रखे जाएं। जर्मनी का केंद्रीय बैंक बुंडेसबैंक वर्तमान में न्यूयॉर्क स्थित अमे. रिकी केंद्रीय रिजर्व में 1236 टन सोना रखता है, जिसकी कीमत लगभग 178 अरब डॉलर आंकी गई है।

# ईरान पर हमला करने की तैयारी में अमेरिका!

## तेजी से बढ़ रहा जंगी बेड़ा, ईरानी नेता बोले: खाड़ी के सभी अमेरिकी मिलिट्री बेस हमारे निशाने पर

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान के खिलाफ सैन्य विकल्प पर विचार कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने ऐसे सैन्य विकल्पों की मांग की है, जिनका असर 'निर्णायक' हो। रक्षा मंत्रालय पेंटागन और व्हाइट हाउस ने इन पर काम करना शुरू कर दिया है। इनमें ईरानी शासन को सत्ता से हटाने की योजना भी शामिल है।

दूसरी तरफ आज अमेरिकी जंगी बेडा यूएस अब्राहम लिंकन भी मिडिल ईस्ट पहुंच सकता है। इसके चलते आशंका जताई जा रही है कि अमेरिका ईरान पर कोई अचानक सैन्य कार्रवाई कर सकता है। अमे. रिकी गतिविधियों के जवाब में ईरानी सुप्रीम काउंसिल के जावेद अकबरी ने कहा है कि मिडिल ईस्ट में अमेरिका के सभी सैन्य अड्डे ईरान के निशाने पर हैं। हमारी मिसा. इलें आदेश के इंतजार में दुश्मन पर गरजने को तैयार हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि अमे. रिकी जंगी जहाज यूएसएस अब्राहम लिंकन अरब सागर में ईरान की ओर तेजी से बढ़ रहा है। ईरान के कई शहर इसकी स्ट्राइक रेंज में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह अरब सागर में अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सीईएनसीओएम) के जोन में आ चुका है। साथ ही अमेरिका का सी 37-बी एयरक्राफ्ट भी ईरान के उत्तर में तुर्कमेनिस्तान के अशगाबाद बेस पहुंच गया है। यूएसएस अब्राहम लिंकन पहले साउथ चाइना सी में तैनात था। 18 जनवरी को यह मलक्का स्ट्रेट पार कर हिंद महासागर में दाखिल हुआ। यूएसएस अब्राहम लिंकन 20 नाट से ज्यादा की रफ्तार से आगे बढ़ा और बाद में अपनी लोकेशन छिपाने के लिए आटोमैटिक पहचान सिस्टम बंद कर दिया। इसी रफ्तार से चलने पर आज मिडिल ईस्ट में पहुंच सकता है। अब्राहम लिंकन के साथ कई डिस्ट्रायर जहाज और न्यूक्लियर पनडुब्बियां भी चल रही हैं। एयरक्राफ्ट कैरियर पर 48 से 60 एफ/ए-18 फाइटर जेट मौजूद हैं। ए बिना ईंधन भरे 2300 किलोमीटर दूर तक हमला कर सकते हैं। यूएसएस एयरफोर्स ने जार्डन में कम से कम 12 एफ-15 फाइटर जेट्स तैनात किए हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि और विमान भी रास्ते में हैं। 20 से 22 जनवरी के बीच अमेरिकी सी-17 सैन्य ट्रांसपोर्ट विमान कई बार जार्डन के मफराक अल-खवाजा एयरबेस पहुंचे। रिपोर्ट के मुताबिक इन विमानों से पैट्रियट-3 मिसाइल डिफेंस सिस्टम लाए गए हैं। इनका मकसद इजरायल को ईरान की जवाबी कार्रवाई से बचाना है, क्योंकि तेहरान पहले ही बदले की धमकी दे चुका है। इसके अलावा हिंद महासागर में स्थित डिएगो गार्सिया स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर लगातार कार्गो विमान उतर रहे हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि अमेरिका संभावित सैन्य आप. रेशन के लिए रसद और सैनिकों की तैनाती कर रहा है। एक अधिकारी ने रायटर्स को बताया कि मिडिल ईस्ट में अतिरिक्त एयर-डिफेंस सिस्टम तैनात करने पर भी विचार चल रहा है, ताकि इलाके में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को ईरान के संभावित हमले से बचाया जा सके। एक वरिष्ठ ईरानी सैन्य अधिकारी जनरल अली अब्दोल्लाही अलीअबादी ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका ने हमला किया तो मिडिल ईस्ट में उसके सभी सैन्य अड्डे और इजराल के केंद्र ईरान के निशाने पर होंगे। दूसरी तरफ इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गाड्र्स (आईआरजीसी) के कमांडर ने मोहम्मद पाकपुर ने कहा कि उनकी सेना की उंगली ट्रिगर पर है। गुरुवार को एक लिखित बयान में पाकपुर ने कहा कि ईरान की सेना पहले से ज्यादा तैयार है। इजरायल के अर्थव्यवस्था मंत्री नीर बरकात ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर ईरान ने इजरायल के खिलाफ फिर से कोई हमला किया, तो उसे पहले से 'सात गुना ज्यादा ताकत' से जवाब दिया जाएगा।



**हमारी मिसा. इलें आदेश के इंतजार में दुश्मन पर गरजने को तैयार हैं, ईरानी सुप्रीम काउंसिल ने रुख साफ किया**

### कनाडा को खा जाएगा चीन: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर 'गोल्डन डोम' बनाने का प्रस्ताव ठुकराने के लिए कनाडा की आलोचना करते हुए कहा है कि चीन उनके देश को 'खा सकता' है। ट्रम्प ने शनिवार को ट्रुथ सोशल पर साझा किए गए एक पोस्ट में कहा कि कनाडा ग्रीनलैंड पर गोल्डन डोम बनाने का विरोध कर रहा है, हालांकि यह कनाडा की रक्षा करेगा। इसके बजाए, उन्होंने चीन के साथ व्यापार करने का फैसला किया है जो उन्हें पहले ही साल में खा जाएगा। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका और कनाडा के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) में अपने भाषण में कहा था कि 'नियम-आधारित व्यवस्था' लुप्त होती जा रही है। उन्होंने यहां चीन के साथ सात अरब डॉलर के एक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें चीन की इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर टैरिफ हटाना भी शामिल था। इस बीच, ट्रम्प ने दावोस में अपने भाषण के दौरान कहा था कि कनाडा अमेरिका की वजह से जिंदा है। यह याद रखना, मार्क, अगली बार जब तुम बयान दो।

## जॉर्जिया में घरेलू हिंसा गोलीबारी, भारतीय मूल के चार लोगों की हत्या

**लॉरेंसविले।** अमेरिका के जॉर्जिया राज्य के ग्विनेट काउंटी में एक दिल दहला देने वाली घटना में पारिवारिक विवाद के बाद हुई गोलीबारी में भारतीय मूल के चार युवाओं की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार तड़के हुई इस वारदात के समय घर के भीतर तीन बच्चे भी मौजूद थे, जिन्होंने अलमारी के पीछे छिपकर अपनी जान बचाई और पुलिस को सूचना दी।

फॉक्स मीडिया ने बताया कि ग्विनेट काउंटी पुलिस विभाग को तड़के लगभग 2:30 बजे ब्रुक आइवी कोर्ट स्थित एक घर में गोलीबारी की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर अधिकारियों को घर के अंदर चार वयस्कों के शव मिले, जिन्हें गोलियां लगी थीं। पुलिस ने मृतकों की पहचान विजय कुमार की पत्नी मीमू डोगरा (43), गौरव कुमार (33), निधि चंदर (37) और हरीश चंदर (38) के रूप में की है। जांचकर्ताओं के अनुसार मुख्य आरोपी विजय कुमार (51) का पत्नी मीमू डोगरा के साथ अटलांटा स्थित उनके घर पर विवाद हुआ था। इसके बाद वे अपने 12 वर्षीय बच्चे के साथ लॉरेंसविले स्थित इस घर में पहुंचे,

**वारदात के समय घर के भीतर तीन बच्चे भी मौजूद थे, जिन्होंने अलमारी के पीछे छिपकर जान बचाई**

जहां उनके रिश्तेदार गौरव, निधि और हरीश दो अन्य बच्चों (उम्र सात और दस वर्ष) के साथ रहते थे। वहां पहुंचने के बाद भी विवाद नहीं थमा और विजय ने गोलीबारी शुरू कर दी। गोलियां चलते देख तीनों बच्चे अपनी जान बचाने के लिए एक अलमारी के पीछे छिप गए और सबसे बड़े 12 वर्षीय बच्चे ने 911 पर कॉल कर पुलिस को जानकारी दी। जब पुलिस पहुंची, तो उसने पाया कि आरोपी का वाहन वहीं मौजूद था। पुलिस ने श्वान दल की मदद से आरोपी को पास के जंगल से बिना किसी विरोध के उसे गिरफ्तार कर लिया। गनीमत रही इस घटना में बच्चों को कोई चोट नहीं आई और उन्हें परिवार के एक सदस्य को सौंप दिया गया है। पुलिस ने आरोपी विजय पर हत्या, गंभीर हमले और बच्चों के प्रति क्रूरता सहित कई संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया है। जांच में यह भी सामने आया है कि इस घर से पहले भी पुलिस सहायता के लिए कॉल की गई थीं।

# अफगान जंग पर ट्रम्प के बयान से नाराज यूरोपीय देश

## ट्रम्प बोले थे: नाटो अफगान में लड़ाई से दूर रहा, ब्रिटिश पीएम बोले: यह सैनिकों का अपमान

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अफगानिस्तान में यूरोपीय सैनिकों के बारे में दिए गए बयान को अपमानजनक और चौंकाने वाला बताया है। ट्रम्प ने फाक्स नेटवर्क के एक इंटरव्यू में कहा था कि अमेरिका को कभी नाटो गठबंधन की जरूरत नहीं पड़ी और यूरोपीय सहयोगी अफगानिस्तान में फ्रंट लाइन्स से पीछे रहे थे। उन्होंने दावा किया कि सहयोगी देशों ने कुछ सैनिक भेजे जरूर थे, लेकिन वे मुख्य लड़ाई से दूर रहे। इस बयान पर यूरोपीय देशों के नेताओं, पूर्व सैनिकों और शहीदों के परिवारों ने ट्रम्प के खिलाफ नाराजगी जताई।

स्टार्मर ने शुक्रवार को कहा कि मैं राष्ट्रपति ट्रम्प के इन बयानों को अपमानजनक मानता हूं। इससे उन लोगों के परिजनों को बहुत दुख पहुंचा है जिन्होंने अफगानिस्तान में अपनी जान गंवाई या घायल हुए। उन्होंने आगे कहा कि अगर खुद उन्होंने ऐसा कोई गलत बयान दिया होता तो वे लोगों से माफी मांगते। ब्रिटेन ने

**अगर खुद उन्होंने ऐसा कोई गलत बयान दिया होता तो वे लोगों से माफी मांगते: कीर**



अफगानिस्तान युद्ध में 457 सैनिक खोए, जो 1950 के दशक के बाद सबसे घातक विदेशी युद्ध था। ब्रिटिश प्रिंस हैरी ने कहा कि नाटो सैनिकों के बलिदान को सच्चाई और सम्मान के साथ याद किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, श्मैं वहां सेवा दे चुका हूं। मैंने आजीवन दोस्त बनाए और कई दोस्त खोए भी। प्रिंस हैरी ब्रिटेन के राजा चार्ल्स प्प्प के छोटे बेटे हैं और वे वेल्स के प्रिंस विलियम के छोटे भाई हैं। वे डड्यूक ऑफ ससेक्स के खिताब से जाने जाते हैं। प्रिंस हैरी ब्रिटिश आर्मी में सेवा दे चुके हैं, वे दो बार अफगानिस्तान में तैनात हुए थे। प्रिंस हैरी अपाचे हेलीकॉप्टर पायलट के रूप में काम कर चुके हैं। अफगानिस्तान युद्ध में उनकी सेवा काफी चर्चित रही और उन्होंने कई बार कहा है कि सेना ने उन्हें एक बड़ा मकसद दिया था। प्रिंस हैरी ने एक बयान जारी कर कहा कि नाटो के सैनिकों ने अनुच्छेद 5 के आह्वान पर जवाब दिया था। इन सैनिकों के बलिदानों को सच्चाई और सम्मान के साथ बोला जाना चाहिए। यूरा. ेपीय देश बोले: हमने साथ मिलकर लड़ाई की, इसे नहीं भुलाया जा सकता डच विदेश मंत्री डेविड वैन वील ने ट्रम्प के बयान को झूठा बताया। पोलैंड के पूर्व विशेष बल कमांडर और रिटायर्ड जनरल रोमन पोल्को ने कहा कि ट्रम्प ने हद पार कर दी है। उन्होंने कहा कि हमने इस गठबंधन के लिए खून बहाया, अपनी जानें दीं। हमने साथ मिलकर लड़ाई की लेकिन सभी घर नहीं लौटे। पोलैंड के रक्षा मंत्री व्लादिस्लाव को. सिनियाक-कामिश ने कहा कि पोलैंड के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

## ड्रग्स मिलने के बाद तीन ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों के खिलाफ मामला दर्ज

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के अधिकारियों ने थाईलैंड से 42 किलोग्राम अवैध ड्रग्स की तस्करी के प्रयास के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस और ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल ने शनिवार को एक संयुक्त बयान में कहा कि शुक्रवार को थाईलैंड से आ रही उड़ान से सिडनी हवाई अड्डे पर पहुंचते ही अधिकारियों ने तीन लोगों को रोक लिया। बाद में उनके सामान की तलाशी में कथित तौर पर अलग-अलग पैकेट में लिपटी हुई सफेद रंग की ईंटें मिलीं, जिनकी जांच में मेथम्फेटामाइन और हेरो. इन की पुष्टि हुई। एएफपी अधिकारियों ने 34 किलोग्राम हेरोइन और आठ किलोग्राम मेथम्फेटामाइन जब्त की।

## ईरान ने की यूरोपीय संसद के 'हस्तक्षेपकारी गैर जिम्मेदार' प्रस्ताव की निंदा

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को हालिया अशांति के दौरान मानवाधिकार उल्लंघनों को लेकर ईरानी शासन की आलोचना करने वाले यूरोपीय संसद के प्रस्ताव की कड़ी निंदा करते हुए उसे 'हस्तक्षेपकारी और गैर-जिम्मेदार' करार दिया।

यूरोपीय संसद ने गुरुवार को ईरानी जनता के प्रति 'पूर्ण एकजुटता' व्यक्त करते हुए ईरान सरकार पर मानवाधिकार उल्लंघनों का आरोप लगाया था और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कोर (आईआरजीसी) को आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने का आह्वान किया था। ईरान की ओर से जारी बयान में कहा गया कि यह प्रस्ताव 'झूठे और गलत' दावों पर आधारित है और इसमें नैतिक आधार का अभाव है।

**यह प्रस्ताव 'झूठे और गलत' दावों पर आधारित है और इसमें नैतिक आधार का अभाव है**

बयान में यूरोपीय संघ द्वारा ईरान पर लगाए गए प्रतिबंधों के समर्थन, अमेरिकी अवैध प्रतिबंधों के पालन और इजरायल के साथ कथित सैन्य कार्रवाइयों में मिलीभगत का हवाला दिया गया। ईरान ने कहा कि क्रूर प्रतिबंधों का समर्थन करने, ईरान पर अमेरिका के अवैध प्रतिबंधों का पालन करने और जून में देश के खिलाफ सैन्य आक्रामकता में इजरायल की कथित भूमिका के साथ खड़े रहने के कारण यूरोपीय संसद को मानवाधिकारों पर उपदेश देने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। बयान में कहा गया कि ईरान अपने नागरिकों की सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था और राष्ट्रीय संप्रभुता की रक्षा के लिए बाध्य है तथा किसी भी आतंकवादी कृत्य या विदेशी हस्तक्षेप के खिलाफ आवश्यक कदम उठाएगा। ईरान ने चेतावनी दी कि उसकी सशस्त्र और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ किसी भी 'अवैध और हस्तक्षेपकारी' निर्णय या रुख के जवाब में वह प्रतिकारात्मक कार्रवाई करेगा। गौरतलब है कि 28 दिसम्बर को ईरान के कई शहरों में रियाल मुद्रा के तेज अवमूल्यन के विरोध में प्रदर्शन शुरू हुए थे। ईरानी सरकार ने आर्थिक शिकायतों के समाधान की इच्छा जताई थी, लेकिन हिंसा, तोड़फोड़ और अशांति के खिलाफ चेतावनी भी दी थी। प्रारंभ में शांतिपूर्ण रहे ए प्रदर्शन धीरे-धीरे हिसक हो गए, जिनमें जान-माल का नुकसान हुआ।

## तापसी पन्नू की फिल्म 'अस्सी' का मोशन पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू की आने वाली फिल्म 'अस्सी' का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्मकार अनुभव सिन्हा की फिल्म 'अस्सी' एक ऐसा सवाल उठाती है, जो हर दिन हमारे सामने होता है, लेकिन जिसे हम अक्सर अनदेखा कर देते हैं।

मोशन पोस्टर के जरिए जैसे-जैसे फिल्म से जुड़ी और जानकारी सामने आ रही है, वैसे-वैसे इसके इरादे पूरी तरह स्पष्ट होते जा रहे हैं। टी-सीरीज, अपनी विविधतापूर्ण फिल्मोग्राफी में 'अस्सी' के जरिए एक नया रंग जोड़ता है। बनारस मीडिया वर्क्स के प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म में तापसी पन्नू मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। उनके साथ फिल्म में कनी कुसरुति, रेवती, मनोज पाहवा, कुमुद मिश्रा, जीशान अय्यूब अहम भूमिकाओं में हैं, जबकि नसीरुद्दीन शाह, सुप्रिया पाठक और सीमा भार्गव विशेष भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म 'अस्सी' एक बेबाक और सघन इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर है, जो एक तीव्र और प्रभावशाली कोर्टरूम ड्रामा के जरिए सामने आती है। फिल्म खत्म होने के बाद मन में सवाल रह जाता है कि क्या मुझे यह पहले नहीं पता था, या फिर पता होते हुए भी मैंने नजर. अंदाज कर दिया। न्याय जरूरी है, लेकिन उससे पहले न्याय की परिभाषा तय होनी चाहिए। क्या दोषी साबित किए गए लोग ही असली गुनहगार हैं। गुलशन कुमार और टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत और बनारस मीडियावर्क्स प्रोडक्शन की फिल्म 'अस्सी' को भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और अनुभव सिन्हा ने निर्मित किया है।

# अमेरिका के 18 राज्यों में बर्फीले तूफान का खतरा

## इमरजेंसी घोषित, 20 करोड़ लोगों पर संकट, 7000 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल

**वाशिंगटन।** अमेरिका में बर्फीले तूफान की चेतावनी के बाद 18 राज्यों में इमरजेंसी ने घोषित कर दी गई है। वहीं दो दिनों में 7000 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, 20 करोड़ यानी करीब दो-तिहाई अमेरिकी इस तूफान की चपेट में आ सकते हैं। तूफान के डर से लोग ग्रासरी स्टोर पर जमा हो रहे हैं। कई दुक. ानों में पानी, अंडे, मक्खन और मीट की कमी हो गई है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि तूफान के साथ भारी बर्फबारी, बारिश और ठंड आएगी, जिससे हालात बेहद खतरनाक हो सकते हैं। ट्रांसपोर्टेशन अधिकारियों ने वीकेंड पर यात्रा में देरी और



कैंसिलेशन की चेतावनी दी है। कई बड़े शहरों के एयरपोर्ट भी इससे प्रभावित हुए हैं। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटअवेयर के अनुसार, शनिवार को अमेरिका में 3200 से अधिक उड़ानें और रविवार को करीब 4800 से उड़ानें रद्द हुईं। अमेरिका में बर्फीले तूफान के कारण 15 राज्यों में चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक यह तूफान अमेरिका के हाई प्लेन्स से शुरू होकर धीरे-धीरे पूर्व की ओर बढ़ेगा। इसके असर से मेम्फिस, नैशविल, वाशिंगटन डीसी, बाल्टीमोर, फिलाडेल्फिया और न्यूयार्क जैसे बड़े शहरों में बर्फबारी होगी। सदर्न राकीज और प्लेन्स से लेकर मिड-अटलांटिक होते हुए नार्थ-ईस्ट तक भारी बर्फ गिरने का अनुमान है। एनडब्ल्यूएस के अनुसार, कोलोराडो से लेकर वेस्ट वर्जीनिया और बोस्टन तक कई इलाकों में 12 इंट से ज्यादा बर्फ पड़ सकती है। न्यूयार्क शहर के आसपास के कुछ हिस्सों में रविवार सुबह से सोमवार तक 10 से 14 इंच बर्फबारी हो सकती है और 30 मील प्रति घंटे की हवाएं चल सकती हैं। दक्षिण-पूर्वी अमे. रिका के बड़े हिस्से में भी जमने वाली ठंड होगी। अमेरिका के कई राज्य इस समय भीषण ठंडी हवाओं से जूझ रहे हैं। इसकी बड़ी वजह पोलर वोर्टेक्स (ध्रुवीय भंवर) को माना जा रहा है। पोलर वोर्टेक्स में हवाएं काउंटर क्लाकवाइज (घड़ी की उलटी दिशा) बहती हैं।

## जापान में निचला सदन भंग करने की विपक्ष ने की आलोचना

**टोक्यो।** जापान की कई विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची द्वारा निचले सदन (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) को भंग किए जाने की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि इस कदम का कोई 'औचित्य' नहीं है।

जापान के निचले सदन को शुक्रवार को औपचारिक रूप से भंग कर दिया गया। यह पिछले 60 वर्षों में पहली बार है, जब संसद के नियमित सत्र की शुरुआत के दिन ही निचले सदन को भंग कर दिया गया है। जापान की संसद का सामान्य सत्र शुक्रवार को ही शुरू हुआ था, जिसमें अप्रैल से शुरू होने वाले वित्त वर्ष 2026 के प्रारंभिक बजट पर चर्चा और उसे पारित करना प्रमुख कार्यसूची में शामिल था। निचले सदन को भंग किए जाने से बजट समीक्षा प्रक्रिया में उल्लेखनीय देरी की आशंका जताई जा रही है। क्योदो न्यूज के अनुसार, नवगठित प्रमुख विपक्षी दल सेंट्रिस्ट रिफॉर्म अलायंस के सह-नेता योशिहिको नोदा ने कहा कि जब देश गंभीर और तात्कालिक समस्याओं से जूझ रहा है, ऐसे समय में सदन भंग करने का कोई औचित्य नहीं बनता। उन्होंने कहा कि मुझे निचले संद को भंग करने का कोई ठोस कारण नजर नहीं आता। डेमोक्रेटिक पार्टी फॉर द पीपल के प्रमुख युइचिरो तमाकी ने कहा कि यह 'बेहद दुर्भाग्यपूर्ण' है कि अर्थव्यवस्था को नजरअंदाज करके निचला सदन भंग कर दिया गया है।


सभी देश वासियों को
गणतंत्र दिवस की
दिली मुबारकबाद
शमा परवीन
चेयरमैन
नगर पंचायत
छुटमलपुर
नावेद अहमद
ठेकेदार
नगर पंचायत
छुटमलपुर


देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की दिली
मुबारकबाद
जुनैद असगर
सभासद
अमीर आलम
सभासद


गणतंत्र
दिवस 2026 की
हार्दिक शुभकामनाएं
अभय सिंह राणा
वरिष्ठ भाजपा नेता, सहारनपुर


सभी देश वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रदीप
गुप्ता
मंडल महामंत्री
भारतीय जनता पार्टी
मंडल नेहट (सहारनपुर)
एवं पूर्व प्रधान ग्राम
पंचायत लतीफपुर
भूड़ (सहारनपुर)


सभी देश वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चौधरी
रामकुमार
(ग्रामप्रधान)
ग्राम पंचायत बरथा
कोरसी, विकास खंड
साढौली कदीम तहसील
बेहट (सहारनपुर)


सभी देश वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देवेन्द सिंह
राणा
भाजपा युवा मोर्चा
जिला उपाध्यक्ष व
डीसीडीएफ डायरेक्टर


गणतंत्र
दिवस 2026 की
हार्दिक शुभकामनाएं
संजय गर्ग
सचिन गर्ग


NHH
नोवस हर्बल हॉस्पिटल
पेट सम्बन्धी रोग
शरीर सम्बन्धी दर्द
100% प्राकृतिक उपचार
डॉ. सैफ निज़ामी
9719491800
निकट विश्वकर्मा चौक, बाईपास तिराहा, कस्बा नकुड़, जिला सहारनपुर


सभी देश वासियों को गणतंत्र
दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सतीश पुण्डीर
चैयरमेन
कोपरेटिव सहकारी समिति
बेहड़ा संदल सिंह


सभी देश वासियों को गणतंत्र
दिवस की
दिली मुबारकबाद
शायान
अहमद
सहारनपुर


सभी देश वासियों को गणतंत्र
दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय चौधरी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रामपुर बडकला,
ब्लाक साढौली कदीम, तहसील बेहट


सभी देश वासियों को गणतंत्र
दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नीरज पुण्डीर
वरिष्ठ समाजसेवी व
ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि
मुजफ्फराबाद


सभी देश वासियों को गणतंत्र
दिवस की
दिली मुबारकबाद
अब्दुल हसीब
नगर पंचायत
चेयरमैन प्रत्याशी
छुटमलपुर


सभी देश वासियों को गणतंत्र
दिवस की
दिली मुबारकबाद
राव मुर्तजा
छुटमलपुर


सभी देश वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. राव अजहर अली
डायरेक्टर
90588 08018
डा. राव आमिर
डायरेक्टर
राव सफदर जंग हॉस्पिटल देहरादून रोड़ छुटमलपुर


सभी देश वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ममता वैष्णव
भाजपा सभासद वार्ड 09
नगर पंचायत छुटमलपुर
भूपेंदर वैष्णव


सभी देश वासियों को गणतंत्र
दिवस की
दिली मुबारकबाद
फैजान
प्रधान ग्राम पंचायत नानका
विकास खंड पुंवारका
जनपद सहारनपुर


सभी देश वासियों को गणतंत्र
दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
मिथिलेश राठौर
महिला उपनिरीक्षक
थाना फतेहपुर
जनपद सहारनपुर


गणतंत्र दिवस
के शुभ अवसर पर
सभी देशवासियों को
हार्दिक बधाई
स्टार पेपर मिल्स लिमिटेड
STAR BRAND
DUNCAN GOENKA
आई.एस./आई.एस.ओ. 9001:2015 (क्यू.एम.एस.), आई.एस./ आई.एस.ओ 14001:2015 (ई.एम.एस.) एवं आई.एस./आई.एस.ओ. 45001:2018 (ओ.एच.एस.एम.एस.) कम्पनी
सहारनपुर-247001 (उ.प्र.), दूरभाष: 0132-2714101-10 (30 Channels)
9720108126, 9720108127, 9720304447, 9720304437
फैक्स: +91-132-2714225, ई.मेल: star.sre@starpapers.com


एस एस हेल्थ सेन्टर
सभी देशवासियों को गणतंत्र
दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
डा.सुमित शर्मा
पठेड, सहारनपुर


सभी देशवासियों को गणतंत्र
दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेश सैनी
वरिष्ठ लिपिक नगर
पालिका परिषद नकुड़
सहारनपुर


क्षेत्रवासियों
को गणतंत्र
दिवस की
दिली
मुबारकबाद
शाहिन नौशाद
प्रथम पार्षद वार्ड 63,
नगर निगम सहारनपुर


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
देव कुमार
सीओ डूडा विभाग, सहारनपुर


गणतंत्र दिवस की मुबारकबाद
सुहैल ठेकेदार


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
हाजी नासिर
वरिष्ठ समाजसेवी, सहारनपुर


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
खुशनुमा नूर आलम
पार्षद वार्ड 64 नगर निगम सहारनपुर


गणतंत्र दिवस की
शुभकामनाएं
शाहरूख
राव
मण्डी ठेकेदार


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
विनोद कुमार (अध्यक्ष)
मण्डी वर्कर्स यूनियन, सहारनपुर


With Best Compliments From: Happy Republic Day
BRIJ SERVICE STATION
Ambala Road, Saharanpur-247001 (U.P.)
BRIJ BHUSHAN FILLING STATION
Bus Stand, Nakur (Distt. Saharanpur) 247342 (U.P.)
DEALERS: HINDUSTAN PETROLEUM CORPORATION LTD.


गणतंत्र दिवस की मुबारकबाद
अब्दुल गफ्फार
सफाई नायक, नगर निगम


गणतंत्र दिवस की मुबारकबाद
मौ.एहतमाम
समाजसेवी- सहारनपुर


गणतंत्र दिवस की
शुभकामनाएं
लियाकत
अली
सीएलटीसी


गणतंत्र दिवस
की
शुभकामनाएं
राजकुमार
मुजफ्फरनगर वाले


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
सुमन भारती
मण्डी सचिव, सहारनपुर।


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
शाहगुल गुलजेब खान
पार्षद वार्ड 63 नगर निगम सहारनपुर


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
सन्तोष कुमार
मैनेजर डूडा विभाग, सहारनपुर


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
बृजमोहन
सफाई नायक नगर निगम सहारनपुर